THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 331 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.9 2081 शनिवार, 22 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

सिख विरोधी दंगा, सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। पीड़ित पक्ष ने सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की मांग की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था। उन पर 1984 में दंगों के दौरान सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या का दोषी पाया। वह पहले से ही दिल्ली कैंट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। इससे पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में जज कावेरी बावेजा ने शुक्रवार को बचाव पक्ष को 2 दिन में लिखित दलीलें पेश करने का निर्देश दिया।

'विवेकानंद का मंत्र लेकर आगे बढ़ना है'

मेरे पास 100 लीडर्स हों तो देश को नंबर वन बना सकता हूं : मोदी

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में एसओयूएल (स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप) कॉन्क्लेव के पहले एडिशन का इनॉगरेशन किया। प्रधानमंत्री ने कहा-किसी भी देश के निर्माण के लिए वहां के व्यक्ति यानी नागरिकों का विकास जरूरी है।

पीएम ने कहा-किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का विकास बहुत जरूरी है। यह समय की मांग है। इसलिए एसओयूएल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा-स्वामी विवेकानंद जी भारत को गुलामी से बाहर निकालकर बदलाव लाना चाहते थे। उनका विश्वास था कि

अगर 100 लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है।

एसओयूएल में भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी शामिल हुए हैं। उनके आने पर पीएम मोदी ने कहा-भूटान के राजा का आज जन्मदिन होना और हमारे यहां ये अवसर होना। ये अपने आप में सुखद संयोग हैं। भूटान के पीएम को यहां भेजने में बहुत बड़ा रोल है। इसके लिए मैं उनका भी हृदय से धन्यवाद करता हूं। पीएम ने कहा-आज हर भारतीय 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे 140 करोड़ देश में हर सेक्टर में, हर कार्यक्षेत्र में, जीवन के हर आधार में हमें उत्तम से उत्तम नेतृत्व की आवश्यकता है। कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये एसओयूएल प्रोग्राम भी ऐसा ही है।

नवाचार बढ़ाने वाले संसाधनों की आवश्यकता

उन्होंने कहा-किसी भी देश को प्रगति करने के लिए न केवल प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता होती है, बल्कि मानव संसाधनों की भी आवश्यकता होती है। 21वीं सदी में हमें ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार को बढ़ावा दे सकें और कौशल को प्रभावी ढंग से चैनल कर सकें। हमें वैज्ञानिक रूप से नेतृत्व विकास में तेजी लानी चाहिए।

भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है

पीएम ने कहा-भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है, और यह गति हर क्षेत्र में तेज हो रही है। इस वृद्धि को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए हमें विश्व स्तरीय नेताओं की आवश्यकता है। एसओयूएल संस्थाएं इस परिवर्तन में एक गेम-चेंजर हो सकती हैं। इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय संस्थान सिर्फ एक विकल्प नहीं हैं, बल्कि एक जरूरत हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा-आने वाले समय में जब हम डिप्लोमेसी से टेक इनोवेशन तक एक नई लीडरशिप को आगे बढ़ाएंगे तो सभी क्षेत्रों में भारत का प्रभाव कई गुना बढ़ जाएगा। यानी एक तरह से भारत का पूरा विजन और भविष्य एक मजबूत नेतृत्व पीढ़ी पर निर्भर है, इसलिए हमें ग्लोबल थिंकिंग और लोकल अप-ब्रिंगिंग के साथ आगे बढ़ना है।

फाइव स्टार होटल 'ताज बंजारा' सीज

> जीएचएमसी की सख्त कार्रवाई से मचा हड़कंप

> 1.4 करोड़ रुपये का संपत्ति कर बकाया का मामला

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संपत्ति कर का भुगतान न करने पर बंजारा हिल्स स्थित एक फाइव स्टार होटल 'ताज बंजारा' को ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार, बंजारा हिल्स स्थित इस होटल को नगर निगम अधिकारियों ने जब्त कर लिया है, क्योंकि कथित तौर पर 1.40 करोड़ रुपये का कर बकाया नहीं चुकाया गया था। बताया जा रहा है कि टैक्स की बकाया राशि जमा करने के लिए जीएचएमसी ने कई नोटिस जारी किए थे। होटल प्रबंधन द्वारा टैक्स का भुगतान न किए जाने पर होटल को जब्त करने का कदम उठाया गया।

गौरतलब हो कि जीएचएमसी हैदराबाद में वाणिज्यिक और आवासीय संपत्तियों से लंबित संपत्ति कर वसूलने के अपने प्रयासों को तेज कर रहा है। नागरिक

अधिकारियों ने एक सख्त प्रवर्तन अभियान शुरू किया है, जिसमें उन व्यवसायों और प्रतिष्ठानों को लक्षित किया गया है जिन पर काफी बकाया है। होटल की जब्ती को अन्य कर बकाएदारों के लिए एक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है जो बार-बार नोटिस के बावजूद भुगतान से बचते रहे हैं। जीएचएमसी सूत्रों के अनुसार, होटल प्रबंधन को पिछले कुछ महीनों में उनके बकाया करों के बारे में कई नोटिस भेजे गए थे। हालांकि, चेतावनियों के बावजूद, वे कथित तौर पर बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे, जिसके बाद नगर निगम अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई की। जीएचएमसी अधिकारियों ने कहा कि शहर में अन्य कर बकाएदारों के खिलाफ भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

पाकिस्तान के साथ हुई फ्लैग मीटिंग

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान ने शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सीमा पार से गोलीबारी और आईईडी हमले की कई हालिया घटनाओं के बाद तनाव कम करने को लेकर बात हुई। सूत्रों के मुताबिक, ब्रिगेड-कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग पॉइंट क्षेत्र में हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 75 मिनट लंबी बैठक सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और दोनों पक्ष सीमा पर शांति के व्यापक हित में संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए। 25 फरवरी, 2021 को दोनों देशों के बीच समझौते के नवीनीकरण के बाद से जम्मू और कश्मीर की सीमाओं पर संघर्ष विराम उल्लंघन दुर्लभ हो गया है। इससे पहले 11 फरवरी को जम्मू क्षेत्र के अखनूर सेक्टर में संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से किए गए एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) हमले में एक कैप्टन सहित दो भारतीय सेना के जवान मारे गए और एक अन्य घायल हो गया।

'हमारे मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक'

> चुनाव में यूएस फंडिंग वाले ट्रंप के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए।

संभल हिंसा में चार्जशीट दाखिल

संभल, 21 फरवरी (एजेंसियां)। संभल जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा में मामले में दर्ज मुकदमों में से छह में पुलिस ने बृहस्पतिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने इन छह मुकदमों के 208 आरोपियों के खिलाफ 4175 पन्ने में आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें चार आरोपपत्रों में से चार संभल कोतवाली में दर्ज मुकदमों के और दो नखासा थाने में दर्ज केस के हैं।

19 नवंबर 2024 को सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य कुमार की कोर्ट ने में संभल की जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा किया गया था। इसी दिन न्यायालय ने रमेश सिंह राघव को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर दिया था और उन्होंने शाम को मस्जिद का सर्वे किया। इसके बाद 24 नवंबर की सुबह 7.30 बजे जब कोर्ट कमिश्नर डीएम और एसपी की मौजूदगी में मस्जिद का दोबारा सर्वे करने पहुंचे तो बवाल हो गया। हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी और काफी संख्या में पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। इसको लेकर बवाल में सात एफआईआर दर्ज हुई थीं। जिसमें पांच एफआईआर कोतवाली संभल और दो थाना नखासा में हुई थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने नार्को टेरर केस में आरोपों को बताया गंभीर

> आरोपी की जमानत याचिका की खारिज

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। देश की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को अटारी में 2,700 करोड़ रुपये मूल्य की 532 किलोग्राम हेरोइन और 52 किलोग्राम मिश्रित नशीले पदार्थों की जब्ती से संबंधित कथित नार्को आतंकवाद मामले में एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस एमएम सुंदरेश और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने तारिक अहमद लोन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस की दलीलों से सहमत होने से इनकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें जमानत दी जानी चाहिए क्योंकि उनके पास से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। पीठ ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा, आरोप बहुत गंभीर हैं। बता दें कि, आरोपियों पर 2019 में अटारी

एकीकृत चेक पोस्ट के माध्यम से पाकिस्तान से भारत में प्रतिबंधित पदार्थ की तस्करी करने का आरोप लगाया गया था और उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था। जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा के निवासी तारिक अहमद लोन ने मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 4 अक्तूबर, 2024 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया। मोहाली की एक विशेष एनआईए अदालत ने 11 फरवरी, 2021 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। वकील कॉलिन गोंजाल्विस ने आगे तर्क देते हुए जमानत मांगी कि जिस ट्रक में प्रतिबंधित पदार्थ कथित तौर पर तस्करी करके लाए गए थे, वह गोदाम उनके मुवक्किल का नहीं था। उन्होंने कहा कि मामले में चार सह-आरोपियों को जमानत दी गई थी।

भाजपा बोली-राहुल गांधी एंटी इंडिया फोर्स का हिस्सा

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका से मिलने वाले फंड (यूएसएआईडी) का इस्तेमाल भारत की चुनावी प्रक्रिया में दखल देने के लिए किया जा रहा था। ट्रम्प के इस बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि, 'लोकसभा चुनाव से पहले कई पत्रकारों और संगठनों ने भी कहा था कि विदेशी शक्तियां भारत की चुनावी प्रक्रिया में दखल देती हैं। इनका लक्ष्य होता है कि पीएम मोदी को कैसे हटाया जाए।'उन्होंने कहा-कांग्रेस का हाथ भारत के दुश्मनों के साथ है। राहुल गांधी पीएम मोदी से नफरत करते-करते भारत से भी नफरत करने लगे हैं। राहुल गांधी एंटी-इंडिया फोर्स का हिस्सा बन गए हैं और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। भाजपा ने दावा किया कि राहुल गांधी का मकसद देश को कमजोर करना है और उन्होंने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। राहुल ने अमेरिकी सांसद इल्हान उमर के साथ मुलाकात की जो भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कांग्रेस पर विदेशी ताकतों से सांठगांठ करने और भारत में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया।

'भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला करने वाले किए जाएं बेनकाब'

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यूएसएआईडी की तरफ से कथित तौर पर किए जा रहे वित्तपोषण पर चिंता जताते हुए कहा कि जिन लोगों ने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर इस तरह के हमले की अनुमति दी, उनका पर्दाफाश किया जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी ताकतों पर प्रतिघात करना लोगों का 'राष्ट्रीय कर्तव्य' है।

वहीं मियामी में एक समारोह को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार (अमेरिकी समयानुसार) एक बार फिर भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर के यूएसएआईडी फंडिंग पर सवाल उठाया और कहा 'मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) किसी और को निर्वाचित करने की कोशिश कर रहे थे'। इधर दिल्ली में ध्यान पर एक

कार्यक्रम में बोलते हुए, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यूएसएआईडी फंडिंग पर टिप्पणी एक अधिकारी व्यक्ति की ओर से आई थी और यह एक तथ्य है कि पैसा दिया गया था। विवाद की जड़ तक पहुंचने के लिए चाणक्य नीति को अपनाना चाहिए, इसकी जड़ में जाना चाहिए और इसे जड़ से नष्ट करना चाहिए। इसके साथ पता लगाना चाहिए वो कौन लोग हैं जिन्होंने इस प्रकार के आक्रमण को स्वीकार किया, हमारे प्रजातान्त्रिक मूल्यों के ऊपर कुठाराघात किया। उन ताकतों पर प्रतिघात करना हमारा राष्ट्र धर्म है। उनको बेनकाब करना होगा क्योंकि तभी भारत शिखर पर जाएगा। पिछले हफ्ते, अरबपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने 'भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवंटित 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर समेत खर्च में कटौती की घोषणा की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी मामले में आदेश वापस लिया

पुलिस से पूछा-क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित?

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा गया था। कोर्ट ने इसकी बजाय यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को तय की। आदेश वापस लेने का वाकया तब हुआ, जब अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि राज्य ने मामले में गलत हलफनामा दाखिल किया है और अब्बास अंसारी के खिलाफ कुछ भी लंबित नहीं है। यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि उन्हें मामले पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है।

आतिशी-पूर्व मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ हटाए गए

24 से 27 फरवरी तक विधानसभा का सत्र, अरविंदर सिंह लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है। इसके अलावा आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को दूसरी जगह नियुक्त किया था उन्हें फौरन अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज दोपहर सचिवालय पहुंची और मंत्रियों-अफसरों के साथ मीटिंग की। इसमें दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को खास तौर पर बुलाया गया था। मीटिंग में खराब सड़कों, पानी और मुहल्ला क्लिनिक को मॉडिफाई करने पर चर्चा हुई। इसके बाद वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिलीं। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने पहली कैबिनेट मीटिंग में दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करने पर मुहर लगाई। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी से विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इसमें स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पर फैसला हो सकता है। नए विधायक भी इसी दिन शपथ लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे।

सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी, जांच के लिए कराया गया था भर्ती

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उन्हें गुरुवार को तबियत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि सोनिया गांधी के भर्ती होने का सही समय या कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। कहा ये भी जा रहा है कि डेली रूटीन के चेकअप के लिए अस्पताल गईं थीं। सर गंगा राम अस्पताल के प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ अजय स्वरूप की माने तो उन्हें आज पेट से संबंधित किसी समस्या के कारण भर्ती कराया गया था। हालांकि, कोई बड़ी चिंता की बात नहीं थी और पूरी संभावना है कि उन्हें शुक्रवार सुबह तक छुट्टी दे दी जाएगी। वह गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ। समीरन नंदी की देखरेख में थीं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी दिसंबर 2024 में 78 साल की हो गई हैं। बढ़ती उम्र के कारण ही उन्होंने लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला लिया था। वे लोकसभा चुनाव के पहले ही राज्यसभा की सदस्य निर्वाचित हो चुकी थीं। सोनिया के संसदीय क्षेत्र रायबरेली से उनके बेटे राहुल गांधी ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। उनकी तबीयत कई बार खराब हो चुकी है।साल 2023 फरवरी और मार्च महीने में भी सोनिया गांधी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने विशेषाधिकार का प्रयोग कर कराया तलाक

कहा- 'शादी टूटने का मतलब जीवन का अंत नहीं'

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने पति-पत्नी के बीच विवाद के मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि शादी टूटने का मतलब यह नहीं होता कि जीवन खत्म हो चुका है। लड़का और लड़की शांतिपूर्वक रहते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए तलाक की अनुमति दे दी और इस विवाद से जुड़े 17 केस भी खत्म कर दिए। न्यायमूर्ति अभय ओका की अगुवाई वाली पीठ ने मई 2020 में हुई शादी को भंग कर दिया। पति-पत्नी ने एक-दूसरे के खिलाफ कुल 17 केस दायर किए थे, जिनमें प्रताड़ना सहित अलग-अलग मामले शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने सभी 17 केस खत्म करते हुए दोनों को आगे बढ़ने की सलाह दी। आमतौर पर तलाक के मामलों की सुनवाई फैमिली कोर्ट में होती है। यहां पति-पत्नी को आपसी सहमति से तलाक लेना पड़ता है या एक-दूसरे के खिलाफ आरोप साबित करने पड़ते हैं। इसमें कम से कम छह महीने का समय लगता है।

सालगिरह से पहले आई तलाक की नौबत

अदालत ने कहा, दोनों पक्ष युवा हैं। उन्हें अपने भविष्य की ओर देखना चाहिए। अगर शादी विफल हो गई है, तो यह दोनों के लिए जीवन का अंत नहीं है। उन्हें आगे देखना चाहिए और एक नया जीवन शुरू करना चाहिए। अदालत ने कहा कि दम्पति से अनुरोध है कि वे अब शांतिपूर्वक रहें और जीवन में आगे बढ़ें। अदालत ने इसे उन दुर्भाग्यपूर्ण मामलों में से एक बताया, जहां शादी के एक साल के भीतर ही पत्नी ने अपने पति और ससुराल वालों पर लगातार उत्पीड़न का आरोप लगाया। शादी की सालगिरह से पहले ही पत्नी को अपना ससुराल छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

कोर्ट ने किया विशेषाधिकार का प्रयोग

अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों को सलाह दी कि इन मुकदमों को लड़ना व्यर्थ होगा, क्योंकि ये कई साल तक खिंच सकते हैं। इसके बाद, वकीलों ने अदालत से अनुरोध किया कि वह तलाक के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने अधिकार का प्रयोग करें। साल 2020 में शादी के बाद से ही महिला अपने माता-पिता के घर पर रह रही है, क्योंकि पति-पत्नी के बीच संबंध खराब हो गए थे।

सरकारी टीचर को महीनों से नहीं मिली सैलरी

मजबूरी में मजदूरी करने के लिए मांगी छुट्टी

बलांगीर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के बलांगीर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी स्कूल के टीचर को पिछले तीन महीने से सैलरी नहीं मिली। टीचर का पूरा परिवार उनकी सैलरी पर ही डिपेंड है। ऐसे में सैलरी न आने की वजह से उनके परिवार पर आर्थिक संकट आ गया। अब टीचर तनख्वाह न मिलने की वजह से मजदूरी करने को मजबूर हो गए और मजदूरी करने के लिए उन्होंने स्कूल से छुट्टी के लिए प्रिंसिपल को आवेदन दिया। यह मामला ओडिशा के बलांगीर जिले के पुइनताला ब्लॉक अंतर्गत बंधनबहाल सरकारी प्राथमिक विद्यालय का है। यहां कार्यरत सहायक शिक्षक प्रभुदत्ता साहू को बीते तीन महीनों से वेतन नहीं मिला, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई। प्रभुदत्ता साहू का परिवार उनकी नौकरी से मिलने वाली आय पर ही निर्भर हैं, लेकिन बीते तीन महीने से वेतन न मिलने की वजह से भारी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और मजदूरी करने पर मजबूर हो गए हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने मजबूर होकर स्कूल के प्रिंसिपल को छुट्टी का आवेदन दिया, जिसमें उन्होंने मजदूरी करने की बात लिखी। छुट्टी आवेदन में उन्होंने बताया कि जब तक उन्हें वेतन नहीं मिलता। तब तक वो हफ्ते के कुछ दिन स्कूल में पढ़ाएंगे और कुछ दिन मजदूरी करेंगे। ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। प्रिंसिपल ने भी मजबूर टीचर प्रभुदत्ता साहू की छुट्टी आवेदन को स्वीकार कर लिया। स्कूल के प्रिंसिपल के प्रभुदत्ता साहू की छुट्टी को स्वीकृत करने के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो

कोर्ट ने सीबीआई के पूरक आरोपपत्र पर फैसला सुरक्षित रखा

लालू समेत 78 लोगों पर लगाए गए हैं आरोप

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने केंद्रीय अन्वेषण एजेंसी (सीबीआई) के पूरक आरोप पत्र पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इसमें लालू प्रसाद यादव समेत 78 लोगों के खिलाफ आरोप हैं। यह मामला 2004-2009 के बीच रेलवे में नौकरियों के बदले जमीनों के लेन-देन से जुड़ा है। दिल्ली की अदालत 25 फरवरी को तय करेगी कि पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और अन्य से जुड़े नौकरी के बदले जमीन मामले में दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं? इससे पहले विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने को शुक्रवार को मामले पर निर्णय लेना था, लेकिन उन्होंने कुछ बिंदुओं पर सीबीआई की दलील सुनने के बाद मामले की सुनवाई 25 फरवरी को स्थगित कर दी।

सीबीआई से कुछ सवाल किए

न्यायाधीश ने 30 जनवरी को आरोप-पत्र में दर्ज आरोपों में समानता और विशिष्टता के तत्वों के संबंध में सीबीआई से कुछ सवाल किए। न्यायाधीश के सवाल सीबीआई की इस दलील को लेकर खड़े हुए कि उसे लोक सेवक आरके महाजन पर मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी मिल गई है।

16 जनवरी को कही थी यह बात

इससे पहले 16 जनवरी को न्यायाधीश ने कहा था कि यदि महाजन के खिलाफ मंजूरी 30 जनवरी तक संसाधित नहीं की जाती है, तो सक्षम प्राधिकारी सुनवाई की अगली तारीख तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करेगा। सीबीआई ने 26 नवंबर, 2024 को मामले में 30 आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवश्यक मंजूरी अदालत के समक्ष दाखिल की थी, जबकि यह बताया गया कि महाजन के खिलाफ मुकदमा चलाने के संबंध में मंजूरी का अभी भी इंतजार है।

क्या है मामला?

अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला 2004 से 2009 के बीच प्रसाद के रेल मंत्री के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। इसके बदले में राजद सुप्रीमो के परिवार या सहयोगियों के नाम पर भूमि के टुकड़े दिए गए थे। एजेंसी ने 18 मई, 2022 को लालू और उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और निजी व्यक्तियों सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

गुजरात के कच्छ में भीषण हादसा ट्रक से टक्कर में बस के उड़े परखच्चे 9 लोगों की मौत

भुज, 21 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के कच्छ जिला स्थित भुज में भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक निजी बस और ट्रक के बीच टक्कर से नौ लोगों के मारे जाने की खबर है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में कई लोग घायल हुए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना केरा और मुंद्रा के बीच हुई। जिसमें एक निजी बस और ट्रक के बीच दुर्घटना हो गई।

बस में 45 से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग वहां पहुंचे। दुर्घटना में घायल 38 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना की सूचना पुलिस और 108 टीम को दे दी गई है।

70वीं बीपीएससी से संबंधित याचिका पर पटना हाईकोर्ट में आज नहीं हुई सुनवाई

अब 4 मार्च का करना होगा इंतजार

पटना, 21 फरवरी (एजेंसियां)। 70वीं बीपीएससी परीक्षा से संबंधित पप्पू कुमार और अन्य द्वारा दायर याचिका पर आज (शुक्रवार) पटना हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब सुनवाई 4 मार्च को पटना हाईकोर्ट में सुनवाई की तारीख है। पटना हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य सरकार और बीपीएससी की तरफ से जवाब दिया जा चुका है। अब अगली सुनवाई पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। दरअसल पूरा मामला 70वीं बीपीएससी की पीटी परीक्षा से जुड़ा हुआ है। परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए एग्जाम रद्द करने और री-एग्जाम की मांग को लेकर बीपीएससी अभ्यर्थियों की ओर से याचिका दायर की गई है। पूर्व में जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की एकलपीठ ने सुनवाई की थी। अदालत ने परीक्षा परिणाम की घोषणा पर रोक लगाने, परीक्षा रद्द करने से मना कर दिया था और कहा था कि यह अंतिम निर्णय पर निर्भर करेगा। बता दें कि 70वीं बीपीएससी की पीटी परीक्षा का रिजल्ट जारी हो चुका है। दूसरी तरफ अभ्यर्थियों का पटना के गर्दनीबाग में धरना प्रदर्शन जारी है। इसी बीच लोकप्रिय शिक्षक खान सर ने दावा किया है कि उनके पास धांधली के सबूत है। जल्द दोबारा परीक्षा ली जाएगी। आयोग किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार कर रहा है और दोबारा परीक्षा की मांग को नकार चुका है।

मुख्य परीक्षा का शेड्यूल भी हो गया जारी

परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों के चल रहे आंदोलन के बीच बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से 70वीं बीपीएससी की मुख्य परीक्षा का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। 25 अप्रैल, 26 अप्रैल, 28 अप्रैल, 29 अप्रैल और 30 अप्रैल को मुख्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर आयोग की ओर से अधिसूचना जारी हो गई है। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थी 21 फरवरी से मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 मार्च है।

आत्महत्या या हत्या की साजिश? घर पर महिलाओं की मौत, कार हादसे में पुरुष घायल गुत्थी सुलझा रही पुलिस

कोलकाता, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कोलकाता में एक ही परिवार की तीन महिलाओं के घर में मिल शव और पुरुषों के सड़क हादसे में घायल होने की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। बता दें कि, पश्चिम बंगाल की राजधानी में लोग इस वारदात से सहम गए हैं। इस मामले में कोलकाता पुलिस के सूत्रों का कहना है कि, एक घर में दो महिलाओं और एक लड़की की मौत आत्महत्या नहीं हो सकती है। पुलिस ने बताया कि महिलाओं की कलाई कटी हुई पाई गई। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अन्य चोटों के भी संकेत मिले हैं। दोनों के गले पर कट के निशान थे और भारी रक्तस्राव के बाद उनकी मौत हो गई। लड़की, जो 14 साल की थी, के सीने, पैरों, होठों और सिर पर चोट के निशान थे। रिपोर्ट के हवाले से सूत्रों ने बताया कि उसे जहर भी दिया गया था।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

आरोपी जीशान देश से भागा, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जानकारी

जालंधर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का आरोपी जीशान अख्तर विदेश भाग गया है। उसको भारत से निकालने में पाकिस्तान के डॉन शहजाद भट्टी ने मदद की है। इसका खुलासा जीशान अख्तर की वायरल वीडियो से हुआ है। जीशान जालंधर में नकोदर के शंकर गांव का रहने वाला है। वह टारगेट किलिंग, हत्या, डकैती सहित 9 मामलों में वांटेड है। 7 जून 2024 के वह जेल से बाहर आया था। जेल में ही उसकी मुलाकात लॉरेंस गैंग के प्रमुख गैंगस्टर और शूटर विक्रम बराड़ से हुई थी। उसके जरिए वह लॉरेंस गैंग के साथ जुड़ा था। गैंगस्टर लॉरेंस से मिली हिदायत के बाद जीशान ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की। जीशान पिता के हुए अपमान का बदला लेने के लिए क्रिमिनल बना। यह बात उसने पंजाब पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में कबूली थी। जीशान ने गैंगस्टर विक्रम बराड़ के कहने पर सौरभ महाकाल के साथ तरनतारन में पहली हत्या की थी। सौरभ वही व्यक्ति है, जो सलमान खान के घर धमकी भरा पत्र फेंकने और सिद्धू मूसेवाला की हत्या में हथियार मुहैया करने से लेकर उन्हें रहने के लिए जगह मुहैया करवाने में शामिल था। मुंबई पुलिस उसे पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वीडियो में जीशान दावा कर रहा है कि वह एशिया छोड़ चुका है। साथ ही उसने विरोधियों को चेतावनी दी है कि सिक्योरिटी काम नहीं आएगी। निकल जाओ, जहां निकलना है। हालांकि, अभी तक यह क्लियर नहीं है कि अख्तर इस वक्त किस देश में है और किसके साथ है? जीशान अख्तर को पंजाब पुलिस ने एक माह पहले तक ट्रैक किया था। इस दौरान उसकी आखिरी लोकेशन नेपाल के पास मिली थी। गौरतलब है कि मुंबई में बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

'आप पतली, स्मार्ट और गोरी हैं'

महिला को ऐसे मैसेज भेजना अश्लीलता; कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

मुबंई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के दिंडोशी के सत्र न्यायालय ने एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि को किसी अनजान महिला को आप पतली हैं, बेहद स्मार्ट और गोरी दिखती हैं।।। मैं आपको पसंद करता हूं। इस तरह के मैसेज भेजना अश्लीलता के समान है। न्यायाधीश ने कहा कि ये संदेश महिला की गरिमा का अपमान है। दिंडोशी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डीजी ढोबले ने आरोपी की सजा को बरकरार रखा। अदालत ने 18 फरवरी के आदेश में कहा गया कि अश्लीलता का मूल्यांकन समकालीन सामुदायिक मानकों को लागू करने वाले औसत व्यक्ति के नजरिए से किया जाना चाहिए। आरोपी व्यक्ति पर एक पूर्व पार्षद को व्हाट्सएप पर अश्लील संदेश भेजने का आरोप लगा था।

मैसेज में आरोपी ने क्या लिखा?

अदालत ने पाया कि शिकायतकर्ता को रात 11 बजे से 12:30 बजे के बीच व्हाट्सएप पर तस्वीरें और संदेश भेजे गए थे। संदेश में लिखा था, "आप पतली हैं, बहुत स्मार्ट दिखती हैं, आप गोरी हैं।।। मेरी उम्र 40 साल है, आप क्या शादीशुदा हैं या नहीं? मैं आपको पसंद करता हूं"।

ऐसे संदेश कोई बर्दाश्त नहीं करेगा अदालत ने कहा कि कोई भी विवाहित महिला या उसका पति ऐसे व्हाट्सएप संदेशों और अश्लील तस्वीरों को बर्दाश्त नहीं करेगा। खासकर तब जब भेजने वाला और शिकायतकर्ता एक-दूसरे को नहीं जानते हों। अदालत ने कहा कि आरोपी ने ऐसा कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं लाया, जिससे उनके बीच कोई संबंध साबित हो सके।

मजिस्ट्रेट की अदालत से हो चुकी सजा

अदालत ने कहा कि यह संदेश और कृत्य महिला की गरिमा का अपमान करने के समान है। बता दें कि आरोपी को 2022 में मजिस्ट्रेट अदालत ने दोषी ठहराया था। उसे तीन महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। हालांकि बाद में उसने फैसले को सत्र न्यायालय में चुनौती दी। कोर्ट ने दलीलों को किया खारिज अदालत में आरोपी ने दावा किया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की वजह से मामले में झूठा फंसाया गया है। हालांकि अदालत ने उसकी दलील को खारिज कर दिया और कहा कि यह किसी भी सबूत से साबित हो रहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कोई भी महिला किसी आरोपी को झूठे मामले में फंसाकर अपनी गरिमा को दांव पर नहीं लगाएगी।

ट्रायल कोर्ट का फैसला सही

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि अभियोजन पक्ष ने साबित कर दिया है कि आरोपी ने महिला को अश्लील व्हाट्सएप संदेश और तस्वीरें भेजी थीं। ट्रायल कोर्ट (मजिस्ट्रेट) का फैसला सही है।

'रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी को झूठा साबित कर दिया'

महिला समृद्धि योजना पर आतिशी का हमला

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व सीएम आतिशी ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने महिलाओं को लेकर जो वादा किया था उसे पहली कैबिनेट में पूरा नहीं किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को आतिशी ने कहा, "31 जनवरी 2025 को चुनाव से पहले मोदी जी ने द्वारका में एक रैली की। जिसमें उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली की बहनों से कहूंगा कि आपका फ़ोन नंबर आपके खाते से लिंक है कि नहीं तो करवा लें। पहली कैबिनेट बैठक में बहनों के खाते में 2500 रूपये जमा करने का फ़ैसला हो जाएगा। लेकिन कल शाम को 7 बजे कैबिनेट की बैठक हुई और उसमें महिलाओं को 2500 रुपये देने का फैसला पारित नहीं हुआ।" आतिशी ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता ने मोदी जी को झूठा साबित कर दिया। उन्होंने साबित कर दिया कि मोदी की गारंटी जुमला होती है। जेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि पहली कैबिनेट बैठक में ये योजना पारित हो जाएगी। रेखा गुप्ता ने जेपी नड्डा को भी झूठा साबित कर दिया। रेखा गुप्ता ने अमित शाह जी को गलत साबित कर दिया है। पहले दिन ही रेखा जी मोदी जी से पूछ रही हैं कि आप एजेंडा सेट करने वाले कौन होते हैं। वहीं, बीजेपी ने विधानसभा के पहले सत्र में कैग की रिपोर्ट पेश करने की घोषणा की है। इस पर आतिशी ने कहा, " मैंने ही सीएम रहते हुए तब के स्पीकर रामनिवास गोयल को भेजी थी। ये रूटीन प्रोसेस है। जो रिपोर्ट स्पीकर को भेजी जाती है उसे आना वाले सेशन में पेश किया जाता है।" नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। वहीं, महिला समृद्धि योजना को लेकर रेखा गुप्ता ने बताया कि इसे 8 मार्च यानी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन लागू किया जाएगा।

इस शख्स के शरीर में हैं पांच किडनियां, काम करती है सिर्फ एक

बाकी चार के पीछे क्या है साइंस



बेंगलूरू, 21 फरवरी (एजेंसियां)। हर किसी की बॉडी में दो किडनी होती हैं। लेकिन लोग एक किडनी किसी जरूरतमंद को दान भी कर सकते हैं। क्योंकि एक किडनी से भी हमारी बॉडी काम कर सकती है। मगर नई दिल्ली में 47 साल के साइंटिस्ट देवेंद्र बारलेवार के शरीर में दो नहीं बल्कि पांच किडनी हैं। यह सुनकर हैरानी हुई न? मगर ये सच है। देवेंद्र केंद्रीय रक्षा मंत्रालय में बतौर साइंटिस्ट काम करते हैं। देवेंद्र के शरीर में पांच किडनी कैसे हैं, इसका जवाब हम आपको बताते हैं। दरअसस, देवेंद्र बारलेवार का तीन बार किडनी ट्रांसप्लांट हो चुका है। उनकी पांच में से सिर्फ एक ही किडनी काम करती है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, देवेंद्र बारलेवार लंबे समय से क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) से ग्रस्त थे। उन्हें समय-समय पर डायलिसिस की जरूरत पड़ रही थी। ऐसे में साल 2010 में डॉक्टरों ने बारलेवार का सबसे पहला किडनी ट्रांसप्लांट किया था। उन्हें पहली किडनी उनकी मां से मिली थी। ये किडनी ट्रांसप्लांट सफल रहा था और लगभग एक साल उन्हें डायलिसिस की जरूरत नहीं पड़ी। साल 2012 में देवेंद्र का दूसरा ट्रांसप्लांट किया गया था। इस बार उनके एक रिश्तेदार ने उन्हें किडनी दान दी थी। साल 2022 तक सब सही चल रहा था और किडनी सही से काम कर रही थी। लेकिन कोविड होने के कारण बारलेवार फिर से डायलिसिस पर जाने के लिए मजबूर हो गए। जब से वो डायलिसिस के सहारे ही अपनी जिंदगी काट रहे थे। हालांकि साल 2023 में एक मृत ने अपना अंग दान किया और एक बार फिर से देवेंद्र बारलेवार को अमृता अस्पताल में वरिष्ठ सलाहकार और यूरोलॉजी के प्रमुख डॉ। अनिल शर्मा ने इस साल जनवरी में किडनी का सफल ट्रांसप्लांट किया। करीब 10 दिन बाद बारलेवार को अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई। अब उनकी किडनी सामान्य रूप से काम कर रही थी। डॉक्टरों के अनुसार, दान की गई तीसरी किडनी बारलेवार की खुद की किडनी और अन्य ट्रांसप्लांट किडनी के बीच दाईं ओर लगाई गई है।

महिलाओं के लिए नहीं अब पुरुषों के लिए छोड़नी होगी सीट

इस राज्य की सरकार ने लिया फैसला

बेंगलूरू, 21 फरवरी (एजेंसियां)। "बस में महिला यात्रियों के लिए आरक्षित सीटें उनके लिए छोड़ दी जाएं", "महिलाएं सीट..." बस और मेट्रो में सफर करते हुए आपने सीट के ऊपर इस तरह के संदेश लिखे जरूर देखें होंगे। अगर आप महिलाओं के लिए आरक्षित सीट पर बैठकर यात्रा करते हैं, तो आपको जुर्माना देना पड़ जाता है। कई बार महिलाओं की सीट पर तो महिलाएं बैठी होती ही हैं, साथ ही पुरुषों की सीट पर भी महिलाएं बैठी होती हैं। ऐसे में महिलाओं को तो सीट मिल जाती है, लेकिन पुरुषों को सीट नहीं मिलती। कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं में से एक शक्ति योजना के बाद बसों में महिलाओं की संख्या काफी बढ़ गई है। क्योंकि इस योजना के तहत महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त है। अब पुरुषों से कहा जाता है कि वह अपनी सीट भी महिलाओं को दे दें। अब कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम के मैसूर डिवीजन ने इस मामले को लेकर एक आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। महिला यात्रियों की संख्या ज्यादा होने की वजह से पुरुष यात्रियों को सीट नहीं मिल पा रही हैं। इसलिए पुरुष यात्रियों के लिए आरक्षित सीटें उन्हें दी जानी चाहिए। अब यह बात सामने आई है कि(केएसआरटीसी) मैसूर डिवीजनल कंट्रोलर ने हाल ही में ड्राइवरों और कर्मचारियों को इस मामले पर ध्यान देने का आदेश जारी किया। यह आदेश पुरुषों के लिए आरक्षित सीटों पर महिलाओं के यात्रा करने के मुद्दे के संबंध में जारी किया जा रहा है। विष्णुवर्धन एस ने केंद्रीय कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि मैसूर शहर के परिवहन वाहनों में पुरुष यात्रियों के लिए आरक्षित सीटों पर महिला यात्री बैठती हैं और पुरुष यात्रियों को सीट नहीं मिलती है। मैसूर डिवीजनल कंट्रोलर ने आदेश में कहा कि सभी ड्राइविंग स्टाफ को निर्देश दिया गया है

ड्राइवर को हार्ट अटैक आने से कंटेनर बेकाबू

कई वाहनों में मारी टक्कर सब्जी विक्रेता की मौत

कलबुर्गी, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में कंटेनर लॉरी ड्राइवर को अचानक दिल का दौरा पड़ने से बड़ा हादसा हो गया। ड्राइवर को हार्ट अटैक आने से कंटेनर बेकाबू हो गया और सीरियल एक्सीडेंट हो गया। इस हादसे में सब्जी विक्रेता मोहम्मद अली (32) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कुछ लोग घायल हो गए। यह घटना गुरुवार शाम को कलबुर्गी जिले के जेवरगी बस स्टैंड के सामने हुई। जानकारी के अनुसार, कंटेनर यादगिरी जिले के शाहपुर से कलबुर्गी की ओर आ रहा था। जेवरगी बस स्टैंड के पास ट्रक चालक को दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद वाहन ने कंट्रोल खो दिया, सब्जी व्यापारी को कुचलने के बाद ट्रक ऑटो और दुपहिया वाहनों से टकराते हुए एक बिजली के खंभे से टकरा कर ही रुका। लॉरी चालक को इलाज के लिए कलबुर्गी जिला अस्पताल भेजा गया है। जेवरगी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

शनिवार, 22 फरवरी, 2025 3

सुविचार: एक गलती आपका अनुभव बढ़ा देती है और एक अनुभव आपकी गलतियां कम कर देता है।

मुख्यमंत्री रेवंत ने कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को नारायणपेट जिले में कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी और नई इमारतों और पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया।उन्होंने 130 करोड़ रुपये की लागत से नारायणपेट सरकारी मेडिकल कॉलेज और छात्रावास के निर्माण की आधारशिला रखी। 200 करोड़ रुपये की लागत से यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजिडेंशियल स्कूल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी गई।

मुख्यमंत्री ने 26 करोड़ रुपये की लागत से सरकारी नर्सिंग कॉलेज और 40 करोड़ रुपये की लागत से 100 बिस्तरों वाली इकाई के निर्माण की आधारशिला रखी। 296 करोड़ रुपये की लागत से टुंकीमेटला नारायणपेट रोड और कोठाकोंडा मद्दुर रोड के विकास कार्यों और अप्पाकापल्ले गुंडामल रोड और मद्दुर लिंगल चेड रोड पर उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण की आधारशिला रखी गई। इसी तरह, 193 करोड़ रुपये की लागत से गुलबर्गा कोडंगल, रावुलापल्ले मद्दुर और कोसगी दौलताबाद सड़कों के विकास कार्य किए जाएंगे। नारायणपेट विधानसभा क्षेत्र में 12.70 करोड़ रुपये की लागत से सीआरआर सड़कों का शिलान्यास किया गया। इस दौरान, रेवंत रेड्डी ने 56 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक ब्लॉक का भी उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने 5.58 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित धनवाड़ा और नारायणपेट ग्रामीण पुलिस स्टेशन भवनों का उद्घाटन किया। उन्होंने 1.23 करोड़ रुपये की लागत से जिला महिला संघ द्वारा संचालित पेट्रोल पंप और 7 करोड़ रुपये की लागत से मरीकल मंडल परिषद कार्यालय परिसर भवन का उद्घाटन किया।

आरआरबी ने ग्रुप-डी पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी), जिसने हाल ही में रेलवे की ग्रुप डी श्रेणी में 32,438 रिक्तियों के लिए अधिसूचना पोस्ट की थी, ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 फरवरी से बढ़ाकर 1 मार्च 2025 कर दी थी। इच्छुक उम्मीदवार, जो किसी कारणवश पहले नौकरी के लिए आवेदन नहीं भेज सके थे, वे फॉर्म भरकर 1 मार्च 2025 तक या उससे पहले भेज सकते हैं। आवेदन आरआरबी चंडीगढ़ की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र जमा करने की तिथि के अलावा, शुल्क भुगतान की तिथि में भी बदलाव किया गया है। शुल्क भुगतान की तिथि 3 मार्च 2025 तक बढ़ा दी गई है। साथ ही, यदि आवेदन पत्र में कोई त्रुटि है, तो उम्मीदवार 4 से 13 मार्च 2025 के बीच जांच और सुधार कर सकते हैं।

तेलंगाना में सत्ता परिवर्तन के बाद भी प्रशासन में कोई बदलाव नहीं : किशन रेड्डी

मेदक, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने आज कहा कि सत्ता परिवर्तन के बाद भी तेलंगाना में प्रशासन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने अपील की कि आगामी विधान परिषद चुनाव में बुद्धिजीवियों को भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करनी चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस सरकारों की भ्रष्ट और अक्षम नीतियों के कारण वे अपने कर्मचारियों को वेतन भी नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस सरकारों ने तेलंगाना को कर्ज में डूबा राज्य बना दिया है।

एमएलसी चुनाव अभियान के तहत शुक्रवार सुबह मेदक में शिक्षकों के साथ बैठक में उन्होंने बीआरएस और कांग्रेस की नीतियों की आलोचना की और आरोप लगाया कि वे बुद्धिजीवियों,

शिक्षकों, बेरोजगारों, किसानों, खेत मजदूरों, महिलाओं और लोगों को मूर्ख बनाकर सत्ता में आए और अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने कहा, "बेरोजगारों को 4,000 रुपये बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को 2,500 रुपये और दलित परिवारों को 12 लाख रुपये जैसे वादे राज्य सरकार ने पूरे नहीं किए हैं। रेवंत रेड्डी और राहुल गांधी ने बेरोजगारों को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन अब वे उन्हें पूरा भी नहीं कर रहे हैं। यह साबित हो गया है कि चुनाव प्रचार के दौरान किए गए सभी वादे झूठे हैं और कांग्रेस नेताओं के भड़काऊ भाषणों के अलावा कुछ नहीं है।" उन्होंने दावा किया, "बीआरएस ने अधिशेष बजट वाले राज्य को कर्ज के ढेर में बदल दिया है और उसी दिशा में, कांग्रेस धोखेबाज वादों के साथ शासन करना जारी रखेगी।" उन्होंने कहा कि बदलाव केवल केसीआर, रेवंत रेड्डी और राहुल गांधी के परिवारों में आया है। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि जनता का फैसला भाजपा के पक्ष में होगा, उन्होंने शिक्षित, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों से इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और एमएलसी चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील की।

केटीआर ने दो मामलों को रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने तेलंगाना हाईकोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। उन्होंने बंजारा हिल्स और मुशीराबाद पुलिस थानों में अपने खिलाफ दर्ज मामलों को रद्द करने की मांग की है। कांग्रेस कार्यकर्ता की शिकायत पर बंजारा हिल्स थाने में केटीआर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सीएम रेवंत रेड्डी ने उनका अपमान किया है। कांग्रेस कार्यकर्ता ने बंजारा हिल्स पुलिस से शिकायत की थी कि केटीआर ने सीएम पर बिल्डरों

और ठेकेदारों से 2,500 करोड़ रुपये लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चुनाव प्रचार के दौरान पटाखे फोड़ने के आरोप में केटीआर और उनकी पार्टी के विधायक मुथा गोपाल के खिलाफ मुशीराबाद थाने में एक और मामला दर्ज किया है। केटीआर ने इन दोनों मामलों को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में उन्होंने कहा कि पुलिस ने बिना किसी कारण के उनके खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने दुर्भावनापूर्ण इरादे से सीएम का अपमान नहीं किया और कहा कि उनकी टिप्पणियों से कानून-व्यवस्था की स्थिति में कोई व्यवधान नहीं आया। हाईकोर्ट ने इन याचिकाओं पर आगे की सुनवाई अगले महीने 18 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी है।

जीएचएमसी अधिकारी को पत्नी ने दूसरी महिला के साथ पकड़ा

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी के संयुक्त आयुक्त जानकीराम को उनकी पत्नी ने कथित तौर पर उस समय रंगे हाथों पकड़ लिया जब वह किसी अन्य महिला के साथ निजी तौर पर समय बिता रहे थे। बताया जा रहा है कि जानकीराम और महिला को उनके रिश्तेदारों ने पीटा। मामले की जानकारी मिलने पर वारासिगुडा पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें बचाकर थाने ले गई। जांच चल रही है। जीएचएमसी के प्रशासनिक विभाग में संयुक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत जानकीराम पिछले कुछ समय से ड्यूटी का हवाला देकर घर से बाहर रह रहे हैं। इसके अलावा, जब वह पिछले कुछ समय से फोन पर बहुत ज्यादा बात करने लगा तो उसकी पत्नी को उस पर शक हुआ। उसकी पत्नी जो अपने पति पर नजर रखती थी, ने कथित तौर पर पाया कि जानकीराम वारिसिगुडा के एक अपार्टमेंट में एक महिला के साथ रह रहा था, जो उससे 20 साल छोटी थी। शुक्रवार सुबह वह अपने रिश्तेदारों के साथ अपार्टमेंट में गई और दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जानकीराम जिस कार्यालय में काम करता था, वहां की महिलाओं के साथ उसका विवाहेतर संबंध भी था। उसने बताया कि वह पहले भी कई बार उन्हें पकड़ चुकी है।

कृषि मंत्री ने उर्वरक आपूर्ति की उपलब्धता पर समीक्षा बैठक की

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने राज्य में उर्वरक आपूर्ति की उपलब्धता पर राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कृषि विभाग के निदेशक ने बताया कि यासंगी में पिछले 5 वर्षों में 9.80 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उपयोग किया गया है और इसे मानक मानकर अधिक यूरिया उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर से अब तक केंद्र ने 8.54 लाख मीट्रिक टन आपूर्ति करने की योजना दी थी, लेकिन केवल 6.73 लाख मीट्रिक टन की आपूर्ति की गई थी, यह मामला सीजन की शुरुआत में भी केंद्र के ध्यान में लाया गया था और केंद्र के आश्वासन के बावजूद कि हमारे राज्य की जरूरतों को ध्यान में रखना और समय-समय पर आपूर्ति करना उनकी जिम्मेदारी है, केवल फरवरी महीने में 45 हजार मीट्रिक टन यूरिया कम था। हालाँकि, राज्य सरकार 1 अक्टूबर को 3.08 लाख मीट्रिक टन के शुरुआती स्टॉक की सावधानीपूर्वक आपूर्ति करेगी, और आपूर्ति राज्य भर के किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए की गई है, और वर्तमान में राज्य में 1.30 लाख मीट्रिक टन की आपूर्ति संबंधित जिलों को आवश्यकता के अनुसार की जाएगी।

साथ ही आज पत्र के माध्यम से केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री से अनुरोध किया गया है कि इस माह हमारे राज्य को मिलने वाली यूरिया की आपूर्ति अन्य कंपनियों के माध्यम से तत्काल करायी जाये। कृषि मंत्री ने किसानों से कहा है कि वे हमारे राज्य को आवंटित उर्वरकों की आपूर्ति के लिए केंद्र के साथ नियमित संपर्क में हैं, इसलिए किसी भी किसान को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है और वे अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करें।

बैठक में कृषि निदेशक श्री गोपीगारू और आयुक्तालय के अधिकारियों ने भाग लिया।

तेलंगाना सरकार कुछ अधिकारियों की वजह से आलोचना का सामना कर रही है: मधु याश्की

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस नेता मधु याश्की गौड़ ने कहा कि तेलंगाना में कुछ अधिकारियों की हरकतों की वजह से राज्य सरकार आलोचना का सामना कर रही है।शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान मधु याश्की गौड़ ने उल्लेखनीय आरोप लगाते हुए दावा किया कि पिछली सरकार के दौरान जो अधिकारी प्रमुख थे, वे अब भी काम कर रहे हैं और विपक्षी पार्टी के साथ मिलकर सरकारी जानकारी साझा कर रहे हैं। उन्होंने सरकार के नेताओं से उन अधिकारियों को हटाने का आग्रह किया जो बीआरएस के दशक भर के कार्यकाल के दौरान प्रभावशाली थे। गौड़ ने कहा, "कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खुफिया विफलता हो रही है। भूपलपल्ली में राजलिंग मूर्ति की हत्या पुलिस की खुफिया कमियों के परिणामस्वरूप हुई।" कांग्रेस नेता ने पूर्व आईएएस अधिकारी सोमेश कुमार पर जीएसटी घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया और उल्लेख किया कि जांच धीमी गति से आगे बढ़ रही है क्योंकि तेलंगाना में जिन लोगों की जांच होनी चाहिए, वे भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल हैं। "मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टरों और एसपी को बार-बार फील्ड स्तर पर जाकर समस्याओं का पता लगाने का आदेश दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि गुरुकुलों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का पता लगाने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए।लेकिन अभी तक केवल एक या दो कलेक्टरों ने ही गुरुकुलों का दौरा किया है। अधिकांश अधिकारी उस मामले को पूरी तरह से भूल गए हैं।

CHANGE OF NAME & DOB
I, Lakshmi Borra W/O No JC 388914H Sub Prasadu Borra have changed my Name & DOB LAKSHMI BORRA to BORRA LAKSHMI RANI and DOB 17/03/1983 to 01/01/1983 as per Affidavit No 18AB 027759

कांग्रेस सरकार पर फसल ऋण माफ करने में विफलता का आरोप

किसान ने गांधी भवन के बाहर किया प्रदर्शन

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार भले ही फसल ऋण माफी और धान किसानों को 500 रुपये बोनस देने के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन कई किसान योजनाओं के खराब क्रियान्वयन को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। नलगोंडा के तुंगतुर्थी विधानसभा क्षेत्र के किसान थोटा यादगिरी ने शुक्रवार को गांधी भवन में विरोध प्रदर्शन किया और सरकार से उनके फसल ऋण को माफ करने में विफल रहने पर स्पष्टीकरण की मांग की। कांग्रेस मुख्यालय पर किसानों के धरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में यादगिरी कहते हुए नज़र आ रहे हैं कि उनके ऊपर 3

दिया जाएगा। यदागिरी ने शिकायत करते हुए कहा कि लेकिन आज तक मुझे सरकार से बोनस नहीं मिला है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार वृद्धावस्था पेंशन नहीं बढ़ा रही है। यादगिरी ने कहा कि मेरा फसल ऋण माफ नहीं किया गया है, 500 रुपये का बोनस अभी तक नहीं मिला है और पेंशन भी नहीं है।

किसान ने यहां तक कहा कि उसे बेटे के कोविड इलाज के लिए 25 लाख रुपये देने हैं और इस हिसाब से वह फसल ऋण नहीं चुका सकता। यादगिरी ने कहा कि जब तक कर्ज माफ नहीं हो जाता, मैं यहीं रहूंगा। अगर मेरी शिकायतें गलत हैं, तो सरकार मुझे जेल में डाल दे, मैं सबसे बुरे हालात के लिए तैयार हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से पूछा कि सरकार किसानों को 500 रुपये का बोनस क्यों नहीं दे रही है और फसल ऋण क्यों नहीं माफ कर रही है।

4 और 5 मार्च को आयोजित की जाएगी मौखिक परीक्षाएं

तेलंगाना पीएससी ने की घोषणा

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) ने शुक्रवार को विभागीय परीक्षा (भाषा परीक्षण) मौखिक परीक्षा की घोषणा की, जो 4 और 5 मार्च को आयोजित की जाएगी। पात्र उम्मीदवारों की सूची, उनके हॉल टिकट नंबर के साथ, आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पात्र अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से हॉल टिकट की प्रति (जो उन्होंने परीक्षा के लिखित भाग के समय प्रस्तुत की थी) तथा अपना कर्मचारी पहचान पत्र साथ लाना होगा।आयोग ने कहा कि अभ्यर्थियों को मौखिक परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले टीजीपीएससी में रिपोर्ट करना होगा, ताकि बायोमेट्रिक प्रणाली पर उनकी तस्वीर और अंगूठे का निशान दर्ज किया जा सके। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी उंगलियों पर मेहंदी, अस्थायी टैटू या कोई अन्य अवरोधक सामग्री-आवरण न लगाएं, जिससे बायोमेट्रिक्स की रिकॉर्डिंग में बाधा उत्पन्न हो।

केआरएमबी की आपातकालीन बैठक 24 फरवरी तक स्थगित

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (केआरएमबी) ने अपनी विशेष आपातकालीन बैठक 24 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी है। शुक्रवार को होने वाली बैठक को एपी अधिकारियों के अनुरोध के बाद स्थगित कर दिया गया था। केआरएमबी ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों राज्यों को एक विशेष पत्र भेजकर पुनर्निर्धारित बैठक में उनकी अनिवार्य भागीदारी की मांग की है।

आंध्र प्रदेश के अधिकारियों की अनुपस्थिति के बावजूद, तेलंगाना के प्रतिनिधि केआरएमबी की बैठक में भाग लेने और नदी प्रबंधन बोर्ड के समक्ष अपने तर्क प्रस्तुत करने के लिए तैयार हुए। बैठक का उद्देश्य ग्रीष्मकाल के दौरान संयुक्त जलाशयों - श्रीशैलम और नागार्जुन सागर परियोजनाओं में बचे 100 टीएमसी से भी कम पानी के उपयोग को लेकर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच चल रहे विवाद को सुलझाना था।

एटीएम तोड़ने की नाकाम कोशिश

ऑनलाइन गेम में गंवा चुका है पैसा

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ऑनलाइन गेम में भारी रकम गंवाने के बाद भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को तोड़ने का प्रयास करने वाले एक व्यक्ति को मोघापुरा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अलीबाद निवासी मिठाई विक्रेता होनमाने काशीनाथ उर्फ काशी (24) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रमी और रूलेट जैसे ऑनलाइन गेम की लत के कारण काशी पर काफी कर्ज हो गया था, जो करीब 30 लाख रुपये तक पहुंच गया था। उसने यह पैसा अपने दोस्तों और ऑनलाइन लोन ऐप से उधार लिया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस वित्तीय बोझ को कम करने के लिए उसने एटीएम को निशाना बनाकर चोरी की। 15 फरवरी को तड़के वह शालिबंडा में स्थित एसबीआई एटीएम में घुसा और एक पत्थर की मदद से उसने कैश वेंडिंग मशीन को तोड़ दिया। उसने कैश चेस्ट को बाहर निकाला, जिसे बाद में उसने पत्थर से तोड़ दिया। हालांकि, अंदर कोई कैश नहीं मिलने पर उसने खाली बॉक्स को पास के कूड़ेदान में फेंक दिया और मौके से भाग गया। यह घटना तब प्रकाश में आई जब एक ग्राहक दिन में नकदी निकालने के लिए एटीएम पर आया और उसने बैंक अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

रंगनायक सागर तक पानी पहुंचाने की मांग

पूर्व मंत्री हरीश राव ने रेड्डी को लिखा पत्र

सिद्दीपेट, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी से आग्रह किया है कि वे अयाकट के किसानों की यासंगी जरूरतों को पूरा करने के लिए मिड-मानैर से रंगनायक सागर तक पानी उठाने के लिए प्रयास शुरू करें। शुक्रवार को सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी को लिखे पत्र में हरीश राव ने कहा कि परियोजना में अभी 1.89 टीएमसी फीट पानी है, जबकि इसकी पूरी क्षमता 3 टीएमसी फीट है।

सिंचाई विभाग ने यासांगी की खेती से पहले 2.4 टीएमसी फीट पानी डाला था। हालांकि, राव ने कहा कि धान की फसल कटने तक खेतों को 2.5 टीएमसी फीट पानी की और जरूरत है। पूर्व मंत्री ने रेड्डी से किसानों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए दो चरणों में 2.5 टीएमसी फीट पानी उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि किसान इस बात को लेकर चिंतित हैं कि क्या सरकार उन्हें मौसम के अंत तक पर्याप्त पानी देगी?

गर्भवती अभ्यर्थी ने तय समय से पहले ही पूरी की पुलिस भर्ती की दौड़ रश्मि ने पेश की नजीर

बरेली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बरेली के पीएसी ग्राउंड में चल रही यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की दौड़ में जहां रोज अभ्यर्थी मैदान पर ढेर हो रहे हैं, वहीं मथुरा की बहू रश्मि ने नजीर पेश की है। उसने दो माह की गर्भावस्था के बावजूद तय समय से पहले ही दौड़ पूरी कर ली। रश्मि मूल रूप से अलीगढ़ के थाना गोंडा के गांव कुंवरपुर की निवासी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी शादी मथुरा के बलदेव क्षेत्र निवासी करमवीर चौधरी से हुई है। पति ने तैयारी के लिहाज से उन्हें मथुरा में रखा है। शादी से पहले से ही तय कर रखा था कि पढ़ाई जारी रखेंगी और नौकरी भी करेंगी। पति व ससुराल वालों ने इसमें उनकी पूरी मदद की। गर्भावस्था के बावजूद उन्हें दौड़ने की इजाजत दी। इसके लिए उन्होंने डॉक्टर से भी परामर्श लिया। कई जांचों के बाद डॉक्टर ने उन्हें दौड़ में शामिल होने की स्वीकृति दी। नतीजा, 14 मिनट की दौड़ उन्होंने 12 मिनट 52 सेकेंड में ही पूरी कर ली।

पुलिस ने 500 किलो गांजा पकड़ा, 82 हजार रुपये के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

वाराणसी, 21 फरवरी (एजेंसियां)। लंका थाने की पुलिस और एएनटीएफ प्रयागराज की टीम ने डाफी टोल प्लाजा के पास से एक खाली कंटेनर ट्रक की केबिन और एक्सयूवी से 500 किलोग्राम गांजा बरामद किया। बरामद गांजा की कीमत ढाई करोड़ रुपये बताई गई हैं। गांजा के साथ पकड़े गए दो तस्करों के पास से 82,200 रुपये और चार मोबाइल भी बरामद हुए हैं। गिरफ्त में आए तस्करों की पहचान प्रयागराज के मेजा थाने के भसुंदर मझली के शेषमणी पटेल उर्फ देवराज पटेल और हंडिया सैदाबाद के भदेवरा बमैला के सुभाष चंद्र मिश्रा उर्फ भगत के रूप में हुई है। दोनों को गुरुवार को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। मामले में प्रयागराज निवासी दो अन्य तस्करों की पुलिस को तलाश है। शेषमणि के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य आरोपों में वाराणसी, मिर्जापुर और छत्तीसगढ़ में छह मुकदमे दर्ज हैं।

शादी समारोह से एक मोटर साइकिल में घर लौट रहे थे 5 युवक, सड़क हादसे में चार की मौत

इटावा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के इटावा में पांच युवकों पर लापरवाही भारी पड़ गई। पांचों युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए। इनमें से चार की मौत हो गई और पांचवें की हालत गंभीर बनी हुई है। ये पांचों युवक एक ही मोटर साइकिल में सवार होकर शादी समारोह से घर लौट रहे थे। इनमें से ज्यादातर नाबालिग थे। अब तक यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि हादसा कैसे हुआ। माना जा रहा है कि अज्ञात वाहन ने युवकों की मोटर साइकिल को टक्कर मारी और भाग गया। पुलिस वाहन का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यहां एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऊसराहार थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव के पास ऊसराहार सरसई नावर मार्ग पर रात को हुई इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। सएसपी ने बताया कि उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

आरा में भीषण सड़क हादसा, कार खड़े कंटेनर में टकराई, 6 की मौत; महाकुंभ से लौट रहे थे घर

आरा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के आरा में भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। सभी लोग महाकुंभ स्नान करके लौट रहे थे कि इसी दौरान उनकी कार की टक्कर तेज रफ्तार ट्रक से हो गई। मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह दुर्घटना भोजपुर के जगदीशपुर इलाके में हुई है। घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। आरा के जगदीशपुर इलाके में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के सदस्य 4 समेत 6 लोगों की मौत हो गई है। पटना के न्यू जक्कनपुर थाना क्षेत्र की छपरा कॉलोनी में रहने वाले 6 लोग बलेनो कार से महाकुंभ स्नान के लिए गए थे। सभी लोग स्नान करके लौट रहे थे।

'उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकें'

राहुल गांधी के बयान पर मायावती का पलटवार

लखनऊ, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को भाजपा की बी टीम करार दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस ने भाजपा की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा इसीलिए भाजपा सत्ता में आई है। राहुल गांधी पहले अपने गिरेबान में झांकें फिर बसपा पर सवाल उठाए। उन्होंने राहुल गांधी के रायबरेली में दिए गए बयान पर पलटवार किया है। राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली में हैं। जहां उन्होंने एक कार्यक्रम में बयान दिया था कि लोकसभा चुनाव 2024 में अगर मायावती ने हमारे साथ मिलकर चुनाव लड़ाव होता तो भाजपा सत्ता में नहीं आती। आगे उन्होंने कहा कि समझ में नहीं आता कि कि उन्होंने हमारे साथ मिलकर चुनाव क्यों नहीं लड़ा। इस पर मायावती ने एक्स पर कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए। अतः इस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए तो यह बेहतर होगा। इनको यही सलाह है। साथ ही, दिल्ली में बनी नई भाजपा सरकार को यहां चुनाव में खासकर जनहित व विकास संबंधी किए गए अपने तमाम वादों को समय से पूरा करने की चुनौती है वरना आगे चलकर इस पार्टी का भी हाल कहीं कांग्रेस जैसा बुरा ना हो जाए। राहुल गांधी का ये बयान राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। राहुल गांधी दो दिवसीय अमेठी दौरे हैं।

बीजेपी विधायक हरीश शाक्य को क्लीन चिट

बदायूं में गैंगरेप और जमीन हड़पने का मामला

बदायूं, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बदायूं की बिल्सी विधानसभा से बीजेपी विधायक हरीश शाक्य को पुलिस ने गैंगरेप और जमीन हड़पने के केस में क्लीन चिट दे दी है। पुलिस जांच में विधायक समेत 12 लोगों को आरोप मुक्त किया गया, जबकि 4 आरोपियों पर धोखाधड़ी का आरोप तय हुआ है। 21 दिसंबर को सिविल लाइंस थाने में दर्ज हुए इस केस में विधायक समेत कुल 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता ने गैंगरेप, संपत्ति हड़पने और पति को झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया था। मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ था जांच में पता चला कि विपिन, पवन, दिनेश और मनोज गोयल ने एक महिला से जमीन का एग्रीमेंट किया, जबकि वह जमीन उसके नाम पर थी ही नहीं। आरोपियों में पवन हाथरस का, मनोज गोयल उझानी का निवासी है। इनकी एक कंपनी थी जिसमें बरेली निवासी आनंद भी शामिल था।

भ्रष्टाचार के आरोप में मुजफ्फरपुर डीईओ पर कार्रवाई की मांग

बीजेपी विधायक का दावा- मेरे पास रिश्वत लेते हुए वीडियो, जांच में मिल सकती है 50 करोड़ की संपत्ति

मुजफ्फर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। पुरमुजफ्फरपुर के पारु में जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) और विधायक के बीच विवाद गहराता जा रहा है। बीजेपी विधायक अशोक कुमार सिंह ने डीईओ अजय कुमार सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विधायक ने कहा कि डीईओ की संपत्ति की जांच कराई जाएगी। उन्होंने दावा किया कि जांच में 25 से 50 करोड़ रुपए कैश मिल सकता है। विधायक ने यह भी बताया कि उनके पास डीईओ के रिश्वत लेते हुए वीडियो मौजूद हैं, जिसे वह समय आने पर जारी करेंगे। इससे पहले डीईओ ने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर विधायक से जान-माल का खतरा बताया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि विधायक उनके घर आकर नियम विरुद्ध काम करने का दबाव बना रहे थे। काम नहीं करने पर गाली-गलौज की गई। विधायक ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह 20 वर्षों से विधायक हैं और कभी किसी को गाली तक नहीं दी। उन्होंने बताया कि एक महीने पहले वह दो युवकों के भुगतान के लिए डीएम से मिले थे। डीएम ने डीईओ को भुगतान का निर्देश दिया था। विधायक का आरोप है कि डीईओ ने ठेकेदारों से 30-40% कमीशन लिया। विधायक ने कहा कि जब वह डीईओ के घर गए तो वहां दलालों का जमावड़ा था। उन्होंने कहा कि स्पष्ट किया कि वह जीवन में कभी रिश्वत नहीं लिए हैं और किसी को भी संरक्षण नहीं बचा पाएगा।

उम्रकैद की सजा सुनते ही रो पड़े पति-पत्नी और 2 बेटे

सहारनपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। सहारनपुर कोर्ट ने 2015 में हुए भूरा हत्याकांड में पति-पत्नी और उनके दो बेटों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने चारों अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी पर 30-30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। नकुड़ कस्बे में मामूली कहासुनी पर गोली भूरे को मार दी थी। अपर सत्र न्यायाधीश (कक्ष संख्या-9) संजय कुमार की कोर्ट ने पत्रावली पर आए साक्ष्यों और गवाहों की गवाही के आधार पर ये फैसला सुनाया है। जब अदालत ने चारों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई, तो वे रो पड़े और अदालत से माफी मांगने लगे। वे लगातार गुहार लगाते रहे कि उन्हें माफ कर दिया जाए, लेकिन अदालत ने कोई राहत नहीं दी। शासकीय अधिवक्ता नीरज चौहान के अनुसार, थाना नकुड़ के मोहल्ला बंजारन के रहने वाले नसीम अहमद ने 24 फरवरी 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि रास्ते में पड़े रेत को लेकर उसके भाई की पत्नी शन्नो का विवाद पड़ोसी शमीम, उसकी पत्नी नूरी और उनके बेटों सावेज व परवेज से हो गया था। बात इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने शन्नो के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उस वक्त मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह मामला शांत करा दिया। लेकिन अगले ही दिन सुबह के समय शमीम अपने परिवार के सदस्यों के साथ तमंचे, तलवार और लाठी-डंडे लेकर पहुंचा और हमला कर दिया। इस दौरान नसीम के भाई भूरे को गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था

अखिलेश यादव ने यूपी के बजट को बताया 'बड़ा ढोल'

कहा- आवाज ज्यादा लेकिन अंदर से खाली

लखनऊ, 21 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने यूपी का बजट पेश कर दिया। ये आठ लाख करोड़ से ज्यादा का बजट है। योगी सरकार इसके लिए अपनी पीठ थपथपा रहा है तो वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर पलटवार किया है। सपा अध्यक्ष ने इस बजट को पूरी तरह खाली बजट बताया और कहा कि इसमें किसानों और महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है। इस बजट से व्यापारियों और बेरोजगारों की चिंता बढ़ गई है। सपा अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा- 'ये बजट नहीं बड़ा ढोल है, जिसमें आवाज़ तो बहुत है पर अंदर से खाली है। ये बजट खोखला बजट है। इस बजट का झोला खाली है। जनता को लग रहा है बजट आया ही नहीं... वो पूछ रही है... 'प्रवचन' तो आ गया बजट कब आएगा? बजट देखकर... किसानों की उम्मीद का खेत सूख गया है। बजट देखकर... महिलाओं के माथे पर घर चलाने की चिंता की लकीरें और बढ़ गयी है।

अखिलेश यादव ने बजट पर साधा निशाना

बजट देखकर... बेरोजगारों की आंखों के आगे अंधेरा छा गया है। बजट देखकर... व्यापारियों, कारोबारियों और दुकानदारों पर मंदी की मार और गहरा गयी है। बजट देखकर... भाजपा के मंत्री और विधायकों के गले सूख गये हैं क्योंकि अपने विभागों और विधानसभाओं में तो उन्हें ही महंगाई, बेरोजगारी, बेकारी से जूझ रहे लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। बजट देखकर... बुनकरों का ताना-बाना रूक गया है... हथकरघे ख़ामोश हो गये हैं... बजट देखकर... जनता पूछ रही है: जुमला मंत्रालय को कितना बजट दिया गया है।'

पुलिस की वर्दी और खौफ

युवती ने चार दिन में गवाएं 13 लाख रुपये; आपबीती सुनाते रो पड़ी

आगरा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। साइबर अपराधियों ने नोएडा की एक कंपनी में कार्यरत शाहगंज की युवती को 4 दिन डिजिटल अरेस्ट किया। आधार कार्ड से कूरियर में प्रतिबंधित ड्रग और फर्जी पासपोर्ट भेजने का आरोप लगाकर धमकाया। सीबीआई का फर्जी नोटिस भी भेजा। पुलिस अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर बात की। खाते में 13.41 लाख रुपये जमा करा लिए। साइबर थाना में केस दर्ज कराया गया है। वेस्ट अर्जुन नगर, शाहगंज निवासी नेहा नोएडा की एक कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 8 फरवरी को एक फोन कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को ब्लूडार्ट कंपनी से राहुल बताया। कहा कि आपके नाम से एक कूरियर बैंकाक भेजा जा रहा था, जिसका रिसीवर नेम जियांग है।

महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की कार खड़े ट्रक से टकराई

सांसद पप्पू यादव की रिश्तेदार समेत 4 की मौत

गाजीपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के गाजीपुर के बिरनो थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई। जिससे कार में सवार सांसद पप्पू यादव के रिश्तेदार सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में मृतकों की पहचान डॉ सोनी यादव, गायत्री देवी, विपिन मंडल और चालक सलाउद्दीन के रूप में की गई है।

डॉ। सोनी यादव पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की रिश्तेदार थीं और अपने पति डॉ मुकेश यादव के साथ पूर्णिया में दुर्गा नर्सिंग होम चलाती थीं। हादसे में कार सवार दीपक झा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

चालक को आई थी झपकी, फिर बदली गई स्टेयरिंग

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि चालक सलाउद्दीन को झपकी आने लगी थी, जिसके बाद दीपक झा ने गाड़ी चलानी शुरू की। लेकिन कुछ ही देर बाद तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में जा भिड़ी। जिसके बाद भीषण दुर्घटना हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही कासिमाबाद क्षेत्राधिकारी, सदर एसडीएम और पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फंसे शवों को निकालने के लिए जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से तीन घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में मदद की। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

लखनऊ में सेक्सोलॉजिस्ट क्लीनिकों पर छापा

जैन क्लीनिक के 4 सेंटर पर स्टेरॉयड और मिलावटी दवाएं जब्त, एफआईआर दर्ज होगी

लखनऊ, 21 फरवरी (एजेंसियां)। लखनऊ में गुप्त रोगों और यौन समस्याओं के इलाज के नाम पर लोगों को ठगने का बड़ा मामला सामने आया है। ड्रग्स डिपार्टमेंट की छापेमारी में कई सेक्सोलॉजिस्ट क्लीनिकों पर मिलावटी और नकली दवाएं पकड़ी गई हैं, जिनका सेवन करने से गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इनमें स्टेरॉयड और एलोपैथिक दवाओं की मिलावट पाई गई, जिन्हें आयुर्वेदिक बताकर बेचा जा रहा था। लखनऊ में औषधि विभाग ने ब्लड बैंकों और सेक्सोलॉजिस्ट क्लीनिकों का औचक निरीक्षण किया। सहायक आयुक्त (औषधि) बृजेश कुमार ने बताया कि 17-18 फरवरी को तीन प्रमुख ब्लड बैंकों की जांच की गई। इनमें शेखर ब्लड बैंक एंड कंपोनेंट सेंटर, न्यू श्री हरि चैरिटेबल ब्लड सेंटर और गोयल हॉस्पिटल एंड ब्लड सेंटर शामिल हैं।

हाथरस भगदड़ मामले में न्यायिक आयोग ने सरकार को सौंपी जांच रिपोर्ट, किसे ठहराया जिम्मेदार?

हाथरस, 21 फरवरी (एजेंसियां)। हाथरस भगदड़ मामले की रिपोर्ट न्यायिकआयोग ने राज्य सरकार को सौंप दी है। राज्य मंत्रिमंडल ने रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने को मंजूरी भी दे ही है। रिपोर्ट को चालू बजट सत्र में सदन में पेश किए जाने की संभावना है। न्यायिक आयोग ने भगदड़ के लिए किसे दोषी ठहराया और किसे क्लीनचिट दी है। इसकी जानकारी अभी तक आधिकारिक तौर सामने नहीं आई है। सत्संग में हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। सरकार ने इसकी जांच न्यायिक जांच कराने का आदेश दिया था। दरअसल, हाथरस में 2 जुलाई, 2024 को स्वयंभू बाबा भोले बाबा उर्फ सूरज पाल के 'सत्संग' में भगदड़ मचने से महिलाओं और बच्चों समेत करीब 121 लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना जिले के फुलारी गांव में हुई थी। रिपोर्टों के अनुसार, इस कार्यक्रम में दो लाख से अधिक भक्तों की भीड़ जुटी थी, जबकि केवल 80,000 लोगों के उपस्थित होने की अनुमति दी गई थी।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने हाथरस में भगदड़ की घटना से संबंधित 11 लोगों के खिलाफ 3200 पन्नों की चार्जशीट तैयार की है। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील एपी सिंह के अनुसार, आरोपपत्र में सूरज पाल उर्फ भोले बाबा का जिक्र नहीं है, जिन्होंने हाथरस में 'सत्संग' आयोजित किया था। 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने के निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

याचिका में की गई थी ये मांग

याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार को हाथरस भगदड़ की घटना पर शीर्ष अदालत के समक्ष स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में शीर्ष अदालत से सभी राज्य सरकारों को निर्देश देने के लिए कहा गया था कि वे किसी भी धार्मिक आयोजन या अन्य आयोजन के दौरान जनता की सुरक्षा के लिए भगदड़ या अन्य घटनाओं को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करें, जहां बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं।

'महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली जीते, अब बिहार की बारी है'

शाहनवाज हुसैन का बड़ा दावा, सीएम नीतीश को लेकर क्या कहा?

पटना, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अभी बीजेपी ने राष्ट्र का चुनाव जीता, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली भी जीते हैं, अब बिहार की बारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम लोग बिहार का चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। नीतीश कुमार जैसा अनुभवी मुख्यमंत्री किसी के पास नहीं है। बेगूसराय में मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद बधाई देते हुए कहा कि आज देश की महिलाएं खुश हैं। बीजेपी के कई राज्यों में मुख्यमंत्री हैं, लेकिन महिला मुख्यमंत्री दिल्ली में बनी हैं। नरेंद्र मोदी के भागलपुर आगमन की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भागलपुर आ रहे हैं। यहां वे किसानों से मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने सबसे ज्यादा काम किसानों के लिए किया है। उनकी आमदनी दोगुनी करने का काम किया जा रहा है। बिहार में इथेनॉल के प्लांट लगे हैं। बिहार में इथेनॉल के 17 प्लांट लगाने की मंजूरी मिली, जिसमें 12 से 13 लग गए हैं। शाहनवाज हुसैन ने आगे कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चल रही है और अच्छा काम कर रही है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के आपराधिक घटनाओं में वृद्धि के आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि उनके मुंह से अपराध का नाम शोभा नहीं देता है, जो स्क्रिप्ट उन्हें मिलती है, वह बोलते रहते हैं।

'कर्पूरी ठाकुर की तुलना लालू से करना सही नहीं'

वहीं तेजस्वी यादव के लालू यादव को भारत रत्न दिए जाने के बयान को लेकर पूर्व मंत्री हुसैन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिला, उनकी तुलना लालू यादव से करना सही नहीं है। लालू यादव अभी भी जमानत पर हैं।

मुंगेर में सुबह- सुबह मुठभेड़

यूपी पुलिस वाले एक्शन में एनकाउंटर; अपराधी को मारी गोली

मुंगेर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अब मुंगेर पुलिस, यूपी पुलिस की तर्ज पर अपराधियों से सख्ती से पेश आ रही है। यूपी पुलिस की तरह ही एनकाउंटर को अंजाम देने में पीछे नहीं हट रही है। शुक्रवार की सुबह 8 साल के मासूम अंशु कुमार को गोली मारने में फरार चल रहे अपराधी नीतीश कुमार के साथ धरहरा थाने की पुलिस की मुठभेड़ हुई। इसमें अपराधी नीतीश कुमार को दायां पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया कराया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सदर अस्पताल पहुंचे। धरहरा पुलिस से बातचीत की। अपराधी की निशानदेही पर हथियार को बरामद किया गया। पुलिस की निगरानी में अपराधी का इलाज चल रहा है। दरअसल, सात जनवरी को धरहरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में सिगरेट लाने से मना करने पर मासूम अंशु कुमार (08) के सिर में पड़ोसी नीतीश कुमार ने गोली मार दी। परिवार वाले उसे आनन-फानन धरहरा स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां से चिकित्सक ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया था। गोली लगने से दायें आंख का हल्का हिस्सा बाहर निकल गया है।

होटल में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा असम से बुलाई गई थी लड़कियां; पुलिस ने मारा छापा

मेरठ, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बागपत रोड पर मेट्रो मॉल से कुछ दूरी पर एवी होटल में पुलिस ने जिस्मफरोशी के धंधे का पर्दाफाश किया है। ऑन डिमांड व्हॉट्सऐप पर बुकिंग करने के बाद असम से लड़कियों को बुलाया जाता था। ठेकेदार समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। होटल के अंदर से तीन लड़कियां भी हिरासत में ली गई हैं। एएचटीयू की तरफ से टीपीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। परतापुर बाईपास स्थित एक कॉलोनी के रहने वाले जोगेंद्र का बागपत रोड पर एवी होटल है। होटल को मलियाना की चौधरी कॉलोनी निवासी अर्जुन ने दो लाख रुपये प्रतिमाह के हिसाब से किराए पर लिया था। बताया जाता है कि पिछले काफी दिनों से होटल के अंदर जिस्मफरोशी का धंधा हो रहा था। आसपास के लोगों ने अफसरों को मामले की सूचना दी। एसएसपी के आदेश पर एएचटीयू की टीम के साथ टीपीनगर पुलिस को लगाकर होटल में छापामारी की गई। मौके से पुलिस ने ठेकेदार अर्जुन और पांच ग्राहक छोटू पुत्र मोनू कुमार निवासी इंचौली, जीतू उर्फ जितेंद्र पुत्र मंगल सिंह, तरुण पुत्र जशवीर सिंह, अंकित पुत्र फूलसिंह निवासीगण मलियाना और मुकेश पुत्र जगन्नाथ शिवपुरम को गिरफ्तार कर लिया। होटल से तीन लड़कियां भी मिलीं। सभी असम की रहने वाली हैं। पूछताछ में बताया कि कोई तीन तो कोई पांच दिन की बुकिंग पर बुलाई गई थी। अर्जुन ने व्हॉट्सऐप ग्रुप बना रखा है, जिसमें तीन हजार से भी ज्यादा लोगों को जोड़ा हुआ है। ग्रुप में सबसे ज्यादा छात्रों को जोड़ा गया है। अर्जुन ग्रुप पर अलग-अलग लड़कियों की फोटो और वीडियो डालता था। बाकायदा उनके रेट भी बताए जाते थे। बुकिंग होने के बाद लड़कियों को असम से बुलाया जाता था। लड़कियों ने बताया कि उन्हें तीन से पांच दिनों की बुकिंग पर बुलाया जाता था। अगर बुकिंग बढ़ जाए तो होटल में रहती थीं।

एटीएफ ने दिलसुखनगर दोहरे बम विस्फोट स्थल पर सभा आयोजित की

हैदराबाद, 21 फरवरी (एनएसएस)। आतंकवाद विरोधी फोरम (एटीएफ) ने 21 फरवरी, 2013 को हुए दिलसुखनगर दोहरे बम विस्फोट स्थल पर संथापा सभा आयोजित की। एटीएफ के अध्यक्ष डॉ. रविनुथला शशिधर ने कार्यक्रम में भाग लिया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद शशिधर ने इस्लामी कट्टरपंथी आतंकवाद को सख्ती से कुचलने का आह्वान किया। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि राज्य सरकार ने लुंबिनी पार्क, गोकुल चाट और दिलसुखनगर बम विस्फोटों में अपने प्रियजनों को खोने वाले या प्रभावित परिवारों की अभी तक सहायता नहीं की है, और मांग की कि सरकार पीड़ितों की सहायता करे। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि देश में पहचाने जाने वाले किसी भी आतंकी साजिश की जड़ें हैदराबाद और तेलंगाना में पाई जाती हैं, उन्होंने कहा कि हैदराबाद में रजाकर विचारधारा आतंकवादियों का समर्थन कर रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार वोट बैंक की राजनीति छोड़ दे और आतंकवाद की जड़ों को सख्ती से कुचल दे। उन्होंने यह भी कहा कि हैदराबाद बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के लिए एक आश्रय स्थल बन गया है, और मांग की कि अवैध घुसपैठियों को गिरफ्तार किया जाए और निर्वासित किया जाए। एटीएफ नेता नवीन, अनंतचारी, मनोज, महेश, सुधीर, राजेंद्र, राजू, श्रीशैलम, पांडु, बद्रीनाथ, अनिल और बम विस्फोटों के पीड़ितों के साथ-साथ कई अन्य युवाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और दिलसुखनगर बम विस्फोटों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

सरकार विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है: सीएम रेवंत

महिला समूहों द्वारा प्रबंधित पेट्रोल स्टेशन का उद्घाटन

नारायणपेट, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि सरकार विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य तेलंगाना में एक करोड़ महिला करोड़पति बनाना है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नारायणपेट में महिला समूहों द्वारा प्रबंधित एक पेट्रोल स्टेशन का उद्घाटन किया। अपने भाषण के दौरान, उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि देश में यह पहली बार है कि महिला समूहों ने पेट्रोल स्टेशन स्थापित किया है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार महिला समुदाय के कल्याण और उन्नति को प्राथमिकता देती है। रेवंत रेड्डी ने कहा, "प्रशासन महिलाओं को सम्मान के साथ जीने के लिए सशक्त बनाने में दृढ़ता से विश्वास करता है। तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने के तुरंत बाद स्वयं सहायता समूहों को पुनर्जीवित किया गया और वर्तमान में इन समूहों में 67 लाख सदस्य हैं।" तेलंगाना में महिला समूहों के पास वर्तमान में 600 आरटीसी बसें हैं। इसके अतिरिक्त, महिलाओं को 1,000 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सक्षम बनाने के लिए पहल चल रही है। उन्होंने बताया कि शिल्परमम में स्टॉल भी बनाए गए हैं, जो महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए एक विपणन मंच प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इन समूहों की प्रत्येक महिला सदस्य को उपहार के रूप में सालाना दो साड़ियाँ मिलेंगी, उन्होंने कहा कि इन महिलाओं को बेटियों के रूप में माना जाएगा और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली साड़ियाँ प्रदान की जाएँगी। सभी महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाएगा, चाहे वे ग्रामीण या शहरी पृष्ठभूमि से आती हों, उन्होंने जोर दिया। रेवंत रेड्डी ने भाजपा सांसद डीके अरुणा से तेलंगाना राज्य के लिए केंद्र सरकार से धन मुहैया कराने की वकालत करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की उन्नति के लिए हर आवश्यक सहायता देने के लिए तैयार है। उन्होंने स्कूलों के विकास पर विशेष ध्यान देने के महत्व पर भी जोर दिया और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार स्कूलों के विकास के लिए धन मुहैया कराने के लिए तैयार है।

एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर सीईओ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस की

जिला कलेक्टरों ने तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सी. सुदर्शन रेड्डी ने 27 फरवरी को होने वाले आगामी एमएलसी चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को जिला कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की।बैठक के दौरान, जिला कलेक्टरों ने सीईओ को चुनाव की तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी, जिसमें मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित सुविधाएं, वेबकास्टिंग व्यवस्था, माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति, मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण, मतपेटियों की मरम्मत आदि के अलावा मतदान केंद्रों और स्ट्रांग रूम में सुरक्षा उपाय शामिल हैं, जहां मतपेटियों को संग्रहीत किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन सुविधाओं के लिए 24 घंटे सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई है। सीईओ ने मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने और मतदान अधिकारियों के बीच प्रभावी समन्वय बनाए रखने, मतदाता पर्चियों के वितरण, माइक्रो पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण और उनकी तैनाती आदि के महत्व पर भी जोर दिया। द्विवार्षिक एमएलसी चुनाव मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र, मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर और वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में होंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंस में संगारेड्डी, मेडक, सिद्दीपेट, निज़ामाबाद, कामारेड्डी, आदिलाबाद, कुमुराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, करीमनगर, नलगोंडा, सूर्यापेट, यदाद्री भुवनगिरी, खम्मम, भद्राद्रि कोठागुडेम, हनुमाकोंडा, महबुबाबाद, जयशंकर भूपालपल्ली, जनगांव, मुलुगु, पेद्दापल्ली, राजन्ना सिरसिला, जगतियाल और वारंगल जिला कलेक्टरों ने भाग लिया। बैठक में अतिरिक्त सीईओ लोकेश कुमार, डिप्टी सीईओ सत्य वाणी, ईवीएम प्रभारी प्रसाद और अन्य अधिकारियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

इंटर के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

खम्मम, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम के येल्लांडु चौराहे पर स्थित श्री चैतन्य जूनियर कॉलेज में पढ़ने वाले इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष के छात्र की कथित तौर पर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को सुबह की पढ़ाई के लिए डी योगा नंदिनी (16) गई थी। बाद में उसे हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया गया। नंदिनी आंध्र प्रदेश के एएसआर जिले के येतपाका मंडल के चिंतलागुडेम की रहने वाली थी। उसके इस कदम का कारण पता नहीं चल पाया है।

कुंभ मेले के लिए 76 ट्रेनें चला रहा एससीआर

लगभग 1.4 लाख यात्रियों ने सुविधा का लाभ उठाया

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महाकुंभ 2025 के दौरान, भारतीय रेलवे देश के सभी दिशाओं से प्रयागराज की ओर विशेष ट्रेनें चला रहा है। रेलवे ने 13,000 से अधिक ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है, जिनमें से 12,583 पहले ही चल चुकी हैं। 13 जनवरी 2025 से, प्रयागराज कुंभ के लिए भारतीय रेलवे द्वारा 3.09 करोड़ तीर्थयात्रियों को संभाला गया है। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए व्यापक व्यवस्था की है, जिसमें रंग-कोडित टिकट और यात्रियों के सुचारू रूप से चढ़ने और उतरने को सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त आश्रय क्षेत्र शामिल हैं।

दक्षिण मध्य रेलवे ने जोन के विभिन्न गंतव्यों से प्रयागराज की ओर बड़ी संख्या में विशेष ट्रेन सेवाएं संचालित कीं। जोन ने अब तक जुड़वां शहर क्षेत्र से 76 ट्रेनें संचालित की हैं जिनमें नियमित और विशेष ट्रेन सेवाएं शामिल हैं। ये ट्रेनें कुंभ मेला अवधि के दौरान जनवरी और फरवरी के महीनों में विभिन्न तिथियों पर संचालित की गई हैं। इन विशेष ट्रेनों में अग्रिम आरक्षण का पूरा उपयोग किया गया है और ट्रेनें औसतन 1447 अधिभोग के साथ चल रही हैं। आज तक यानी 21 फरवरी, 2025 तक लगभग 1.4 लाख यात्रियों ने जुड़वां शहर क्षेत्र से एससीआर द्वारा संचालित इन ट्रेनों से यात्रा की। इन ट्रेनों को प्रयागराज छोवकी के माध्यम से गया, पटना, आजमगढ़, बनारस, दानापुर, रक्सौल जैसे महत्वपूर्ण गंतव्यों तक चलाया गया है। इन विशेष ट्रेनों को जुड़वां शहर क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों जैसे - सिकंदराबाद, चरलापल्ली, काचीगुडा, मौला-अली से संचालित किया गया है।

महानिदेशक रेलवे स्वास्थ्य सेवाएं ने समीक्षा बैठक की

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवाएं), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली डॉ. मान सिंह ने शुक्रवार को दक्षिण मध्य रेलवे मुख्यालय, रेल निलयम, सिकंदराबाद का दौरा किया और क्षेत्रीय रेलवे के संबंधित प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशकों (पीसीएमडी) के साथ चिकित्सा विभाग की कार्य निष्पादन समीक्षा बैठक की। बैठक में दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन, वरिष्ठ डॉक्टर और अन्य रेलवे अधिकारियों ने भाग लिया। डॉ. मान सिंह ने सभी जोनों के चिकित्सा विभाग के प्रदर्शन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास की स्थिति की समीक्षा की, जैसे कि सीटी स्कैन, कैथ लैब, उन्नत एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीनों जैसे उन्नत चिकित्सा उपकरणों से लैस करना, डायग्नोस्टिक उपकरणों का उन्नयन, नवीनतम उपकरणों के साथ वार्डों का उन्नयन, आईसीयू का उन्नयन, भारतीय रेलवे में केंद्रीय और मंडल अस्पतालों के लिए नए भवनों के निर्माण के प्रस्ताव आदि, और सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवारों को उन्नत चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए सभी सुपर स्पेशलिस्टों के लिए अतिरिक्त सलाहकारों को नियुक्त करना। इसके अलावा, महानिदेशक ने पीसीएमडी की समीक्षा बैठक और 22 और 23 फरवरी, 2025 को भारतीय रेलवे सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियरिंग संस्थान (आईआरआईएसईटी), तारनाका, सिकंदराबाद में त्वचा विज्ञान पर आगामी दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने के लिए अरुण कुमार जैन, जीएम, एससीआर की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के केंद्रीय अस्पतालों में अच्छा बुनियादी ढांचा है और उन्हें अत्याधुनिक निदान और उपचार सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया गया है। भारतीय रेलवे में 10 अस्पतालों को पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट बनाने के लिए चिह्नित किया गया है। इससे पहले, बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने सभी पीसीएमडी के साथ बातचीत करने और उनके विचार सुनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि, हमें प्रत्येक कर्मचारी और उनके परिवार को उन्नत स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि यह चर्चा सभी रेलवे लाभार्थियों को आधुनिक और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए ज्ञान को उन्नत करने में मदद करेगी।

जीएचएमसी स्थायी समिति का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी स्थायी समिति चुनाव आज एक बार फिर सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। बीआरएस पार्टी के दो पार्षदों ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के सर्वसम्मति से चुनाव का रास्ता साफ हो गया। संख्या बल की कमी के कारण बीआरएस पार्टी ने अपना नाम वापस ले लिया। स्थायी समिति सदस्य के पद के लिए 1% नामांकन दाखिल किए गए हैं, जिनमें एमआईएम पार्टी की ओर से आठ, कांग्रेस की ओर से सात और बीआरएस पार्टी की ओर से दो नामांकन शामिल हैं। बीआरएस पार्टी के उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के कारण 15 सदस्यीय स्थायी समिति का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। स्थायी समिति के 15 सदस्यों में से आठ एमआईएम पार्टी के और सात कांग्रेस पार्टी के होंगे। पिछले 10 वर्षों में पहली बार कांग्रेस के पार्षद स्थायी समिति में होंगे।

हैदराबाद हवाई अड्डे पर 5 साल में आ सकते हैं 50 मिलियन यात्री

वित्त वर्ष 31 तक जीएमआर समूह को उम्मीद

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करने वाले जीएमआर समूह को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 31 तक यात्री यातायात में सालाना 50 मिलियन की वृद्धि होगी, जो वित्त वर्ष 25 में 29 मिलियन है। जीएचआईएएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप पणिक्कर ने कहा कि कंपनी मौजूदा कार्गो टर्मिनल के विस्तार के लिए 370 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रक्रिया में है, इसके अलावा एक नया टर्मिनल स्थापित करने की भी योजना है, जिससे इसकी क्षमता सालाना 4 लाख टन के करीब हो जाएगी।

पनिकर ने कहा कि हम देश में सबसे तेजी से बढ़ते मेट्रो एयरपोर्ट हैं। 2024 (मार्च में समाप्त) में हमारे पास 25 मिलियन (यात्री) थे। इस साल, 25 मार्च को समाप्त, हमें 29 मिलियन पर बंद होना चाहिए। हमारे द्वारा किए गए अनुमानों के अनुसार, हम 2031 तक 50 मिलियन के करीब पहुंच सकते हैं। हवाई अड्डे ने पहले ही 40 मिलियन यात्रियों को संभालने के लिए चरणबद्ध तरीके से आवश्यक बुनियादी ढाँचा तैयार कर लिया है। 12 मिलियन की क्षमता के साथ 2008 में हवाई अड्डा बनाया गया था।

उन्होंने कहा कि पिछले कैलेंडर वर्ष में हवाई अड्डे पर लगभग 3.6 मिलियन यात्री जुड़े, जो एक दुर्लभ उपलब्धि है, जिसे दिल्ली के अलावा किसी अन्य हवाई अड्डे ने हासिल नहीं किया। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की एक टीम वर्तमान में बिना किसी महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय के हवाई अड्डे की यात्री हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाने के तरीकों का अध्ययन कर रही है, साथ ही यात्री अनुभव को बेहतर बनाने और दक्षता में सुधार भी कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि रनवे की प्रति घंटे 42 विमानों की आवाजाही की घोषित क्षमता है और वर्तमान में यह 34 से 35 विमानों को संभालता है। जीएचआईएएल, जिसने पिछले वित्त वर्ष में समेकित आधार पर 2700 करोड़ रुपये से अधिक का परिचालन राजस्व अर्जित किया था, को यात्री यातायात में निरंतर वृद्धि के कारण राजस्व में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।

तेलंगाना सरकार ने भूमि नियमन योजना के लिए छूट की घोषणा की

31 मार्च के बाद लागू नहीं होगी छूट

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार भूमि नियमितीकरण योजना (एलआरएस) के आवेदकों को नियमितीकरण शुल्क पर 25 प्रतिशत की छूट दे रही है, जो इस वर्ष 31 मार्च तक या उससे पहले नियमितीकरण शुल्क और खुले स्थान शुल्क का भुगतान करेंगे। आवेदकों के पास भवन निर्माण की अनुमति प्राप्त करते समय आनुपातिक खुली जगह शुल्क का भुगतान करने का विकल्प है। खुली जगह शुल्क की गणना बाजार मूल्य के 14 प्रतिशत पर की जाएगी। यदि शुल्क का भुगतान 31 मार्च के बाद किया जाता है, तो 25 प्रतिशत छूट भुगतान पर लागू नहीं होगी।

इस संबंध में सरकार ने गुरुवार को जीओएम 28 जारी कर दिया है। यह आदेश उन जिलों में लागू होंगे जहां एमएलसी चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू नहीं है। राज्य सरकार ने यह निर्णय इस बात को ध्यान में रखते हुए लिया है कि प्रक्रियागत जटिलताओं के कारण एलआरएस आवेदनों पर कार्रवाई की प्रक्रिया बहुत धीमी है। इसके अलावा, एलआरएस नियमों के अनुपालन के बावजूद कुछ अनधिकृत भूखंड तकनीकी कारणों से अपंजीकृत रह गए हैं।

सरकार ने यह भी घोषणा की है कि कोई भी अपंजीकृत भूखंड, जो अनधिकृत लेआउट का हिस्सा बन रहा है, जिसमें 10 प्रतिशत भूखंड पहले ही 26 सितंबर, 2020 को या उससे पहले पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से बेचे जा चुके हैं, भले ही ऐसे मालिकों ने एलआरएस-2020 के तहत आवेदन किया हो या नहीं। उन्हें नियमितीकरण शुल्क और आनुपातिक खुले स्थान शुल्क का भुगतान करने के बाद सक्षम उप-रजिस्ट्रार के पास पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। उप-पंजीयकों को ऐसे भूखंडों का विवरण एकत्र करने तथा आगे की प्रक्रिया के लिए उन्हें एलआरएस पोर्टल पर भेजने का भी निर्देश दिया गया है।

बेहतर मुआवजे के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

जलाशय के काम में डाल रहे बाधा

15.91 टीएमसी क्षमता वाले जलाशय का हो रहा निर्माण

महबूबनगर, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जादचेरला मंडल के विभिन्न गांवों (थांडा) के कई किसान और निवासी मुआवजे के भुगतान में देरी को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ़ खड़े हैं। वे उदंडापुर जलाशय के निर्माण के लिए अपनी ज़मीन देने के लिए बढ़े हुए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

उचित मुआवज़ा देने में हो रही अत्यधिक देरी के कारण किसान और ज़मीन मालिक जलाशय के काम में बाधा डाल रहे हैं। कुछ दिन पहले तो उन्होंने काम वाली जगह पर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

जादचेरला मंडल के अंतर्गत 15.91 टीएमसी क्षमता वाले जलाशय का निर्माण किया जा रहा है। इसके अनुसार, वल्लूर, उदंदपुर और पांच अन्य थांडा में लगभग 4,900 एकड़ जमीन और घरों सहित 2,850 से अधिक संरचनाएं प्रभावित हो रही हैं। किसान सरकार से मुआवज़ा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। कुछ किसानों और ज़मीन मालिकों ने उचित मुआवज़े के लिए अदालत का दरवाज़ा भी खटखटाया है।

इससे पहले सरकार ने उन्हें प्रति परिवार 5.5 लाख से 6.5 लाख रुपये का मुआवजा पैकेज देने की पेशकश की थी।

बाजार मूल्य में वृद्धि का हवाला देते हुए किसान और भूमि मालिक मुआवजे को बढ़ाकर 16.5-25 लाख रुपये करने की मांग कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता दिखाई थी और किसानों को भरोसा दिलाया था कि मुआवजा बढ़ाया जाएगा। चुनाव के बाद भी स्थानीय विधायक जे अनिरुद्ध रेड्डी ने सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाने और पोलेपल्ली विस्थापितों के बराबर मुआवजा बढ़ाने का वादा किया था। एक साल हो गया है और कांग्रेस नेताओं और सरकार की ओर से इस पर कोई बयान नहीं आया है, जिससे किसान नाराज हैं।

मुआवज़े के लिए पहचाने गए 1,950 ढांचों में से लगभग 510 ढांचों को 45 करोड़ रुपये से ज़्यादा मुआवज़ा दिया गया। शेष ढांचों को मुआवज़ा दिया जाना है और तदनुसार, किसान और मालिक मुआवज़ा भुगतान में तेज़ी लाने की मांग कर रहे हैं। जब तक सरकार उचित मुआवजा नहीं देती, तब तक काम बाधित रहेगा। भूमि मालिकों ने बताया कि इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया है।

रामागुंडम में कचरा संग्रहण वाहन रुके

बंकरों ने ईंधन देने से कर दिया मना

पेद्दापल्ली, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रामागुंडम नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों का परिचालन ठप हो गया है, क्योंकि पेट्रोल पंप मालिक ने अधिकारियों द्वारा बिलों का भुगतान न किए जाने के कारण ईंधन देने से इनकार कर दिया है। पेट्रोल-डीजल की कमी के कारण ऑटो ट्रॉली, ट्रैक्टर, अर्थमूवर, ब्लेड ट्रैक्टर समेत करीब 12 वाहन नहीं चल पा रहे हैं। एमसीआर अधिकारी आमतौर पर हर महीने की 20 तारीख तक पेट्रोल पंपों के बिलों का भुगतान कर देते हैं। लेकिन इस महीने अभी तक बिलों का भुगतान नहीं हुआ है। पता चला है कि निगम के कुछ कर्मचारियों ने पेट्रोल पंप मालिक को यह कहकर गुमराह किया कि परिषद का कार्यकाल पूरा हो जाने के कारण बिलों का भुगतान नहीं हो पाएगा। इससे घबराकर पेट्रोल पंप मालिक ने कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ईंधन भरने से मना कर दिया। निगम में 90 गाड़ियां हैं।

दक्षिण मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.-43-सीडब्लूएमएलजीडीएस-इटी-2024-25 दि.21-02-2025

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, तत्संबंधित निविदा सं.-43-सीडब्लूएमएलजीडीएस-इटी-2024-25, बंद तिथि 15-03-2025 के सु.11.00 बजे, के प्रति ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण, अपने मूल/संशोधित बोलियों को, उक्त बंद तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य होंगे एवं तत्संबंधित किसी भी प्रकार के मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजर अंदाज किया जायेगा।

ठेकेदारों को अनुमति दी जाती है कि, इस निविदा के निविदा दस्तावेज मूल्य एवं पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) का भुगतान, आईआरइपीएस पोर्टल पर उपलब्ध जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि द्वारा ही कर सकते हैं। इस मामले में मैन्युएल पेमेन्ट्स जैसे डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रीसीप्ट्स, एफ़डीआर आदि अमान्य होंगे।

निविदा सं.-43-सीडब्लूएमएलजीडीएस-इटी-2024-25 दि.21-02-2025 , कार्य विवरणः कोचेस का इंसपेक्शन कैरेज में रुपांतरण तथा सिंगल साइड सहित आब्जर्वेशन कार कन्वरशन।

अनुमानित लागतःरु.1,06,91,363.32 (रु. एक करोड छह लाख इक्यानवे हजार तीनसौं तिरसठ व बत्तीस पैसे मात्र), पूधराःरु. 2,03,500.00 (रु.दो लाख तीन हजार पांचसौ मात्र), पूरा करने की अवधिः 6 महिने, बंद करने की तिथिः 15.03.2025 के सु.11.00 बजे

वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in

निविदा के संपूर्ण विवरण से संबंधित नोटिस बोर्ड स्थानः चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज वर्कशाप, सिकंदराबाद-500017

निविदा शर्तों/अधिक जानकारी (निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध) तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग, शुध्दिपत्रों के लिए, कृपया हमारा वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in देखें।

चीफ वर्कशाप मैनेजर, सीडब्ल्यूएस, लालागुडा,सिकंदराबाद

नं. डिप्युटी सीइइ-जीएस-बीजेडए-22-2024-25 दि.20-02-2025 (www.ireps.gov.in द्वारा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे), विजयवाडा द्वारा निम्न कार्यों हेतु खुली निविदा/टेंडरिंग की एकल पैकेट प्रणाली के तहत ई-निविदा आमंत्रित हैं।

निविदा सं.बीजेडए-जीएसयु-इलेक.-22-2024-25 दि.13-02-2025 , कार्य विवरणः विजयवाडा के गोल्लापोलु(जीएलपी) यार्ड पर प्रस्तावित अप लूप लाइन के लिए 25 केवी कन्वेन्शनल टाइप-रेग्युलेटेड ओएचइ का प्रावधान। निविदा मूल्य रु.20006612.30, पूधराःरु.2,50,000.00, पूरा करने की अवधिः 09 महिने, निविदा दस्तावेज मूल्यः रु. शून्य, बंद करने की तिथि व समयः 10.03.2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज व अन्य विवरण हेतु, कृपया वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in पर लागिन करें।

पूधरा का भुगतान आईआरइपीएस के आनलाइन पर उपलब्ध मात्र नेट बैंकिंग/पेमेंट गेटवे सुविधाओं द्वारा ही करना चाहिए अथवा बोली सुरक्षा या बिड सेक्युरिटी के प्रति बैंक गारंटी को, मैन्युएल रुप में, वरिष्ठ विभागीय वित्त प्रबंधक, द.म.रेलवे, विजयवाडा के पक्ष में प्रस्तुत करना चाहिए।

निविदादाताओं को, अपने आफर्स को आनलाइन रुप में, निविदा प्रस्तुति/बोली या बिड्डिंग अवधि के दौरान, निविदा बंद की तिथि से पंद्रह दिन पहले, प्रस्तुत करने होंगे।

निविदादातागण, किसी भी शुध्दिपत्रों (केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि/बिड्डिंग अवधि की प्रारंभ की तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

विभागीय बिजली अभियंता, गति शक्ति, विजयवाडा

खुली ई-निविदा सूचना

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु दि.14-03-2025 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

कार्य विवरणः निविदा सूचना सं. व तिथि-एससीआर-बीजेडए-एसएनटी-इ33-ओटी-24-25 दि.21-02-2025 , विजयवाडा डिवीजनः विजयवाडा डिवीजन में, एसएण्डटी कार्यों से जुडी प्रस्तावित आरओबी निर्माण कार्य में किमी 143/32--34 पर एलसी नं. 102, किमी 440/22-24 पर एलसी नं.319, किमी 728/24-26 पर एलसी नं.477 तथा किमी 750/32-751/02 पर एलसी नं.489 के एवज में तत्संबंधित प्रस्तावित आरओबी निर्माण कार्य।

निविदा मूल्यः रु.2,78,37,436.20, पूधराःरु.2,89,200.00, केवल आनलाइन रुप में या बोली सुरक्षा के रुप में, सीटीबीः शून्य, पूरा करने की अवधिः 365 दिन

बंद करने की तिथि व समयः दि.14.03.2025 के 15.30 बजे

भावी निविदाकरों को सलाह दी जाती है कि, किसी भी निविदा के परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, वेबसाइट "www.ireps.gov.in " का अवलोकन करें।

विभागीय रेल प्रबंधक, (एसएण्डटी), विजयवाडा

निविदा सूचना सं.एनइडी/इ-37/2024-25 दि.20/02/2025

निम्न ई-निविदाओं के लिए @www.ireps.gov.in पर आफर्स आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1. एनइडी/इ-37/2024-25-कार्य विवरणः नांदेड डिवीजन के एलसी गेट नंबर्स 7, 53, 39, 83, 99, 77, 125, 129, 121, 163, 29 एवं 171 पर बिजली से संचालित लिफ्टिंग बैरियर के साथ मेकानिक या यांत्रिक रुप से संचालित लिफ्टिंग बैरियर का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेन्ट कार्य। 2) नांदेड डिवीजन के बीडीयु-जालना स्टेशनों के बीच एलसी नं.72 की इंटरलाकिंग करना एवम् बीएमएफ -एमआरवी के बीच एलसी नं.168 तथा एलएसआर-पीओजेड स्टेशनों के बीच इंटरलाकिंग कार्य। अनुमानित लागतःरु.84,73,664.00, बोली सुरक्षा राशिः रु. 1,69,500.00, प्रस्ताव या आफर वैध-60 दिनों तक, पूरा करने की अवधिः 12 महिने, तत्संबंधित विवरण नांदेड डिवीजन एडमिनिस्ट्रेशन के तहत वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध। बंद करने की तिथि व समयः 17-03-2025 के 15-00 बजे तक

निविदा दस्तावेज, योग्यता मानदंड, खास शर्तें आदि हेतु उपरोक्त वेबसाइट पर जाएं। यह सलाह दी जाती है कि, ध्यान दें एवं चेक करें कि, इस आफर की प्रस्तुति के पहले, आनलाइन पर कोई शुध्दिपत्र तो प्रकाशित नही हुवा है।

विभागीय रेल प्रबंधक (बिजली), नांदेड

A0249

निविदा नियम, शर्तों/ अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्स https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 22 फरवरी - 2025

ट्रंप का टेरिफ अटैक

अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत पर अमेरिकी उत्पादों पर उच्च टैरिफ लगाने का आरोप लगा कर अपने नागरिकों की निगाह में अपनी छवि गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले में सख्त रुख अपनाने की धमकी भी दे रहे हैं। फिर भी व्यापार घाटे के आंकड़े अन्य देशों की तुलना में काफी कम हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः घरेलू मांग पर निर्भर है, जिससे इसका प्रभाव कम होने की संभावना है। ट्रंप ने फिर कहा है कि भारत अमेरिकी प्रॉडक्ट्स पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल है और वह इस मामले में जैसे को तैसा की नीति पर कोई समझौता नहीं करने वाले हैं। अब उनके इस रुख पर कई वजहों से सवाल भी उठने लगे हैं, लेकिन अगर उनकी यह नीति बिना संशोधन या अपवाद के अमल में आती है तो भी भारत के लिए कोई चिंता की बात नहीं होगी। ट्रंप का व्यापार घाटे के सिलसिले में बार-बार भारत का नाम लेना थोड़ी हैरत इसलिए पैदा कर रहा है क्योंकि वास्तविक आंकड़ा अन्य कई देशों के मुकाबले काफी राहतभरा है। अमेरिका हमेशा से ही भारत को सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर मानता रहा है, लेकिन दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे की राशि 2024 में 35.3 बिलियन डॉलर दर्ज की गई थी, इसमें भारत का पलडा भारी दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर अमेरिका के दूसरे व्यापारी देश वियतनाम, ताइवान और दक्षिण कोरिया को यह पॉलिसी ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती है, जो अमेरिकी व्यापार घाटे में ज्यादा बड़ा योगदान करते हैं। भारत के पक्ष में सबसे बड़ी बात यह है कि इसकी इकॉनमी आज भी मुख्यतया घरेलू डिमांड से संचालित होती है। दूसरी बात यह कि अमेरिका में भारत के निर्यात का ज्यादा बड़ा हिस्सा सर्विस सेक्टर (जैसे- इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलजी सेवाएं) से जुड़ा है, जो फिलहाल ट्रंप प्रशासन के लिए मजबूरी भी है। इसलिए ट्रंप प्रशासन इस सेक्टर को छेडने से पहले सौ बार सोचेगा। ऐसे में अगर विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ के मामले में सख्त रवैया अपनाया भी जाता है तो अन्य देशों के मुकाबले भारत पर इसका प्रभाव ज्यादा नहीं पडेगा। दवा क्षेत्र को लेकर जरूर चिंता दिखाई दे रही है। भारत को दवाओं के निर्यात से जो आमदनी होती है, उसमें अमेरिका का योगदान 30% से अधिक है। भारत में बनी सस्ती जेनेरिक दवाएं अमेरिका भेजी जाती हैं, जिनकी बदौलत अमेरिकी लोगों के इलाज का खर्च काफी कम पडता है। ऐसे में अगर इन पर टैरिफ बढ़ाया जाता है तो जाहिर है भारत की बजाय वहां के लोगों पर इसका असर पडेगा और वहां के मरीजों को ही महंगी दवाएं मिलेंगी। शायद इसीलिए भारत अभी किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं है। भारत अभी तेल और तेल की धार देख रहा है। वैसे भी, इस मामले में अभी बहुत सी चीजें साफ नहीं हैं। ट्रंप रोज ही टैरिफ को लेकर कुछ न कुछ बयानबाजी कर दुनिया को गुमराह करते दिखाई दे रहे हैं। फिर भी सवाल उठता है कि यदि अमेरिका अपने फैसलों को लागू करता है तो बहुत सारी बातें उससे ही तय होंगी। बड़ी बात यह भी है कि अगर ट्रंप ने जवाबी टैरिफ की नीति पर अमल किया तो इससे अमेरिकी इकॉनमी को तो नुकसान होगा ही, वैश्विक ग्रोथ में भी कमी आएगी यानी इससे किसी का भला नहीं होगा। इसलिए भी भारत अभी ट्रंप के कदम का इंतजार कर रहा है।

यातनागृह बन रहे हैं कालेज कैंपस



मनोज कुमार अग्रवाल

देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के केम्पसों से लगातार क्षेत्र नस्ल रंग भेद को लेकर सहपाठी छात्र छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं।इन का सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है सवाल उठता है कि हमारे केम्पसों का माहौल टार्चर सैनटर में तब्दील क्यों हो रहा है? सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि नैपाली छात्रा को उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अबतक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के साथ ही मंगलवार को केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया।वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के एमबीबीएस छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल , विजयपुरा में मंगलवार को क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। 2019 बैच के सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है।

आपको याद हो हाल ही में 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनीधारा में 15 साल के एक नाबालिग छात्र मिहिर ने हास्टल की छब्बीसवी मंजिल से छलांग लगा कर जान दे दी थी आरोप है उसे रंगभेद की वजह से सहपाठियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इस से पहले गुजरात के एक मेडिकल कालेज में एमबीबीएस छात्र अनिल मेघानिया को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के नाम पर तीन घंटे लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया गया छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह मामले तो नमूना भर हैं आए दिन हमारे कालेज केम्पसों से शारीरिक मानसिक दैहिक शोषण की खबरें आ रहीं हैं।

आपको बता दें कि नैपाली छात्रा से जुड़े ताजा मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। दावा है कि छात्र लड़की का बॉयफ्रेंड था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। छात्रों ने यह आरोप भी लगाया कि यूनिवर्सिटी ने मामले को दबाने की कोशिश भी की। मीडिया पर वायरल एक विडियो में दावा किया गया है कि कालेज की दो टीचर्स ने नेपाली छात्रों से बहस की। एक टीचर ने कहा कि हमारा कॉलेज 40 हजार लोगों को फ्री में बैठा के पढ़ा-खिला रहा है। दूसरी ने कहा कि इतना तुम्हारे देश का बजट नहीं होगा।

वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक X पोस्ट में शेयर किए गए वॉट्सऐप चैट के स्क्रीनशॉट के मुताबिक, आरोपी लड़के ने यूनिवर्सिटी की सेंट्रल लाइब्रेरी में लड़की को मोलेस्ट किया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उसके शव को ले जाकर उसके हॉस्टल के कमरे में रख दिया जिससे ये सुसाइड दिखे।इसके अलावा एक वीडियो में दावा किया गया है कि यूनिवर्सिटी ने करीब 800 छात्रों को ऑडिटोरियम में बैठाया और उनके फोन जब्त किए, ताकि वे इस मामले को लेकर किसी से बात न कर सकें। इस घटना के बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले नेपाल के छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर मामले को दबाने का आरोप लगाया। स्टूडेंट्स ने कहा कि हम रविवार रात यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल ऑफिस गए और रात भर धरने पर बैठे रहे। इसके बाद सोमवार को हमें हॉस्टल से बाहर निकाल दिया गया। एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी से सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया। ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की नैपाली स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। दावा है कि छात्र लड़की का बॉयफ्रेंड था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। छात्रों ने यह आरोप भी लगाया कि यूनिवर्सिटी ने मामले को दबाने की कोशिश भी की।मृतक छात्रा के पिता सुनील लामसाल ने कहा- हमें बस इतना पता है कि जांच की जा रही है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट जल्द ही आ जाएगी। हमें जानकारी मिली है कि उसे परेशान किया गया और इमोशनली ब्लैकमेल किया गया। जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली। 17 फरवरी को हमने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से बात की थी। उन्होंने कुछ नहीं कहा, लेकिन पुलिस और कॉलेज प्रशासन सहयोग कर रहा है। बेटी का कजिन भाई भी यहां पढ़ता है। उसने हमें घटना के बारे में बताया था। पिता सुनील ने कहा कि एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुझे लगता है कि इस सब के पीछे वो ही जिम्मेदार है। उसका फोन, लैपटॉप और डायरी फोरेंसिक विभाग को दी गई है। सुनील ने कहा कि पुलिस प्रशासन और सरकार हमारी मदद कर रही है। मैंने सुना है कि छात्रों को जाने के लिए कहा जा रहा है, यह सही नहीं है। हम केवल न्याय की मांग कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के बीच ऑडियो वायरल है, जिसमें किसी लड़की और लड़के की बातचीत है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो रही है। लड़का लड़की को लगातार गालियां दे रहा है।लड़का लड़की से माफी मांगने के लिए कहता है। इस पर लड़की लड़के से माफी मांग लेती है। दोनों के बीच लंबी बहस के बाद लड़की रोने लगती है। दावा किया जा रहा है कि यह कॉल रिकॉर्डिंग प्रकृति और आरोपी लड़के के बीच बातचीत की है।ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था।प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्ला कर कहा कि यह आपके देश के बजट के बराबर है। सवाल उठता है कि प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को हैवानियत का निशाना बना कर कब तक मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर किया जाएगा? क्या हमारे कैंपस अय्याशी और अपराध के अड्डे बन रहे हैं? कई राज्यों के कालेज कैंपसों में नशीले पदार्थों की सप्लाई और नशाखोरी के समाचार भी चिंताजनक हैं। सरकार को कैंपसों को बरबाद होने से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

दिल वालों की दिल्ली में चुनौतियों भरी रेखा

पारसमणि अग्रवाल

बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि पाना आसान होता है लेकिन निभाना उतना ही मुश्किल फिर चाहे रिश्ता हो, राजनीति हो या कोई और क्षेत्र। ऐसा ही कुछ हाल मौजूदा समय में दिल वालों की दिल्ली का है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने 27 साल के वनवास को समाप्त कर सत्ता की कुर्सी तो हासिल कर ली लेकिन यह कुर्सी मखमली नहीं बल्कि चुनौतियों से भरी हुई है। दिल्ली में परिवर्तन की आंधी के साथ बीजेपी ने भी अपनी रणनीति बदली और सत्ता तक पहुंचने में सफल रही।

इस ऐतिहासिक सफर की शुरुआत उसी मैदान से हुई जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना हजारे ने अपने आंदोलन को देशव्यापी रूप देकर जनता को जागरूक किया था। इसी आंदोलन के साथी अरविंद केजरीवाल ने राजनीति में कदम रखते हुए आम आदमी पार्टी का गठन किया और सत्ता तक पहुंचे। अगर अरविंद केजरीवाल सरकार के कार्यों की समीक्षा करें, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली-पानी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, और मोहल्ला क्लीनिक जैसी योजनाओं का लाभ आम आदमी को मिला हालांकि, भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरने के कारण उनकी सरकार को मतदाताओं ने अस्वीकार कर दिया।

परिणामस्वरूप, दिल्ली की जनता ने बीजेपी को विकल्प के रूप में स्वीकार किया, जिससे अरविंद केजरीवाल को हार का सामना करना पड़ा। बीजेपी के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती अपने संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करना है। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, प्रदूषण मुक्त हवा, प्रति वर्ष 50,000 नई नौकरियां, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता, मुफ्त बस यात्रा, सीवर और नालों की सफाई, ट्रैफिक जाम से निजात और मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को जारी रखना शामिल है। विशेष रूप से, शीला दीक्षित के 15 वर्षों के कार्यकाल के दौरान दिल्ली में हुए विकास कार्यों की तुलना में 'रेखा सरकार' के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए यह साबित करना होगा कि वह केवल एक 'कठपुतली मुख्यमंत्री' नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला दीक्षित और सुषमा स्वराज जैसे मजबूत नेतृत्व का उदाहरण सामने रखना होगा। दिल्ली की जनता के सामने आज कई गंभीर समस्याएँ हैं जिनमें बढ़ता वायु प्रदूषण, ट्रैफिक जाम, जल संकट, और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। इन समस्याओं का समाधान निकालना बीजेपी सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। दिल्ली में हर साल सर्दियों के मौसम में प्रदूषण चरम पर पहुँच जाता है, जिससे जनता को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परेशानियाँ झेलनी पड़ती हैं। यमुना नदी की सफाई और जल संरक्षण योजनाएँ इस समस्या के समाधान में मदद कर सकती हैं। दिल्ली में ट्रैफिक जाम एक प्रमुख समस्या है। इसको दूर करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना और मेट्रो नेटवर्क का विस्तार जरूरी होगा। दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठते रहे हैं। भाजपा सरकार को इस मुद्दे पर कड़े कदम उठाने होंगे ताकि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके।बीजेपी सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरे। विपक्षी दलों की आलोचनाओं से बचने के लिए भाजपा को शीघ्र ही अपनी विकास योजनाओं पर काम शुरू करना होगा। चुनावी वादों को पूरा करने में किसी भी तरह की ढिलाई भाजपा के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। दिल्ली की जनता ने परिवर्तन का रास्ता चुना है, लेकिन अब यह देखना दिलचस्प होगा कि बीजेपी इस अवसर को किस तरह भुनाती है और अपनी सरकार को जनहितकारी सिद्ध कर पाती है या नहीं।

क्या अमेरिका ने यूक्रेन को मंझधार में छोड़ दिया है

राजेश कुमार पासी

एक देश को कभी भी किसी दूसरे देश के भरोसे जंग नहीं लड़नी चाहिए, ये बात रूस-यूक्रैन युद्ध ने एक बार फिर साबित कर दी है। अमेरिका के उकसावे में आकर यूक्रैन के राष्ट्रपति जेलेन्स्की ने अपने देश को ऐसे अंधे कुँए में धकेल दिया है जहां से यूक्रैन कभी भी बाहर नहीं निकल पायेगा। डोनाल्ड ट्रंप न केवल यूक्रेन से अब तक की गई अमेरिकी मदद की कीमत मांग रहे हैं बल्कि आगे मदद करने की बड़ी कीमत वसूल करने का इशारा कर रहे हैं। देखा जाए तो जेलेन्स्की ने नाटो में शामिल होने के जिद् में आकर अपने देश को रूस जैसी बड़ी ताकत के सामने युद्ध में धकेल दिया। अब यह बात कोई और नहीं बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी कह रहे हैं । उनका कहना है कि यूक्रैन ने अपने युद्ध के लिए यूरोप और अमेरिका का इस्तेमाल किया है । जिस नाटो में शामिल होने के लिए उन्होंने अपने देश को युद्ध की आग में झोंक दिया, अब उसी नाटो ने यूक्रैन को शामिल करने से इनकार कर दिया है। जिस नाटो में शामिल होने के लिए जेलेन्स्की बेकरार थे, आज उसी नाटो को अमेरिका छोड़ने की धमकी दे रहा है। बिना अमेरिका के नाटो का कोई मतलब नहीं है, यही कारण है कि अब जेलेन्स्की यूरोपीय देशों को अपना नाटो बनाने की सलाह दे रहे हैं । अभी तक जेलेन्स्की यूरोप और अमेरिका के लाडले बने हुए थे लेकिन अमेरिका में सत्ता परिवर्तन होते ही हालात एकदम विपरीत दिशा में चले गये हैं । जो बाइडन यूक्रेन युद्ध का इस्तेमाल करके रूस को बर्बाद करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन ट्रंप की सोच इससे अलग है । वैसे देखा जाये तो सिर्फ सत्ता परिवर्तन से किसी देश की विदेश नीति में इतना बड़ा बदलाव नहीं आता है लेकिन अमेरिका में ऐसा हो रहा है । बाइडन यूक्रेन की हर तरह की मदद करने को तत्पर दिखाई दे रहे थे जबकि ट्रंप न केवल अब की गई मदद की कीमत मांग रहे हैं बल्कि मदद जारी रखने के लिए इस शर्त को पूरा करने का दबाव बना रहे हैं । अमेरिका के पूर्व सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर ने कहा था कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है लेकिन अमेरिका का दोस्त होना उससे भी ज्यादा खतरनाक है । यह बात आज यूक्रेन और यूरोप के लिए सच साबित हो रही है । अमेरिका की दोस्ती ने पाकिस्तान को बर्बाद कर दिया है और कई मुस्लिम देश भी अमेरिका की दोस्ती की कीमत चुका रहे हैं । भारत अमेरिका की इस फितरत को अच्छी तरह समझता है इसलिये अमेरिका से अच्छे रिश्ते जरूर रखता है लेकिन अमेरिका से दोस्ती के चक्कर में रूस से अपने रिश्ते नहीं बिगड़ने दिये हैं । रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अमेरिका चाहता था कि भारत रूस से दूरी बना ले लेकिन भारत ने इस पर ध्यान नहीं दिया । अमेरिका चाहता है कि भारत चीन के खिलाफ अमेरिका का हथियार बन जाये लेकिन भारत अपने तरीके से चीन से निपट रहा है । पश्चिमी मीडिया ने अभी तक यह प्रचारित किया है कि रूस ने यूक्रेन पर हमला किया है और यूक्रेन अपनी रक्षा कर रहा है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने इस झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। सच यह है कि नाटो ने जेलेन्स्की को उकसा कर रूस के सामने ऐसे हालात पैदा कर दिए कि रूस के पास यूक्रेन पर हमला करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा । रूस ने यह युद्ध यूक्रेन पर कब्जा करने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए शुरू किया था। बाइडन के शासन में अमेरिका यह मानता था कि यूक्रेन पर रूस ने हमला किया है, यूक्रेन तो सिर्फ अपना बचाव कर रहा है । इसके अलावा यूरोपीय देश यह मानते थे कि अगर रूस को रोका नहीं गया तो रूस यूरोप पर भी हमला कर सकता है । यूरोप अभी भी अपनी पुरानी सोच पर चल रहा है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका मानता है कि युद्ध का कारण यूक्रेन की नाटो में शामिल होने की जिद् है । ट्रंप कह रहे हैं कि जेलेन्स्की युद्ध रोकना ही नहीं चाहते, इसलिए यह युद्ध चल रहा है । अभी तक इस युद्ध को खत्म करने के लिए जो बैठकें हो रही थीं, उसमें रूस की जगह यूक्रेन को तरजीह दी जा रही थी । भारत ने कई बार कहा है कि अगर युद्ध को रोकना है तो रूस के साथ भी बातचीत की जाए लेकिन रूस की बात न तो अमेरिका सुन रहा था न ही यूरोप सुन रहा था । अब अमेरिका ने अलग ही रास्ता अपना लिया है, इस युद्ध को समाप्त करने के लिए सऊदी अरब की मध्यस्थता में रूस और अमेरिका ने एक बैठक बुलाई जिसमें न तो यूक्रेन को शामिल किया गया और न ही यूरोप को बुलाया गया । सवाल यह है कि यूरोप और यूक्रेन को बाहर रखकर इस युद्ध को समाप्त करने का समझौता किया जा सकता है । ट्रंप का कहना है कि अमेरिका ने यूक्रेन को बचाने के लिए बहुत पैसा खर्च किया है अब यूक्रेन को इसकी भरपाई करनी चाहिए । इसके लिए उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की को स्पष्ट रूप से कह दिया है कि अमेरिका को यूक्रेन के सभी प्राकृतिक संसाधनों में आधा हिस्सा चाहिए । इसके लिए डोनाल्ड ट्रंप ने बाकायदा एक ड्राफ्ट एग्रीमेंट बनाकर यूक्रेन को दिया है और कहा है कि आप इस पर विचार करें । अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन से जितने भी प्राकृतिक संसाधनों का निर्यात किया जाए, उसमें से पहले अमेरिका का आधा हिस्सा निकाला जाए । इसके बाद अमेरिका ही तय करे कि वो उन संसाधनों को खरीदेगा या नहीं, अगर अमेरिका नहीं खरीदता है तो ही उन्हें दूसरे देशों को भेजा जाए । देखा जाए तो अमेरिका यूक्रेन की मदद के बदले हर्जाना चाहता है । अमेरिका ने यह भी कहा है कि अगर यूक्रेन चाहता है कि अमेरिका उसकी मदद आगे भी जारी रखे तो उसे अमेरिका की शर्तें माननी ही होंगी । इस ड्राफ्ट एग्रीमेंट में कहा गया है कि यूक्रेन की जो भी आय होगी, उसमें से पहले अमेरिका का हिस्सा अलग किया जाएगा. उसके बाद ही यूक्रेन उस पैसे का इस्तेमाल कर सकता है। वास्तव में जेलेंस्की ने रूस से बचाव के लिए खुद ही अमेरिका के सामने ऐसा प्रस्ताव रखा था, जिसमें यूक्रेन में मौजूद बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों में कुछ हिस्सा अमेरिका का भी होगा । उसका मानना था कि ऐसा करने से रूस यूक्रेन पर हमला नहीं करेगा क्योंकि इससे अमेरिका का नुकसान होगा । दूसरी तरफ जेलेन्स्की ने यूरोप और अमेरिका को यह भी डर दिखाया कि अगर यूक्रेन को नहीं बचाया गया तो इन संसाधनों पर रूस का कब्जा हो सकता है। अब जेलेन्स्की की चाल उल्टी पड़ गई है, ट्रंप ने आधा हिस्सा मांग लिया है जिसे जेलेन्स्की कभी स्वीकार नहीं कर सकते । देखा जाए तो अगर यूक्रेन अमेरिका की यह मांग मान लेता है तो वो एक तरह से अमेरिका का आर्थिक उपनिवेश बन जायेगा और उसका पुनर्निर्माण भी मुश्किल हो जाएगा। रूस ने यूक्रेन को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है, युद्ध रुकने के बाद यूक्रेन की पहली जरूरत होगी कि वो अपने देश का पुनर्निर्माण करे । सवाल उठता है कि जब यूक्रेन अपनी आधी कमाई अमेरिका को दे देगा तो वो अपना पुनर्निर्माण कैसे करेगा। अब यूक्रेन की हालत आगे कुंआ, पीछे खाई वाली हो गई है । अब अगर यूक्रेन अमेरिका की बात मानता है तो बर्बाद होगा और अगर नहीं मानता है तो भी बर्बाद होगा । यूरोप आज भी यूक्रेन के साथ खड़ा नजर आ रहा है लेकिन बिना अमेरिका के रूस को रोकना यूक्रेन के लिए मुश्किल होगा । रूस ने यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है और यह कब्जा दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है ।

दिल्ली में भाजपा की सफल 'चौंकाऊ परंपरा'

डॉ. रमेश ठाकुर

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भारी मंथन और विचार-विमर्श के पश्चात दिल्ली चुनाव परिणाम के 12वें दिन बाद आखिरकार रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान हुआ। मुख्यमंत्री के नाम पर भारतीय जनता पार्टी की चौंकाऊ शैली का सिलसिला विभिन्न राज्यों की तरह दिल्ली में भी जारी रहा। भाजपा के जीते 48 विधायकों में शायद कोई एकाध नाम छूटा हो जिनका नाम मुख्यमंत्री के दावेदार के तौर पर सोशल मीडिया में न तैरा हो। बड़ा कयास तो प्रवेश वर्मा को लेकर था लेकिन अंत में वह पिछड़ गए। क्यों पिछड़ें? इसका जवाब किसी के पास नहीं? आठ फरवरी के चुनाव परिणाम के दिन से लेकर 19 तारीख की देर शाम तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने सस्पेंस बरकरार रखा। जैसे पिटारे से नाम बाहर निकला, सभी चकित रह गए। ऐसा नाम जिसकी कल्पना तक किसी नहीं की? भाजपा ने एक और नई परंपरा शुरू की है। चुनाव जीतने के बाद राज्यों में किसी बड़े चेहरे को मुख्यमंत्री के पद पर नहीं बैठाएंगे जबकि, अंदरखाने इस परंपरा से वह नेता असहज और बेहद नाखुश हैं जो जीत में बड़ी भूमिका अदा निभाते हैं। सीएम पद के दावेदारों में दिल्ली में भी कुछ बड़े और प्रचलित नाम थे लेकिन सभी नकारे गए। मोदी-शाह के फैसले के बाद पार्टी का अन्य कोई महत्वाकांक्षी विधायक शायद ही रेखा गुप्ता का विरोध करने का अब दुस्साहस कर पाए? सीएम बनने के बाद रेखा गुप्ता को भी अपना सियासी कार्यकौशल दिखाना पड़ेगा। पार्टी ने चुनाव अभियान में दिल्ली वालों को बहुतेरे सब्जबाग दिखाए हैं। उन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी उन पर होगी। फ्री की सौगातें, पेयजल समस्या से निपटना, बिजली संकट, यमुना की सफाई, बेरोजगारी जैसे बड़े मसलों पर उनकी राजनीतिक परीक्षा दिल्ली की जनता लेगी। परीक्षा आम आदमी पार्टी की भी है। विपक्षी भूमिका में कितना कारगर साबित होंगे, ये उन्हें सिद्ध करना होगा।भाजपा का चुनाव जीतने के बाद अंत तक मुख्यमंत्री के नाम को सार्वजनिक नहीं करने की 'चौंकाऊ परंपरा' इस समय चर्चाओं में है। ये सिलसिला बीते कुछ वर्षों से उन्होंने जारी रखा है। हालांकि इसके फायदे-नुकसान का गणित उन्हें ही पता होगा? पिछले ही साल मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी इसी शैली ने सबको चौकाया था। एमपी में डॉ. मोहन यादव, राजस्थान में पंडित भजनलाल शर्मा को सामने लाकर पार्टी ने प्रदेशों में खलबली मचा दी थी। उन तीनों राज्यों के निर्णयों में एक बात तो कॉमन थी जो कतई भी चौंकाती नहीं? दरअसल, तीनों ही मुख्यमंत्री आरएसएस और भाजपा की राजनीतिक-संस्कृति में पले-बढ़े नेता हैं? तीनों नाम संघ-भाजपा की आपसी सहमति से तय हुए। पेशे से वकील रेखा गुप्ता सालों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं हैं। संघ के नेताओं से भी उनके संबंध बेहतरीन बताए जाते हैं। हरियाणा के जींद जिले स्थित नंदगढ़ में जन्मी रेखा गुप्ता को लेकर भाजपा ने एक मास्टर स्ट्रोक खेला है. इस समय तकरीबन राज्यों में भाजपा की हुकूमतें हैं जिनमें किसी में कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसलिए राजधानी में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर उस कमी को भाजपा ने दूर किया है क्योंकि विपक्षी दल ये आरोप लगाते आए थे कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है पर निभाती नहीं? पार्टी ने जाति-समीकरण को देखकर ही रेखा गुप्ता का सीएम के लिए चुनाव किया है क्योंकि वह वैश्य समाज से वास्ता रखती हैं। दिल्ली में वैश्य बहुतायत संख्या में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी वैश्य थे. उनकी काट पार्टी ने रेखा के जरिए की है। वैश्य समुदाय से जुड़े अन्य नेता के नाम पर भी मंथन हुआ। जैसे कि अगर अनुभवी राजनेता विजेंद्र गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया जाता, तब भी इस समीकरण को साध सकते थे लेकिन महिला होने के नाते रेखा गुप्ता का पलड़ा विजेंद्र गुप्ता से भारी पड़ा। भविष्य की चुनौतियों की जहां तक बात है तो उससे लड़ने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जमीन पर उतरना पड़ेगा। बल्कि भाजपा की पूरी मशीनरी को भी सामूहिक रूप से दिल्ली में मोर्चा संभालना होगा क्योंकि पार्टी ने चुनाव में वादों की बौछार की हुई है। सभी वादों को पूरा करना होगा। वादे पूरे इसलिए करने होंगे क्योंकि दिल्ली को राजनीतिक पाठशाला कहते हैं। केंद्रीय मीडिया भी यहीं बसती है। नेता-नगरी से लेकर तमाम पावर-पैसा यहीं है। उन सभी की नजरें टिकी रहेंगी। इसके बाद भाजपा को बिहार भी कूच करना है। दिल्ली का मौजूदा बजट 76 हजार करोड़ के आसपास है जिसमें बेतहाशा वृद्धि नई सरकार को करनी पड़ेगी, तभी महिलाओं को नगद पैसे देना, पेंशन में बढ़ौतरी, बिजली-पानी फ्री, बस फ्री, प्रेग्नेंट महिलाओं को पैसा देना इत्यादि सभी वादों का खर्च उठा पाएगी सरकार।

मोबाइल-ए-मोहब्बत

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

गाँव में दीनानाथ की चर्चा हर जगह थी, और इसका कारण था उनका एक अ नो खा प्यार—मोबाइल फोन! उनकी पत्नी, ममता, अब इस मोहब्बत से तंग आ चुकी थी। एक दिन उसने ठान लिया, बस करो, दीनानाथ! यह मोबाइल तुम्हें क्या दे रहा है? क्या तुम्हें मेरी बातों में कोई दिलचस्पी नहीं? ममता ने दीनानाथ से विदुषी की तरह कहा, जैसे वो कोई महान विचारक हों। दीनानाथ ने मोबाइल से आँखें हटाकर पत्नी की ओर देखा और बोले, "तुम क्या समझती हो, ममता? तुम्हारा प्यार क्या मेरी तृप्ति कर सकता है? ये मोबाइल तो मुझे दुनिया के सारे ज्ञान और मनोरंजन का दरवाजा खोलता है! तुम समझ नहीं रही हो!" ममता ने सोचा, वाह, मेरे पति तो ज्ञान के समुंदर में तैर रहे हैं। शायद यह समझाने का सही समय है! उसने कहा, "क्या तुम्हें याद है, जब हम गाँव के मेले में घूमते थे? उस समय तुम मुझसे बातें करते थे, हँसते थे। अब तुम तो बस अपने फोन में ही खोए रहते हो। दीनानाथ की समझ में नहीं आ रहा था, "क्या मेरी पत्नी मुझसे ज़्यादा स्मार्ट है? ये तो अकल्पनीय है!" इसलिए उन्होंने जवाब दिया, "लेकिन मोबाइल फोन ने मुझे असीमित ज्ञान और मनोरंजन दिया है। तुम अपनी पुरानी बातों में उलझी हुई हो।" अब दीनानाथ का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने मोबाइल को ज़ोर से फेंका, जैसे वो किसी दुश्मन को मारने के लिए तैयार हों। "तुमने मेरा मोबाइल छुआ! यह मेरा अस्तित्व है!" उन्होंने गुस्से में चिल्लाते हुए कहा। जैसे ही मोबाइल हवा में उड़ा, दीनानाथ ने सोचा, अब ममता का मन बदल जाएगा। लेकिन ममता ने तो मोबाइल को पकड़ लिया और कहा, "अब यह तुम्हारा नहीं रहा! तुमने इसे मुझसे छीनने की कोशिश की, तो अब मैं इसे अपने पास रखूँगी!"दीनानाथ की आँखें आश्चर्य से फैल गईं। "क्या मेरी पत्नी ने इतनी हिम्मत की?" लेकिन गाँव में उस रात एक अजीब घटना हुई। ममता ने मोबाइल उठाया और देखा उसमें एक संदेश आयाः "आपका पति दीनानाथ अब मोक्ष की ओर बढ़ चुके हैं।" यह पढ़कर ममता के पैरों तले ज़मीन खिसक गई। "क्या? वह क्या कर रहे हैं?" ममता ने गाँव वालों को बुलाया, और सबने पूछा, "क्या हुआ, ममता?" ममता ने कहा, "दीनानाथ तो मोबाइल से लड़ रहे हैं!" आँसू उनकी आँखों में थे। गाँव के मुखिया ने कहा, "हमारे बीच एक मोबाइल की लड़ाई हो रही है, और यह निंदनीय है!" सभी ने सहमति जताई, "हमें इसे समाप्त करना होगा!" और अगले दिन गाँव के सभी लोग एकत्र हुए। दीनानाथ ने यह सब सुना और सोचा, "क्या मैं सच में इतना बड़ा मूर्ख हूँ? क्या यह मोबाइल मुझसे ज़िंदगी की मिठास छीन रहा है?"

समर्थ गुरु श्री रामदास नवमी दिवस

श्री रामदास नवमी (संत समर्थ रामदास नवमी)। समर्थ रामदास, जिनका मूल नाम नारायण सूर्यजीपंत कुलकर्णी ठोसर था, 17वीं शताब्दी के एक मराठी कवि-संत थे। श्री रामदास का जन्म 1606 में श्री राम नवमी को हुआ था और उनकी मृत्यु 1682 में मराठी कैलेंडर के अनुसार माघ महीने में कृष्ण पक्ष नवमी को हुई थी। इसलिए, इसे श्री रामदास नवमी के रूप में मनाया जाता है।

समर्थ रामदास (1608-1681) को भारतीय इतिहास के सबसे महान हिंदू संतों में से एक माना जाता है। एक अन्य हिंदू संत तुकाराम के समकालीन, वे भगवान हनुमान और भगवान राम के भक्त थे, जिनमें से हनुमान का नाम उनके द्वारा बनाए गए कई मठों (मठों) पर नक्काशी में दिखाई देता है। वे इतिहास के सबसे लोकप्रिय हिंदू नेताओं में से एक शिवाजी के आध्यात्मिक गुरु भी थे। उनका जन्म नारायण सूर्यजी ठोसर के नाम से महाराष्ट्र के जाम्ब में सूर्यजी पंथ और रेणुका बाई के घर रामनवमी के शुभ दिन हुआ था। बचपन में ही रामदास को अपने बड़े भाई की शिक्षाओं के बारे में जानने की जिज्ञासा हो गई थी, जो एक ब्राह्मण थे। उन्होंने अक्सर अपने भाई को कुछ लोगों को एक बंद कमरे में ले जाते हुए देखा था, जहाँ वह उन्हें किसी समारोह या किसी तरह के ध्यान में दीक्षित करता था। इस जिज्ञासा से, रामदास ने हिंदू धर्मग्रंथों की जांच-पड़ताल करना शुरू कर दिया, जिससे उन्हें उनके सिद्धांतों की हल्की समझ हासिल हुई।

इस समय उन्होंने खुद को प्रार्थना में एकाकी करना शुरू कर दिया। एक बार उनकी माँ ने उन्हें ध्यान करते हुए पाया और उनके व्यवहार के बारे में पूछा। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि वे दुनिया में पीड़ित सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं, जिस पर उनकी माँ ने उन्हें ध्यान करने के लिए प्रोत्साहित करना शुरू कर दिया। हालाँकि, उनके परिवार ने अभी भी उनसे धर्मनिरपेक्ष बने रहने का आग्रह किया, उन्हें डर था कि वे एक तपस्वी बन जाएँगे, क्योंकि वे कम उम्र में ही धार्मिक अध्ययन में इतने व्यस्त थे।

अपने अनेक कार्यों में से, समर्थ रामदास को दासबोध के लिए सबसे अधिक याद किया जाता है, जो आध्यात्मिक और सांसारिक आजीविका को व्यवस्थित करने के लिए एक मार्गदर्शक है, भारतीय उपमहाद्वीप में कई मठों (मठवासी विद्यालयों) की स्थापना के लिए, और विचारधारा के लिए जो उनके गतिशील व्यक्तित्व और संगठन की कुशल पद्धति को दर्शाता है। उन्हें श्री राम जय राम जय जय राम के 13-अक्षर भक्ति मंत्र को लोकप्रिय बनाने के लिए भी याद किया जाता है।

सनातन धर्म में स्वस्तिक का है बड़ा महत्व

इसकी आकृति में छुपे हैं कई रहस्य

स्वस्तिक चिह्न सनातन धर्म में शुभता, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। यह भगवान गणेश का प्रतीक है और किसी भी शुभ कार्य से पहले इसका निर्माण अनिवार्य माना जाता है।

स्वस्तिक चिह्न सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। किसी भी बड़े अनुष्ठान या हवन से पहले स्वस्तिक चिह्न अनिवार्य रूप से बनाया जाता है। यह केवल शुभता का प्रतीक नहीं है, बल्कि इसके निर्माण से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। साथ ही, इसे बनाने से देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, घर के मुख्य द्वार पर स्वस्तिक चिह्न बनाने से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसके अतिरिक्त, स्वस्तिक चिह्न से सभी मांगलिक कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होते हैं। आइए जानें कि स्वस्तिक चिह्न को इतना शुभ क्यों माना जाता है।

स्वस्तिक का अर्थ

स्वस्तिक शब्द तीन भागों से मिलकर बना है— 'सु' का अर्थ है शुभ, 'अस' का अर्थ है अस्तित्व, और 'क' का अर्थ है कर्ता। इस प्रकार, स्वस्तिक का संपूर्ण अर्थ होता है 'मंगल करने वाला'। शास्त्रों के अनुसार, स्वस्तिक भगवान श्री गणेश का प्रतीक माना जाता है। जिस प्रकार किसी भी पूजन में गणपति को सर्वप्रथम पूजा जाता है, उसी प्रकार किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले स्वस्तिक बनाया जाता है।

स्वस्तिक चिह्न का महत्व

ज्योतिष शास्त्र में स्वस्तिक चिह्न को अत्यंत लाभकारी बताया गया है। इसके अनुसार, दिवाली के दिन तिजोरी पर स्वस्तिक चिह्न बनाने से धन की कमी दूर होती है और तिजोरी कभी खाली नहीं रहती। नौकरी और व्यापार में लाभ प्राप्त करने के लिए ईशान कोण में सात गुरुवार तक सूखी हल्दी से स्वस्तिक बनाना शुभ माना गया है। वास्तु शास्त्र में भी स्वस्तिक के महत्व का विस्तार से वर्णन किया गया है।

स्वस्तिक बनाने के जरूरी नियम

– स्वस्तिक की रेखाएं और कोण सही होने चाहिए, गलती से भी उल्टा स्वस्तिक नहीं बनाना चाहिए।

– स्वस्तिक बनाने के लिए लाल या पीला रंग सर्वोत्तम माना जाता है।

– जो व्यक्ति स्वस्तिक धारण करना चाहते हैं, उन्हें गोले के अंदर बना स्वस्तिक ही धारण करना चाहिए।

– हल्दी, कुमकुम या चंदन से स्वस्तिक बनाना शुभ माना जाता है। साथ ही, इसके मध्य में साबुत अक्षत (चावल के दाने) अवश्य रखने चाहिए। ध्यान रहे कि अक्षत टूटे न हों।

क्यों सालों-साल खराब नहीं होता गंगाजल?

हमारे देश में हर धर्म के लोग रहते हैं। देश में मस्जिद हैं, गुरुद्वारा हैं और मंदिर हैं। लेकिन ज्यादातर भारत में हिन्दू ही रहते हैं। हिन्दू धर्म को सनातन धर्म भी कहा जाता है। हमारे देश में पुजा पाठ को ज्यादा अहमियत दी जाती है। पूजापाठ में भी पांच तत्वों को काफी महत्व दी जाती है। बात अगर हिन्दू धर्म और पूजा पाठ की कर रहे हैं, तो इसमें गंगाजल का काफी महत्व है। कोई भी पूजा बिना गंगाजल के पूरी नहीं मानी जाती।

गंगाजल में है चमत्कारी वरदान

गंगाजल को इतना महत्व देने का एक अलग ही कारण है। भले ही कई लोग पौराणिक कथाओं पर यकीन ना करें लेकिन ये एक फैक्ट है कि गंगा नदी का पानी कभी खराब नहीं होता। यकीन ना हो तो आप किसी भी अन्य वॉटर बॉडी से पानी कलेक्ट कर एक बोतल में भर लीजिये। कुछ समय के बाद वो पानी सड़ जाएगा। लेकिन सिर्फ और सिर्फ गंगा नदी का पानी एक ऐसा जल है जो कभी खराब नहीं होता। तो क्या ये नदी भगवान से पाए वरदान के कारण चमत्कारी है? या फिर इसके पीछे कोई ख़ास वजह है?

गंगाजल के बिना अधूरी होती है पूजा

भारत में हिन्दुओं की कोई भी पूजा-पाठ से जुड़ी बात हो तो बिना गंगाजल के अधूरी रहती है। गंगाजल कभी भी खराब नहीं होता। भले ही इंसानों ने गंदगी फैलाकर इसके पानी को दूषित कर दिया हो लेकिन जो साफ़ पानी है वो कभी खराब नहीं होता और ना ही उससे बदबू आती है। इसकी वजह है वो जगह जहां से ये पानी निकलती है। दरअसल, जिस जगह से गंगा की उत्पत्ति हुई है, वहां कई तरह के खनिज और जड़ी बूटियां पाई जाती हैं। ऐसी में ये पानी से मिल जाते हैं। यही वजह है कि इसका पानी कभी खराब नहीं होता।

गंगाजल में पाया जाता है बैक्टीरिया फोस

अगर आप किसी भी अन्य नदी के पानी को बोतल में भर लें तो वो कुछ समय के बाद ये सड़ जाता है। इतना ही नहीं, इससे बदबू भी आने लगती है। लेकिन गंगाजल में 'बैक्टीरिया फोस' नामक की एक बैक्टीरिया पाया जाता है जो पानी के अंदर रासायनिक क्रियाओं से उत्पन्न होने वाले अशुद्धि पदार्थों को खाता रहता है। जो सड़ाने वाले बैक्टेरिया को पनपने ही नहीं देते है। और उसे समाप्त कर देते हैं। इस कारण ही गंगाजल को कितने भी साल बोतल में बंद कर रख दी, इससे ना बदबू आती है ना ही ये खराब होता है।

जहाँ नारी स्वरूप में पूजे जाते हैं हनुमान जी: रतनपुर का गिरिजाबंध मंदिर, 10000 साल पुराना इतिहास

त्रेताकाल में जितने अनूठे हनुमान जी थे, उतने अनूठे कलियुग में बने उनके मंदिर हैं। कहीं लेटे हुए हनुमान जी तो कहीं उल्टे हनुमान जी। कुछ मंदिरों में उनकी छोटी प्रतिमाएँ स्थापित हैं तो कहीं लगभग 100 फुट ऊँची। बजरंग बली का एक ऐसा ही मंदिर स्थित है छत्तीसगढ़ में जहाँ उनकी पूजा नारी स्वरूप में होती है। आइए जानते हैं, क्या कहानी है इस मंदिर की जहाँ स्थित है हनुमान जी की लगभग 10,000 साल पुरानी प्रतिमा।

इतिहास

छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहर बिलासपुर से 25 किमी दूर स्थित है रतनपुर। यहाँ स्थित है प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त और कलियुग के देव कहे जाने वाले अंजनीसुत का गिरिजाबंध हनुमान मंदिर। यह इस संसार का इकलौता मंदिर है जहाँ हनुमान जी स्त्री स्वरूप में पूजे जाते हैं। गिरिजाबंध हनुमान मंदिर में स्थापित हनुमान जी की नारी स्वरूप प्रतिमा के बारे में यह मान्यता है कि यह लगभग 10,000 साल पुरानी स्वयंभू प्रतिमा है। स्वयंभू का अर्थ होता है, स्वयं प्रकट हुई। हालाँकि हनुमान जी की यह प्रतिमा नारी स्वरूप में क्यों है, इसका कोई प्रमाणिक विवरण उपलब्ध नहीं है।

बताया जाता है बहुत समय पहले परम हनुमान भक्त राजा पृथ्वी देवजू रतनपुर में राज करते थे। राजा हमेशा ही हनुमान भक्ति में लीन रहते। एक बार की बात है, राजा देवजू को कुष्ठ रोग हो गया। बहुत इलाज कराने के बाद भी जब राजा का कुष्ठ रोग ठीक नहीं हुआ तब उनके जीवन में निराशा का भाव आने लगा। इसी दौरान एक दिन राजा देवजू के सपने में हनुमान जी आए और उनसे एक मंदिर बनवाने के लिए कहा। अपने आराध्य की बातें सुनकर राजा देवजू ने एक मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर का निर्माण पूरा हो जाने के बाद एक बार फिर हनुमान जी राजा देवजू के सपने में आए और महामाया कुंड से अपनी प्रतिमा को निकालकर मंदिर में स्थापित करने के लिए आदेशित किया। जब राजा ने कुंड से हनुमान जी की प्रतिमा निकाली, तो सभी लोग दंग रह गए। हनुमान जी की वह प्रतिमा नारी स्वरूप में थी। ऐसी प्रतिमा न तो पहले कभी देखी गई थी और न ही हनुमान जी की ऐसी किसी प्रतिमा के बारे में पहले कभी कुछ सुना गया था। हनुमान जी का आशीर्वाद मानकर उनकी नारी स्वरूप प्रतिमा को मंदिर में स्थापित कर दिया गया। इसके बाद राजा का कुष्ठ रोग भी दूर हो गया।

कंधे पर श्रीराम-लक्ष्मण

हनुमान जी की यह नारी स्वरूप प्रतिमा दक्षिणमुखी है। दक्षिणमुखी हनुमान भक्तों के लिए परम पवित्र और पूज्य माने जाते हैं और उस पर भी उनकी नारी स्वरूप प्रतिमा, अपने आप में अद्वितीय है। इस प्रतिमा के बाएँ कंधे पर प्रभु श्रीराम और दाएँ कंधे पर अनुज लक्ष्मण विराजमान हैं। हनुमान जी के पैरों के नीचे 2 राक्षस भी हैं।

हनुमान जी की कृपा से न केवल राजा का रोग दूर हुआ, बल्कि रतनपुर के लोगों का भी कल्याण हुआ। गिरिजाबंध मंदिर के हनुमान जी अपने भक्तों की सभी मनोकामनाओं को पूरा करने के लिए जाने जाते हैं। राजा देवजू की भक्ति और हनुमान जी के आशीर्वाद का ही परिणाम है कि आज रतनपुर विश्व भर में अपने इस मंदिर के कारण प्रसिद्ध है।

वैसे तो गर्मी के दिनों में रतनपुर में तापमान ऊँचा रहता है लेकिन फिर भी स्थानीय भक्तगणों का आना-जाना लगा रहता है। सितंबर से लेकर मार्च-अप्रैल तक यहाँ देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते रहते हैं। मंगलवार और शनिवार को गिरजाबंध हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है। इसके अलावा हनुमान प्रकटोत्सव और श्रीरामनवमी यहाँ के प्रमुख त्यौहार हैं।

कैसे पहुँचे?

रतनपुर का सबसे नजदीकी हवाईअड्डा बिलासपुर का ही है। यहाँ से प्रयागराज, जबलपुर और दिल्ली के लिए उड़ानें उपलब्ध हैं। गिरिजाबंध हनुमान मंदिर से बिलासपुर हवाई अड्डे की दूरी लगभग 40 किमी है। इसके अलावा ट्रेन से भी बिलासपुर, छत्तीसगढ़ और देश के कई बड़े शहरों से जुड़ा हुआ है। रतनपुर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर से बिलासपुर जंक्शन की दूरी लगभग 32 किमी है। इसके अलावा सड़क मार्ग से रतनपुर, बिलासपुर से भली-भाँति जुड़ा हुआ है। बिलासपुर के शहरी क्षेत्र से मंदिर की दूरी मात्र 20 किमी ही है और यहाँ से मंदिर के लिए सभी प्रकार के परिवहन के साधन उपलब्ध हैं।

भारत का अनोखा मंदिर जहां दरवाजे से नहीं होते दर्शन

उडुपी को 'दक्षिण भारत का मथुरा' कहा जाता है, क्योंकि यह भगवान कृष्ण के भक्तों के लिए एक पवित्र स्थान है। उडुपी का कृष्ण मंदिर कृष्ण भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है। हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां भगवान कृष्ण के दर्शन और पूजा करने आते हैं। इस मंदिर में भगवान कृष्ण की सबसे सुंदर मूर्ति मानी जाती है, जिसमें वे अपने बचपन के स्वरूप बालकृष्ण के रूप में विराजमान हैं।

इस मंदिर में कोई भी सीधे मूर्ति के दर्शन नहीं कर सकता। भगवान कृष्ण के दर्शन यहां आपको 9 छिद्रों वाली एक छोटी खिड़की से होते हैं। यह मंदिर अपने आप में बहुत ही अनोखा और रोचक है।

मान्यता है कि भगवान ने अपने एक भक्त की भक्ति से प्रसन्न होकर स्वयं यह खिड़की बनवाई थी ताकि हर कोई उनके दर्शन कर सके। यह मंदिर 13वीं शताब्दी में श्री माधवाचार्य द्वारा स्थापित किया गया था और तब से यह दक्षिण भारत के सबसे प्रसिद्ध और पवित्र मंदिरों में से एक माना जाता है।

एक अन्य मान्यता

मंदिर से जुड़ी एक और प्रसिद्ध मान्यता है कि एक बार श्री माधवाचार्य ने समुद्र में तूफान में फंसे एक जहाज को अपनी दिव्य शक्तियों से

बचाया था। जब जहाज किनारे आया तो उसमें श्री कृष्ण की एक मूर्ति मिली, जो समुद्र की मिट्टी से ढकी हुई थी। माधवाचार्य ने उस मूर्ति को उडुपी लाकर इस मंदिर में स्थापित किया, जिसे आज भी भक्त श्रद्धा से पूजते हैं।

फर्श पर परोसा जाता है प्रसाद

इस मंदिर में श्रद्धालुओं को मंदिर के फर्श पर प्रसाद परोसा जाता है। मान्यता है कि श्रद्धालु खुद फर्श पर प्रसाद परोसने की मांग करते हैं। इसके पीछे वजह है उनकी मनोकामना का पूरा होना। दरअसल, जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है, वे मंदिर के फर्श पर प्रसाद खाते हैं। इस प्रसाद को प्रसादम या नौवैद्यम कहा जाता है।

जीवन में सुख-समृद्धि और शांति प्राप्त होती है

इसके अलावा, मंदिर में हर दो साल में "पर्याय महोत्सव" मनाया जाता है, जिसमें मंदिर की पूजा और प्रबंधन की जिम्मेदारी एक मठ से दूसरे मठ को सौंप दी जाती है। कहा जाता है कि जो भी श्रद्धालु इस मंदिर में 9 छिद्रों वाली एक छोटी खिड़की से भगवान श्री कृष्ण के दर्शन करता है, उसे जीवन में सुख-समृद्धि और शांति प्राप्त होती है।

उडुपी कृष्ण मंदिर के खुलने का समय

यह मंदिर सुबह 4:30 बजे खुलता है, लेकिन यह समय सिर्फ मठ के लोगों के लिए होता है। आम भक्तों के लिए मंदिर सुबह 5 बजे से खुलता है। मंदिर हर दिन रात 10 बजे बंद हो जाता है, जब सभी पूजा और आरती पूरी हो जाती हैं। त्योहारों के समय मंदिर के खुलने और बंद होने का समय बदल सकता है। ऐसे में सही जानकारी के लिए श्रीकृष्ण मंदिर प्रबंधन से संपर्क कर सकते हैं।

राजकुमार राव निभाएंगे सौरव गांगुली का किरदार

दादा ने किया कंफर्म

सौरव गांगुली टीम इंडिया के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माने जाते हैं। माना जाता है कि उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने आक्रामक तरीके से अपने खेल को विदेशी धरती पर बढ़ाया था। 'दादा' नाम से मशहूर भारतीय क्रिकेटर की क्रिकेट के मैदान में दादागिरी से सभी वाकिफ हैं। अब उनकी बायोपिक बनाने की पूरी तैयारी है। अपनी प्रस्तावित आगामी बायोपिक के बारे में पूर्व क्रिकेटर और पूर्व बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली ने खुलासा किया है।

बायोपिक बनाने में हो सकती है देरी

सौरव गांगुली ने अपनी आगामी बायोपिक के बारे में जानकारी देते हुए कहा, ₹मैंने जो सुना है, उसके



अनुसार राजकुमार राव यह भूमिका (मुख्य भूमिका) निभाएंगे... लेकिन तारीखों का मुद्दा है... इसलिए इसे स्क्रीन पर आने में एक साल से अधिक समय लग सकता है।₹ फिल्म के लंबे खींचने की वजह से उनके फैंस में थोड़ी मायूसी जरूर आ सकती है।

अभिनेता राजकुमार राव का नाम पहले से ही इस परियोजना के साथ जुड़ रहा था। अब खुद सौरव गांगुली ने इस पर मुहर लगा दिया है। राजकुमार राव ने पिछले साल 'स्त्री 2' जैसी सुपहिट फिल्म दी है। उनकी पाइपलाइन में कई सारी और फिल्में भी हैं। हाल ही में उनकी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' का टीजर भी जारी हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक साल 2021 में इस बायोपिक के निर्माण का एलान हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सौरव गांगुली की इस बायोपिक के लिए राजकुमार राव से पहले आयुष्मान खुराना और रणबीर कपूर से बातचीत की गई थी। कहा जाता है कि सबसे पहले आयुष्मान खुराना से संपर्क किया गया था। उन्होंने फिल्म साइन भी कर ली थी, लेकिन फिर वह इससे बाहर हो गए। इसके बाद रणबीर कपूर का नाम इससे जुड़ने लगा। अब राजकुमार राव का नाम सामने आया है।

चुम दरंग ने खरीदा मुंबई में घर, करणवीर मेहरा ने बेहद खास अंदाज में दी बधाई

बिग बॉस 18 विनर करणवीर मेहरा और चुम दरंग कई बार एक साथ नजर आ चुके हैं। चुम दरंग की जिंदगी को लेकर एक नया अपडेट सामने आया। अभिनेत्री ने मुंबई में एक नया घर खरीदा और करण वीर मेहरा ने अभिनेत्री को बधाई दी है।

चुम दरंग ने खरीदा नया घर

चुम दरंग ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की है। जिसमें उन्हें केक काटते देखा जा सकता है। केक पर चुम के लिए बधाई लिखी हुई है। केक काटकर उन्होंने नया घर खरीदने का जश्न मनाया।

करणवीर मेहरा ने दी बधाई

चुम दरंग की इस स्टोरी को करणवीर मेहरा ने भी प्रतिक्रिया दी है। इस वीडियो शेयर करने के बाद करण वीर मेहरा ने उनकी स्टोरी को रि-पोस्ट किया और घर खरीदने की बधाई दी है। उन्होंने पोस्ट पर लिखा- बधाई हो चुमी..।

साथ मनाया वैलेंटाइन डे

इससे पहले करण वीर मेहरा

और चुम दरंग ने अपने रिश्ते को लेकर भी पुष्टि की, दोनों साथ में वैलेंटाइन डे मनाते भी नजर आए थे। चुम ने इस खास दिन की कई सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। बिग बॉस में करण वीर मेहरा ने कहा, यह दोस्ती चलती रहेगी। हम लोगों ने सिर्फ घर के अंदर के लिए दोस्ती नहीं बनाई है, बिल्कुल। दोस्ती घर के बाहर भी जारी रहेगी।

चुमवीर के फैंस दोनों का साथ में वीडियो को देखने के बाद काफी खुश हुए। एक फैन ने लिखा, यह शानदार खबर है। करण वीर मेहरा और चुम दरंग का अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना फैंस के लिए बहुत प्यारा पल है। वहीं, दूसरे फैन ने लिखा, बिग बॉस 18 का प्यार अब बाहर आ रहा है, मतलब पहले से ही उनका प्यार छिपकर चल रहा था। एक और फैन ने एक्स पर लिखा, बधाई हो करण वीर मेहरा और चुम दरंग, आपके रिश्ते के लिए शुभकामनाएं।

मनोरंजन और वीकएंड में अपने साथी के साथ टाइमपास के लिए देख सकते हैं मेरे हसबैंड की बीवी

मूवी रिव्यू : मेरे हसबैंड की बीवी

कलाकारः अर्जुन कपूर , रकुल प्रीत सिंह , भूमि पेडनेकर , कंवलजीत सिंह , अनीता राज , शक्ति कपूर , हर्ष गुजराल और आदित्य सील

लेखक मुदस्सर अजीज

निर्देशक मुदस्सर अजीज

निर्माता : वाशू भगनानी , जैकी भगनानी और दीपिका देशमुख

वैसे तो शेक्सपियर ने कहा है कि नाम में क्या रखा है? लेकिन, मेरा ये पक्का मानना है कि नाम में बहुत कुछ रखा है। खासतौर से नाम अगर किसी फिल्म का हो। 'छावा' नाम महाराष्ट्र के घर घर में प्रचलित है और उसकी लोकप्रियता को एक औसत फिल्म को कितना फायदा मिल सकता है, फिल्म 'छावा' की सफलता इसका सबूत है। फिल्म का कथानक कितना असली है, कितना बनावटी, इस पर बहस अब भी जारी है और जिस थियेटर में 'छावा' के एक ही दिन 18 शोज चल रहे हो, उसी सिनेमाघर में 'मेरे हसबैंड की बीवी' की स्पेशल स्क्रीनिंग देखने पहुंचे अधिकतर दर्शकों का ये मानना रहा कि इस फिल्म की दो ही सबसे बड़ी कमियां हैं, एक इसका नाम और दूसरा अर्जुन कपूर के दोस्त बने स्टैंड अप कॉमेडियन हर्ष गुजराल। ये सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अगर अपने सारे फॉलोअर्स सिनेमाघर तक ले आएं तो भी ठीक है, नहीं तो बस्सी हों या गुजराल, सिनेमा की 'स्मूथनेस' में अटकते-खटकते ही नजर आते हैं। इसके बावजूद अपनी एनिवर्सरी मना रहे फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी ने अपनी पत्नी रकुलप्रीत को एक अच्छा तोहफा देने में कामयाबी पाई है।

फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में अनुभव सिंह बस्सी ने फिल्म को एक सहज प्रवाह की फिल्म बनाने में सबसे बड़ा रोड़ा अटकाया था, यहां हर्ष गुजराल किसी बात का

फ्लो ही नहीं बनने देते। वह दाल भात में मूसरचंद हैं। कहानी फुटबॉल खेलने वाली अंतरा पर स्कूल के समय से मर मिटे अंकुर चड्ढा की है जो शादी एक टीवी जर्नलिस्ट से कर लेता है। पत्रकारों के अपने अलग ही रायते होते हैं, और आमतौर पर सामान्य दुनिया के लोगों को समझ नहीं आते। हसबैंड नामी बिल्डर हो तो दिल्ली एनसीआर के किसी चैनल के दफ्तर जाकर बीवी का सामान समेट ला सकता है, ये दिखाने के साथ फिल्म का सियापा शुरू होता है, कहानी में चौथा कोण लाकर। चूंकि फिल्म का पोस्टर खुद कहता है कि कहानी त्रिकोण नहीं सर्किल है, तो थोड़ा गोल गोल घूमकर फिल्म दर्शकों को उस दौर में ले जाने की कोशिश करती है, जब जीतेंद्र और रेखा की 'मांग भरो सजना', 'जुदाई', 'अपना बना लो' जैसी फिल्मों में कभी नाजनीन तो कभी मौसमी चटर्जी जन्म जन्म के बंधन को लीज समझने की भूल कर बैठती थीं।

फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' की कहानी ठीक है। अपनी पहली मोहब्बत से दूसरी लड़की से शादी और तलाक के बाद फिर से टकरा जाने और इस बार मोहब्बत दूसरी तरफ से भी जाग जाने का ये मसला है। सरप्राइज एलिमेंट इस फिल्म का ये है कि हालात के चलते लड़के को अपनी तलाकशुदा बीवी के साथ रहना पड़ जाता है। उसका तलाक के बाद एक आशिक भी है। लेकिन, ये खिचड़ी इतनी खिली खिली सी पकती है कि इसका असल किस्सा बताकर आपका फिल्म देखने का मजा खराब करना ठीक नहीं। मुदस्सर अजीज फिल्म के निर्देशक हैं। फिल्म लिखी भी उन्होंने ही है। 20 साल पीछे की बातें जिनको याद होंगी, उनको पता ही होगा कि मुदस्सर की बोहनी सिनेमा में बतौर राइटर ही हुई। साल 2010 में वह डायरेक्टर बने और 'हैप्पी भाग जाएगी' व 'पति पत्नी और वो' के जरिये इतना खूंटा तो मुंबई में गाड़ चुके हैं कि 'खेल खेल में' जैसी मल्टीस्टारर फिल्में भी उन्हें निर्देशन के लिए मिल जाती हैं।

मुदस्सर अजीज ने फिल्म की कहानी, इसकी पटकथा और इसका निर्देशन सब कुछ बहुत सोचा समझा रखा है। पटकथा लेखन के इसमें सारे फॉर्मूले आजमाए गए हैं। एक एक टेंट पोल बहुत करीने से ताना गया है। जहां फिल्म कमजोर पड़ने लगती है तो कभी शक्ति कपूर आ जाते हैं तो कभी कंवलजीत और अनीता राज। बेहद सीरियस सीन में भी टीकू तलसानिया को लाकर वह कहानी का तंबू संभाले रहते हैं। बस फिल्म की कास्टिंग में उनसे दो गलतियां हुईं।

रकुल प्रीत सिंह बेहद सहज और सरल अभिनेत्री हैं। अब तक के करियर में वह बार बार खुद को साबित करती रही हैं, लेकिन उनके अभिनय की बात आमतौर पर बड़े सितारों के बीच ज्यादा होती नहीं है। फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' की बीवी वह ही हैं यानी फिल्म का टाइटल रोल वह कर रही हैं। अर्जुन कपूर के साथ मिलकर रकुल प्रीत ने चंद बेहद मर्मस्पर्शी सीन इस फिल्म में रचे हैं। उम्र के साथ साथ शरीर से भी बढ़ते जा रहे अर्जुन कपूर का करीब करीब डूब चुका करियर इस फिल्म में रकुल प्रीत, जैकी भगनानी और मुदस्सर अजीज ने बचाया है। अर्जुन को लाखों में सिमट गई अपनी पिछली फिल्म 'लेडी किलर' सपने में डराती रहती है और इसीलिए मेहनत भी उन्होंने फिल्म में काफी की है। शायद ये पहली फिल्म होगी जिसमें अर्जुन कपूर को परदे पर देखकर लगता नहीं कि वह एक्टिंग कर रहे हैं। अंकुर चड्ढा बनने में कामयाब रहे अर्जुन की जोड़ी बस हर्ष गुजराल के साथ नहीं बनानी चाहिए थी।

फिल्म की सपोर्टिंग कास्ट अच्छी है। शक्ति कपूर की तीसरी या चौथी पारी जो भी हो फिल्म 'एनिमल' के बाद जमने लगी है। बस ये 'आऊ' वाला बैकग्राउंड म्यूजिक अब उन पर सूट नही करता। स्टुअर्ट इदुरी को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। बाकी फिल्म के गाने सब धान 22 पसेरी वाले हैं। एक भी महकने वाला नहीं है। लंबाई फिल्म की थोड़ी ज्यादा है। दो घंटे पांच मिनट की ये फिल्म परफेक्ट होती। फिल्म मनोरंजक है और वीकएंड में अपने साथी के साथ टाइमपास के लिए देखी जा सकती है।

शरवरी वाघ के हाथ लगी बड़ी फिल्म आयुष्मान के साथ पर्दे पर जमेगी जोड़ी

बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक सूरज बड़जात्या को परिवारिक और रोमांटिक कहानियों को बड़े पर्दे पर पेश करने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उनकी अगली फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शरवरी वाघ को आयुष्मान खुराना के साथ सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म के लिए कास्ट किया गया है।

इस वजह से किया गया कास्ट

निर्देशक को हम साथ-साथ हैं, मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन जैसी पारिवारिक फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार शरवरी ने इस भूमिका के लिए सूरज बड़जात्या की तरफ से तय किए गए सभी मानदंडों को पूरा किया है। खासकर फिल्म में मासूमियत और संवेदनशीलता को शानदार तरीके से व्यक्त करने की उनकी क्षमता ने उन्हें इस भूमिका के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाया।

सूत्र ने दी जानकारी

एक इंडस्ट्री सूत्र ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, पिछले साल से ही शरवरी को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में काफी उत्साह है। अब उन्हें सूरज बड़जात्या की फिल्म में नायिका के तौर पर चुना जाना शरवरी की प्रतिभा की सबसे बड़ी स्वीकृति है। यह साबित करता है कि वह भारत के सबसे बेहतरीन नए कलाकारों में से एक हैं।

पहली बार जमेगी आयुष्मान-शरवरी की जोड़ी

दिसंबर 2024 में यह जानकारी सामने आई थी कि आयुष्मान खुराना सूरज बड़जात्या की फिल्म में प्रेम के किरदार में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सूरज बड़जात्या को अपने आगामी पारिवारिक ड्रामा फिल्म के लिए एक नए चेहरे की तलाश थी। इस बार उन्होंने आयुष्मान खुराना को चुना है, जिनकी छवि परिवारों के बीच खासी लोकप्रिय है। यह आयुष्मान खुराना और शरवरी की एक साथ पहली फिल्म होगी।

13 साल डेट करने के बाद बॉयफ्रेंड संग शादी करने जा रहीं प्राजक्ता कोली

25 फरवरी, 2025 को अपने मंगेतर वृषांक खनल से शादी करेंगी

अभिनेत्री प्राजक्ता कोली ने कई सालों तक वृषांक कनाल को डेट करने के बाद अब शादी करने का फैसला लिया है। इस फैसले से प्राजक्ता फैंस बेहद खुश हो गए हैं। सगाई करने के दो साल बाद यह जोड़ी अब शादी करने जा रही है।

इस दिन सगाई करेंगी प्राजक्ता

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्राजक्ता कोली ने बताया कि वे 25 फरवरी, 2025 को अपने मंगेतर वृषांक खनल से शादी करेंगी। एक यूट्यूबर और कंटेंट क्रिएटर से बॉलीवुड अभिनेत्री बनी प्राजक्ता ने कहा कि वृषांक मेरे लिए ये रिंग लाए, कहां से लाए नहीं पता लेकिन ये वाकई बहुत सुंदर है।

पॉडकास्ट में की बात

जुग जुग जियों में नजर आईं अभिनेत्री प्राजक्ता कोली ने भारती सिंह के पॉडकास्ट में भी अपने बॉयफ्रेंड को लेकर बात की थी। उन्होंने बताया कि वृषांक नेपाल से हैं। काठमांडु शहर उन्हें बेहद पसंद है। वह एक वकील हैं, जो कि इन्वेस्टमेंट बैंक में काम करते हैं।

13 साल से साथ हैं वृषांक और प्राजक्ता

प्राजक्ता ने भारती सिंह के पॉडकास्ट में ही बताया कि वे और वृषांक 13 साल से एक साथ हैं। जब प्राजक्ता 18 साल की थीं और वृषांक 22 साल के थे, तब उन दोनों की मुलाकात हुई थी। ये 13 साल दोनों के लिए काफी उतार चढ़ाव भरे रहे, लेकिन उनका प्यार इन परेशानियों को पार करता गया। प्राजक्ता ने कहा कि इतने साल बीत जाने के बाद अब वे शादी करना जरूरी समझती हैं।

इतनी है प्राजक्ता की नेटवर्थ

प्राजक्ता ने करियर की शुरुआत रेडियो जॉकी के रूप में की थी। प्राजक्ता का नाम वर्ष 2019 की फोर्ब्स की '30 अंडर 30' की लिस्ट में भी आ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, प्राजक्ता कोली का नेटवर्थ 16 करोड़ रुपये है।

कीर्ति कुल्हरी ने खोली स्टार्स के पीआर गेम की पोल 'पिंक' फिल्म की को-एक्ट्रेस का जिक्र किया



हाल ही में एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने एक इंटरव्यू के दौरान बॉलीवुड के स्टार्स के पीआर गेम की पोल खोल दी। कीर्ति बताती हैं कि साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें पीआर गेम के बारे में पता चला।

पिंक में निभाया अहम रोल

फिल्म 'पिंक' में अमिताभ बच्चन के अलावा तापसी पन्नू के अलावा कीर्ति कुल्हारी ने भी अहम रोल निभाया था। फिल्म की कहानी तीन लड़कियों की जिंदगी के आसपास थी। लेकिन जब प्रमोशन हो रहा था तो कीर्ति की चर्चा नहीं हो रही थी। इसकी वजह कीर्ति पीआर गेम को बताती हैं।

कीर्ति ने किया तापसी का जिक्र

कीर्ति कुल्हरी हालिया दिए अपने इंटरव्यू में बताती हैं कि फिल्म 'पिंक' की को-एक्ट्रेस तापसी का रवैया उनके लिए अच्छा रहा। लेकिन जब फिल्म 'पिंक' का प्रमोशन हो रहा था तो तापसी की ज्यादा चर्चा थी। इस पीआर गेम को मैंने दिल पर ले लिया। कीर्ति यह भी बताती हैं कि उनका पीआर गेम उस समय बिल्कुल जीरो था। यह सब कैसे काम करता है, उन्हें पता ही नहीं था।

मिशन मंगल के समय सर्तक हो गईं कीर्ति

आगे जब कीर्ति ने फिल्म 'मिशन मंगल' साइन की तो मेकर्स को कह दिया था कि उन्हें फिल्म में बराबर का रिप्रेजेंटेशन चाहिए। इस फिल्म में विद्या बालन, सोनाक्षी सिन्हा जैसे एक्ट्रेस नजर आई थीं। अक्षय कुमार भी फिल्म का हिस्सा थे।

हिमेश रेशमिया के साथ फिल्म में नजर आईं

पिछले दिनों सिंगर से एक्टर बने हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडएस रविकुमार' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी भी नजर आईं। उनका फिल्म में काफी बोल्ड लुक दिखा। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं मिली है। लेकिन इस फिल्म का हिस्सा बनकर वह खुश हैं।

सुनीता आहूजा को नहीं पसंद पति गोविंदा की ये आदत बोलीं- 'वो बेवकूफ लोगों के साथ बैठते हैं'

गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा हाल ही में अपनी शादी और पति गोविंदा के आस-पास के लोगों के बारे में बात करती नजर आईं। सुनीता ने बताया कि वे और गोविंदा बहुत अलग हैं। उन्होंने बताया कि गोविंदा किस तरह के लोगों के साथ समय बिताना पसंद करते हैं।

गोविंदा के दोस्त पसंद नहीं

कर्ली टेल्स से बातचीत में सुनीता ने गोविंदा के साथ समय बिताने वाले लोगों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने पति के साथ रहने वाले लोग पसंद नहीं हैं, वे लोग उन्हें बेवकूफ लगते हैं। उन्होंने कहा, गोविंदा को बेवकूफ लोग बहुत पसंद हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹वह चार बेवकूफ लोगों के साथ बैठता है, और फिर वे बकवास बातें करते हैं, जो मुझे पसंद नहीं है। इससे अच्छा कि मैं अपनी एनर्जी किसी और काम में ही लगा लूं।

देर रात तक जागते हैं गोविंदा

गोविंदा को लेकर उनकी पत्नी सुनीता ने कहा कि वे रात को 2.30 बजे तक जागते हैं। देर रात तक जागने की यह आदत उनके व्यस्त कार्य शेड्यूल के कारण शुरू हुई और अब यह एक नियमित आदत बन गई है। उनका सोने का शेड्यूल अक्सर गड़बड़ ही रहता है, लेकिन अब इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है।

गोविंदा से होते थे झगड़े

सुनीता आहूजा ने अपने इंटरव्यू में बताया कि गोविंदा से उनकी पहली मुलाकात हुई थी, जब वे 9वीं कक्षा में थीं, दोनों में बहुत झगड़े होते थे। गोविंदा ने एक बार उनसे कहा कि बॉब कट के कारण वे टॉमबॉय जैसी लगती हैं। सुनीता ने बताया कि इसके बाद मैंने बालों में तेल लगाना शुरू कर दिया, मेरे बाल घुटनों तक बढ़ गए थे। सुनीता अहूजा ने बताया कि उनके पति गोविंदा उनसे 7 साल बड़े हैं।

मुझे आइसीसी टूर्नामेंट पसंद : विराट

भारत के क्रिकेट सुपरस्टार विराट कोहली ने चैंपियंस ट्राफी के प्रारूप की प्रशंसा की है, जिसमें भाग लेने वाली आठ टीमों को पहले ही मैच से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत होती है। 2017 के बाद आयोजित हो रही भा चैंपियंस ट्राफी में भारत अपना अभियान बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करेगा।

कोहली ने एक बातचीत के दौरान कहा, यह टूर्नामेंट लंबे समय बाद हो रहा है और मुझे हमेशा यह प्रारूप पसंद आया है। यह निरंतरता को दर्शाता है, क्योंकि आपको रैंकिंग में टाप 8 में रहना होता है। यहां प्रतिस्पर्धा हमेशा उच्च स्तर की होती है। कोहली ने 2009, 2013 (जब भारत ने जीत दर्ज की) और 2017 के तीन संस्करणों में भाग लिया, ने चैंपियंस ट्राफी

पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मेजबान है, लेकिन भारत सभी मैच दुबई में खेलेगा। टूर्नामेंट का हाइब्रिड माडल अपनाया गया है।

यह एकदिवसीय प्रारूप में एक तरह से टी20 विश्व कप जैसा दबाव बनाता है। वहां भी लीग स्टेज में तीन-चार मैच होते हैं। अगर आप शुरुआत अच्छी नहीं करते, तो दबाव बढ़ जाता है। इस टूर्नामेंट में दबाव पहले मैच से ही बनता है और यह कारण है कि मुझे यह प्रारूप पसंद है क्योंकि आपक पहले ही मैच से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत होती है भारत अपना अगला लीग मैच्च 23 फरवरी को पाकिस्तान और 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मेजबान है, लेकिन भारत सभी मैच दुबई में खेलेगा क्यों कि टूर्नामेंट का हाइब्रिड माडल अपनाया गया है। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ हालिया एकदिवसीय सीरीज में अहमदाबाद में अंतिम मैच में अर्धशतक बनाकर शानदार वापसी की है। वह इर टूर्नामेंट में भी बड़ी पारियां खेलने के लिए। तैयार हैं और भारत के लिए अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है।

क्या चैंपियंस ट्राफी बन सकता है वनडे की जीवन रेखा?

आइसीसी चैंपियंस ट्राफी 2025 में 19 फरवरी से शुरू हा गयी है पर भारत में इसकी चर्चा का मतलब है 20 फरवरी का दिन रहा, जब टीम इंडिया खेलेगी बांग्लादेश से और मैच जीत लिया। एक और चैंपियंस ट्राफी खेल रहे हैं पर मजेदार बात ये है कि पिछले आठ में से हर आयोजन का नाम चैंपियंस ट्राफी नहीं था।

सबसे पहले 1998 में इसे आइसीसी नाकआउट ट्राफी के नाम से खेले थे। उस दौर में टी20 होते ही नहीं थे। इसे वनडे फार्मेट में खेले और इरादा था। इसके जरिए गैर-टेस्ट खेलने वाले देशों में क्रिकेट विकास के लिए पैसा जुटाएंगे। इसीलिए इसे शुरू में आइसीसी एसोसिएट सदस्य देशों में ही खेले, ताकि वहां क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाई जा सके। 2002 के टूर्नामेंट के बाद से, ये सिलसिला टूटा और रोटेशन पालिसी के तहत मेजबान बदलते रहे।

आइसीसी वर्ल्ड कप के होते हुए, वनडे के ही, एक और टूर्नामेंट खेलने की क्या जरूरत है? आइसीसी का स्पष्टीकरण था कि इन दोनों को खेलने के लक्ष्य अलग हैं। इसीलिए नए टूर्नामेंट का नाम कतई ऐसा नहीं रखा, जिसमें वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसी झलक मिले। ये वर्ल्ड कप के मुकाबले छोटा टूर्नामेंट भी रखा।

1998 के इस टूर्नामेंट का भी अलग-अलग जगह, अलग नाम देखने को मिला। विल्स इंटरनेशनल कप भी लिखा मिल जाएगा। आइसीसी ने इस नाम को गलत नहीं बताया बल्कि खुद भी, इस नाम का इस्तेमाल करते रहे। इसे मीडिया में कई जगह, 'मिनी वर्ल्ड कप' भी लिखा गया। विजडन ने भी यही 'मिनी वर्ल्ड कप' लिखा। ये उनका टूर्नामेंट को महत्त्व देने का तरीका था।

1997 में जब पहली बार इस तरह का टूर्नामेंट खेलने के बारे में सोचा था तो इसे मिनी वर्ल्ड कप का नाम ही दे रहे थे। जब आइसीसी के अपने ही वर्ल्ड कप से टकराव की बात उठी तो ये मिनी वाला नाम छोड़ दिया। उसके बाद आइसीसी नाकआउट टूर्नामेंट नाम चुना। जब विल्स स्पोर्ट स्पांसर बने तो ये 'विल्स इंटरनेशनल कप' हो गया। 1998 में इससे 10 मिलियन अमेरिकी डालर की कमाई हुई थी, जो उस समय आइसीसी के लिए बहुत बड़ी बात थी।

वर्ष 2000 में भी इसे आइसीसी नाकआउट ट्राफी नाम से ही खेले। ये इस नाम से इसका आखिरी साल था। बाद में नाम बदलकर आइसीसी चैंपियंस ट्राफी कर दिया और तब से इसे चैंपियंस ट्राफी नाम से ही खेल रहे हैं। ये सफर संकट से भरा रहा और चैंपियंस ट्राफी का हर आयोजन किसी न किसी मुश्किल/विवाद में फंसा। यहां तक कि दो बार तो ये भी तय हो गया कि इसका आयोजन रोक रहे हैं। इस बार भी कई बड़े मसले सुलझते देखे तभी ट्राफी का आयोजन हो रहा है। भारत का खेलना और हाइब्रिड माडल पर सहमति कोई साधारण बात नहीं। ये मुश्किल दूर हुई तो एक नया तूफान इंग्लैंड में उठा- अफगानिस्तान से मैच मत खेलो। वजह आरोप है कि यह तालिबान कंट्रोल देश महिलाओं के साथ सही व्यवहार नहीं कर रहा और इसी में

अफगानिस्तान महिला क्रिकेट का 'खत्म' होना शामिल है। खैर, उनकी सरकार ने औपचारिक तौर पर कोई गाइडलाइन नहीं दी और अब ये अड़चन भी खत्म हो चुकी है।

टीम इंडिया की बात करें तो सभी क्रिकेट पंडित की लिस्ट में वे टाइटल के लिए फेवरिट हैं। टी20 वर्ल्ड कप जीतने के साथ ही टीम इंडिया ने आइसीसी टाइटल न जीतने का सूखा तो पिछले साल खत्म कर लिया पर वनडे में वर्ल्ड कप जीते हुए 13 साल से ज्यादा हो चुके हैं। संयोग से, इन सब वर्षों में, बीसीसीआइ का भी वनडे खेलने का जोश भी कम हुआ है। यहां तक कि चैंपियंस ट्राफी से ठीक पहले भी सिर्फ तीन वनडे खेले और बड़ी टीमों में से सबसे कम वनडे खेलने के बाद भारत इस चैंपियंस ट्राफी में खेल रहा है।

भारत छह, नौ और 12 फरवरी को इंग्लैंड के विरुद्ध तीन वनडे खेला और ये पिछले साल अगस्त में श्रीलंका टूर के बाद, भारत के पहले 50 ओवर मैच थे। भारत अब चैंपियंस ट्राफी में ग्रुप ए में है और 20 फरवरी को बांग्लादेश, 23 फरवरी को पाकिस्तान और दो मार्च को न्यूजीलैंड से खेलना है। भारत के सभी मैच दुबई में हैं। भले ही पाकिस्तान मेजबान है पर भारत सरकार के टीम को वहां खेलने की इजाजत न देने से पाकिस्तान से उनके मैच हटे और हाइब्रिड फार्मूला ही अपनाया गया।

अब तक 13 देशों ने कम से कम एक बार चैंपियंस ट्राफी के लिए क्वालीफाई किया है और भारत पिछले सभी आठ आयोजनों में खेला है। सात अलग-अलग देशों ने यह टाइटल जीता है, जिनमें से भारत और आस्ट्रेलिया ने ही इसे दो-दो बार जीता है। इसमें श्रीलंका के साथ 2002 टूर्नामेंट में संयुक्त चैंपियन बनना शामिल है। 2000 और 2017 में फाइनल हारे थे। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में खेले कुल 29 मैच (सबसे ज्यादा) में से 18 मैच (सबसे ज्यादा) जीते हैं और 8 मैच हारे प्रतिशत सफलता 69.23 रही (सबसे ज्यादा)। ये तो तय है कि भारत 2017 चैंपियंस टीफी के अपने प्रदर्शन को दोहराना नहीं चाहेगा।

तब फाइनल खेलने के बावजूद चैंपियन न बने और सबसे खास ये कि फाइनल में पाकिस्तान से हारे। इस बार, खास मैच 23 फरवरी को पाकिस्तान के विरुद्ध है और इसे भारत जरूर जीतना चाहेगा। पाकिस्तान भले मेजबान है, पर चूंकि ये मैच दुबई में है इसलिए उनका होम ग्राउंड वाला फायदा तो गया। साथ में दुबई में रेकार्ड भारत को सपोर्ट करता है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने 21 एकदिवसीय में सिर्फ आठ जीत दर्ज की हैं और 12 मैच हारे जबकि इस स्टेडियम में खेले दोनों वनडे में भारत ने पाकिस्तान को हराया है। इस स्टेडियम में भारत का वनडे रिकार्ड बड़ा प्रभावशाली है और छह में से पांच मैच जीते हैं। इसके अतिरिक्त इस टूर्नामेंट का रोमांच वनडे क्रिकेट को भी लाइफ लाइन देगा। तीनों फार्मेट में क्रिकेट को बांटना आसान नहीं रहा।

अकमल ने पाकिस्तान टीम को लताड़ा, चैंपियंस ट्रॉफी छोड़ जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज खेलने को कहा

पाकिस्तान के लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम को अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रन से हार का सामना करना पड़ा। न तो पाकिस्तान के गेंदबाज चले और न ही बल्लेबाजों ने दम दिखाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने 320 रन बनाए। जवाब में मेजबान टीम 260 रन पर सिमट गई। इस हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर कामरान अकमल ने मोहम्मद रिजवान एंड कंपनी को उनके खराब प्रदर्शन के लिए फटकार लगाई है। एआरवाई न्यूज से बातचीत में कामरान ने टीम पाकिस्तान को लताड़ लगाई और उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अयोग्य बताया।

'जिम्बाब्वे और आयरलैंड से मैच खेलें'

कामरान ने कहा, 'जिम्बाब्वे और आयरलैंड की सीरीज हो रही है, उधर जाएं। वहां जाकर खेलें और अगर हम वहां जीतते हैं तो हम चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लायक होंगे। यह पाकिस्तान क्रिकेट का हाल है। पिछले छह-सात वर्षों

में हमारे क्रिकेट का स्तर काफी गिर गया है।' एक समय न्यूजीलैंड की टीम 73/3 के स्कोर पर संघर्ष कर रही थी, लेकिन विल यंग और टॉम लाथम के शतकों ने उन्हें 50 ओवरों में 320/5 तक पहुंचने में मदद की।

अकमल ने न्यूजीलैंड की प्रशंसा की

कामरान ने न्यूजीलैंड के परिपक्व क्रिकेट के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड शुरू में जूझता दिख रहा था। लेकिन आप उनकी परिपक्वता को देखें कि उन्होंने समय लिया, स्ट्राइक रोटेट की और पूरा नियंत्रण मिलने के बाद ही आक्रामक बल्लेबाजी शुरू की। एक परिपक्व टीम यही करती है। वे हमेशा एक बैकअप योजना के साथ आते हैं। उनके बल्लेबाज रचिन रवींद्र चोटिल हो गए और यहां तक कि उनकी जगह चुने गए विल यंग ने भी शतक बनाया।

रिजवान ने स्वीकार की गलती

मैच के बाद पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने स्वीकार किया कि टीम ने कीवी के खिलाफ गलतियां कीं। रिजवान ने कहा, 'उन्होंने अच्छा लक्ष्य बनाया। हमें इसकी उम्मीद नहीं थी। हम 260 के आसपास कुछ देख रहे थे। हमने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की और सभी रणनीति का इस्तेमाल किया, लेकिन उन्होंने अच्छा खेल दिखाया।

हम पिच की स्थिति देखते हैं, पहले पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, लेकिन जब विल यंग और लाथम जैसे बल्लेबाज खेल रहे हों तो यह मायने नहीं रखता। आखिर में हमने वही गलती की जो हमने लाहौर में की थी और उन्होंने इस मौके को भुनाया।

एकदिवसीय रैंकिंग में पहले स्थान पर गिल

भारत के उप कप्तान शुभमन गिल हाल ही में संपन्न घरेलू श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए।

आइसीसी ने कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले के साथ आठ टीम की चैंपियंस ट्राफी की शुरुआत से ठीक पहले नवीनतम रैंकिंग जारी की। आइसीसी ने कहा, 'भारत के दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पछाड़कर दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं।'

गिल ने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में दो अर्द्धशतक और एक शतक बनाया था, जिससे भारत ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। यह सलामी बल्लेबाज एक स्थान के फायदे से नंबर एक पर काबिज हो गया है। गिल के 796 रेटिंग अंक हैं, जबकि

बाबर के 773 अंक हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 761 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर हैं। आइसीसी ने कहा, 'चैंपियंस ट्राफी की शुरुआत से ठीक पहले रैंकिंग में शीर्ष पर यह एक बड़ा बदलाव है और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान तथा दुबई में आठ टीम के टूर्नामेंट के दौरान आने वाले हफ्तों में क्या होगा।' आइसीसी ने कहा, 'यह दूसरी बार है जब गिल ने एक दिवसीय क्रिकेट में नंबर एक रैंकिंग हासिल की है। भारतीय बल्लेबाज ने 2023 में भी आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बीच में बाबर को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया था।' इस बीच श्रीलंका के महेश तीक्षणा ने गेंदबाजों की एकदिवसीय रैंकिंग में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

श्रीलंका चैंपियंस ट्राफी में नहीं खेल रहा लेकिन हाल ही में तीक्षणा के चार विकेट की बदौलत उसने दो मैच की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया था। तीक्षणा के 680 रेटिंग अंक हैं जबकि उनके बाद दूसरे स्थान पर राशिद, तीसरे पर नामीबिया के बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, चौथे पर भारत के कुलदीप यादव और पांचवें स्थान पर पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी हैं। तीक्षणा और राशिद के बीच हालांकि सिर्फ 11 अंक का अंतर है और अफगानिस्तान का स्पिनर चैंपियंस ट्राफी के दौरान एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने को बेताब होगा। अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी शीर्ष रैंकिंग वाले हरफनमौला बने हुए हैं।

'आईसीसी टूर्नामेंट और शमी एक-दूजे के लिए बने', भारतीय पेसर का मुरीद हुआ विश्व विजेता खिलाड़ी पीयूष चावला

भारत ने बांग्लादेश पर शानदार जीत दर्ज करके आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की है। इस मैच के बाद, भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2011 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे पीयूष चावला ने शुभमन गिल की जिम्मेदारी भरी पारी और मोहम्मद शमी की धारदार गेंदबाजी और अन्य महत्वपूर्ण पलों को लेकर अपने विचार रखे। भारत को अब चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को पाकिस्तान का सामना करना है। यह मैच भी दुबई में खेला जाएगा। पाकिस्तान के लिए यह करो या मरो वाला मुकाबला है।

गिल की शतकीय पारी की पीयूष ने सराहना की

पीयूष ने कहा, 'यह एक प्रभावशाली पारी थी क्योंकि इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। जब आप इस तरह की विकेट पर लगभग 230 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है, जो अंत तक टिककर पारी संभाले और ठीक यही भूमिका शुभमन गिल ने निभाई। वह इस समय अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और जानते हैं कि कब संयम रखना है। उन्होंने जिम्मेदारी के साथ बैटिंग की। यही गुण उन्हें इस भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाता है। वह परिस्थितियों को समझते

हैं और टीम को कब क्या चाहिए, यह भी उन्हें मालूम होता है।

उन्होंने कहा, 'मैच के दौरान ऐसे हालात भी बने, जब बस सिंगल और डबल्स लेकर स्ट्राइक रोटेट करने की जरूरत थी, तब उन्होंने बाउंड्री लगाने की कोशिश भी नहीं की, लेकिन स्कोर चलायमान रखा।

इस तरह की समझदारी एक परिपक्व खिलाड़ी की निशानी है। अब जब वह उप-कप्तान भी हैं, तो आप उनसे इसी तरह भूमिका को अपनाने की उम्मीद करते हैं, और उन्होंने ठीक वैसा ही किया। एक समय भारत की पारी फंसी हुई लग रही थी, क्योंकि उसने कुछ विकेट खो दिए थे। लेकिन जिस तरह से उन्होंने पारी को संभाला और अंत तक टिके रहे, वो देखना बहुत ही शानदार था।'

शमी की गेंदबाजी पर पीयूष चावला फिदा हुए

पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, 'आईसीसी टूर्नामेंट और मोहम्मद शमी- यह एक बेहतरीन प्रेम कहानी है। ऐसा लगता है कि दोनों एक-दूजे बने हैं। जब भी वह आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एकदम अलग स्तर के गेंदबाज नजर आते हैं। आपको पता है कि वह चोट से वापसी कर रहे हैं और हाल ही में द्विपक्षीय सीरीज में उतने दमदार नहीं दिखे, लेकिन सकारात्मक संकेत यह था कि वह अपने कोटे के पूरे ओवर गेंदबाजी कर रहे थे। वह काफी बेहतर दिखाई दिए हैं। हमें अभी भी शमी का 100 प्रतिशत प्रदर्शन देखना बाकी है, लेकिन पांच विकेट लेने का कारनामा निश्चित रूप से उनके आत्मविश्वास में इजाफा करेगा।

कोहली को लेकर क्या बोले पीयूष चावला?

पीयूष ने कहा, 'जब विराट बल्लेबाजी करने आए, तो उस समय ज्यादातर स्पिनर बॉलिंग कर रहे थे। स्पिनर्स को आमतौर पर वह बैकफुट पर खेलते हैं। लेकिन हाल के मैचों में, हमने उन्हें लेग स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करते देखा है। वह अपनी पिछली पांच पारियों में से सभी में लेग स्पिनरों की गेंद पर आउट हुए हैं। हर टीम अपना होमवर्क करती है, इसलिए जब विराट बैटिंग करने के लिए मैदान पर उतरे, तो बांग्लादेश ने तुरंत अपने लेग स्पिनर रिशाद हुसैन को गेंद थमा दी।

ट्रंप के फैसले से परेशान हुए टिम कुक

एपल के भविष्य को लेकर चिंतित

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ लगाने और कुछ देशों पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी के बीच, अमेरिकी बिजनेस मैन और एपल के सीईओ टिम कुक ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। उन्हें एपल के भविष्य को लेकर चिंता है। दोनों ने व्हाइट हाउस में एक दूसरे से बातचीत की। उन दोनों से परिचित एक व्यक्ति के मुताबिक यह एक प्राइवेट मीटिंग थी, जिसके एजेंडे के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। असल में डोनाल्ड ट्रंप जब से अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, वह विदेशी देशों पर भंयकर टैरिफ लगा रहे हैं। कनाडा, मैक्सिको और चीन पर उन्होंने टैरिफ बढ़ा ही है। इसके साथ ही बाकी देशों पर भी अमेरिकी टैरिफ का खतरा मंडरा रहा है। इन सब के बीच एपल के सीईओ की चिंता बढ़ गई है। क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच अगर टैरिफ वॉर शुरू हुआ तो उसका खामियाजा टिम कुक और उनकी कंपनी को भुगतना पड़ेगा। टिम कुक भी बाकी टेक दिग्गजों की तरह डोनाल्ड ट्रंप से अपने रिश्ते बेहतर करना चाह रहे हैं, जिससे उन्हें ट्रंप की टैरिफ की मार न झेलनी पड़े।

एपल पर पड़ेगा असर

टिम कुक की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के कई मायने हैं। अमेरिका ने चीन में बनने वाले गुड्स पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इससे एपल की सेल पर असर पड़ सकता है और चाइना ने भी ऐप डेवलपर्स को लेकर जांच करना शुरू कर दी है,

जिसका असर एपल पर पड़ेगा। क्योंकि एपल का मैन्युफैक्चरिंग हब चीन है और इसका सबसे बड़ा मार्केट अमेरिका है। अगर चीन में बने गुड्स पर टैरिफ लगती है, तो इसका सीधा असर एपल की सेल पर पड़ेगा। टैरिफ लगने से दाम बढ़ेंगे और इससे बिक्री में कंपनी की बिक्री में गिरावट आ सकती है।

पहले कुक ने उठाया था फायदा

डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर टैरिफ लगाने के साथ एपल को कुछ अतिरिक्त छूट नहीं दी है। बल्कि ट्रंप ने प्राइवेसी पॉलिसी और लॉ इन्फोर्समेंट के मसले पर एपल की ओर से सहयोग न किए जाने पर उसकी आलोचना भी की है। डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल में टिम कुक को ट्रंप के साथ अपने अच्छे संबंध होने का फायदा मिला था।

एपल के सिग्नेचर वेरिएंट पर टैरिफ से छूट मिल गई थी। लेकिन ट्रंप ने कहा है कि एपल के प्रोडक्ट इस बार लकी नहीं हैं और उनका इरादा टैरिफ में छूट देने का नहीं है।

35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे, बोले पीयूष गोयल

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार भारत को 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को यह दावा किया। वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने यहां इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट (आईकेजीएस) में निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास किया और कहा कि वे जल्द ही बहरीन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करेंगे। गोयल ने कहा कि देश में विकास, प्रगति और आर्थिक अवसरों के लिए बेजोड़ अवसर हैं। गोयल ने जोर देकर कहा, हम सभी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को वर्तमान 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाया जा सके। भाजपानीत केंद्र सरकार और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) नीत केरल सरकार के बीच विभिन्न मुद्दों पर मतभेद हैं। इस पृष्ठभूमि में गोयल ने कहा कि वह केरल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यहां आए हैं और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में राज्य द्वारा की गई विभिन्न प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने निवेशकों से केरल और देश में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा, आइये और निवेश के फल का आनंद लें। दो दिवसीय निवेशक शिखर सम्मेलन में लगभग 3,000 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है।

सोना-चांदी के दाम में गिरावट : सोना 541 रुपए गिरकर 85,979 पर आया, चांदी 945 रुपए सस्ती

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी शुक्रवार (21 फरवरी) को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 541 रुपए गिरकर 85,979 रुपए पर आ गया है। कल सोने का दाम 86,520 रुपए पर था। बुधवार को गोल्ड ने 86,733 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 945 रुपए गिरकर 96,844 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। कल चांदी का भाव 97,789 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

महानगरों में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,550 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,750 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 80,250 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 87,550 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,550 रुपए है।

भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत

80,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपए है।

हैदराबाद : सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 80,250 रुपये है।

1 जनवरी से अब तक सोना 9,817 रुपए महंगा हुआ

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,817 रुपए बढ़कर 85,979 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 10,827 रुपए बढ़कर 96,844 रुपए पर पहुंच गया है।

2025 में भी अडानी के नहीं आएंगे अच्छे दिन

2 महीने में डूब गए 1.04 लाख करोड़

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। देश के दिग्गज बिजनेसमैन गौतम अडानी के क्या 2025 में अच्छे दिन नहीं आएंगे? ये सवाल उस समय पूछा जा रहा है जब ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट सामने आई है, इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 2025 में दुनियाभर में सबसे ज्यादा दौलत गवाने वालों में दूसरे नंबर पर भारत के मशहूर बिजनेसमैन गौतम अडानी का नाम है. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार गौतम अडानी फिलहाल दुनिया के 23वें सबसे रईस व्यक्ति हैं. आपको बता दें 2025 में जनवरी से लेकर फरवरी के बीच गौतम अडानी की संपत्ति में 1.04 लाख करोड़ की गिरावट देखने को मिली है, जो कि दुनियाभर के बिलिनियर्स की संपत्ति में दूसरे सबसे बड़ी गिरावट है. अब सवाल उठता है कि पहले नंबर पर दुनिया में सबसे ज्यादा किसकी संपत्ति कम हुई है. इस सबके बारे में यहां हम आपको विस्तार से बताने जा

रहे हैं.

एलोन मस्क की घटी सबसे ज्यादा संपत्ति

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार 2025 में दुनियाभर में सबसे ज्यादा किसी को नुकसान हुआ है तो वो एलन मस्क हैं. इस रिपोर्ट के अनुसार बीते दो महीने में एलन मस्क की संपत्ति में 35.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमी आई है.

अब कितनी है गौतम अडानी की नेटवर्थ?

2025 में गौतम अडानी की संपत्ति में 1.04 लाख करोड़ रुपए (11.9 बिलियन डॉलर) की कमी आई है. इसके बाद उनकी कुल नेटवर्थ घटकर 5 लाख 79 हजार करोड़ रुपए रह गई है. दूसरी ओर एलन मस्क की संपत्ति में 35.2 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 397.3 बिलियन डॉलर रह गई है.

अडानी की कंपनी के शेयर में गिरावट

इस साल अडानी एंटरप्राइजेज में 14.7% की गिरावट आई है, जबकि अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन में 8.85% की गिरावट आई है. अडानी पावर और अडानी ग्रीन एनर्जी सहित समूह की अन्य कंपनियों में भी इसी अवधि के दौरान क्रमशः 8.15% और 17.3% की गिरावट देखी गई है.

मुकेश अंबानी को भी हुआ नुकसान

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार मुकेश अंबानी की संपत्ति में भी 2025 में गिरावट देखने को मिली है, उनकी संपत्ति 25 हजार करोड़ रुपए घटकर 7.61 लाख करोड़ रुपए हो गई. वहीं एचसीएल टेक के शिव नादार की कुल संपत्ति 39 हजार करोड़ रुपए घटकर 3.35 लाख करोड़ रुपए हो गई है.

रॉकेट बनेगा मुकेश अंबानी की कंपनी का ये स्टॉक, एक्सपर्ट्स की क्या है राय

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अगर आप भी शेयर बाजार से कमाई करते हैं तो ये खबर आपके काम की साबित हो सकती है। शेयर बाजार में बीते कुछ महीने से उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। बाजार की गिरावट में निवेशकों के करोड़ों रुपए डूब गए हैं। लेकिन इन सबके बीच अब निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, दिग्गज ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली को मुकेश अंबानी के रिलायंस इंडस्ट्रीज में उपसाइड ट्रेंड नजर आ रहा है। आसान भाषा में कहें तो आने वाले दिनों में ये शेयर आपकी कमाई करा सकता है।

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर में आज यानी शुक्रवार को तेजी देखी जा रही है। कंपनी के शेयर कारोबार के दौरान डेढ़ फीसदी से ज्यादा चढ़कर 1234.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने अपने नोट में कहा कि यह तेल और गैस से लेकर रिटेल कंपनी पर 'ओवर वेट' बना हुआ है। ऐसे में दिग्गज ब्रोकरेज फर्म ने स्टॉक को 1,606 का टारगेट प्राइस दिया है। मॉर्गन स्टैनली के मुताबिक शेयर में आने वाले दिनों में 30% की संभावित बढ़ोतरी का संकेत दिख रहा है। इसके अलावा

रिलायंस इंडस्ट्रीज पर 38 एनालिस्ट में से 34 ने स्टॉक को 'बाय' रेटिंग दी है।मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने लगभग 400 मिलियन डॉलर के पीएलआई योजना के साथ 10 गीगावॉट बैटरी क्षमता बनाने के लिए केंद्र सरकार के साथ एक डील साइन की है।

ब्रोकरेज के मुताबिक, यह कॉन्ट्रैक्ट भारत में विकसित न्यू एनर्जी सप्लाई चेन के लिए घरेलू विनिर्माण प्राप्त करने की सरकार की पहल का हिस्सा है।

शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर डेढ़ फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 1234 रुपए पर कारोबार कर रहा है। कंपनी का मौजूदा मार्केट कैप 16.70 लाख करोड़ है। कंपनी का 52 हफ्ते का हाई 1608 है जबकि 52 हफ्ते का लो 1193 रुपए है। 6 महीने की बात करें तो बीते 6 महीने शेयर 17 फीसदी से ज्यादा गिर चुका है।

ब्याज दरों पर आरबीआई के फैसले से बैंकों पर बढ़ सकता है मार्जिन में कमी का दबाव

नई दिल्ली,21 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय बैंकों को अपने शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पर नए सिरे से दबाव का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से पांच वर्षों में पहली बार अपनी बेंचमार्क दर में कटौती करने के फैसले के बाद बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। एसएंडपी कैपिटल आईक्यू के अनुसार, छह सबसे बड़े निजी और सरकारी स्वामित्व वाले बैंकों का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) तनाव में है। हालांकि, मजबूत ऋण मांग ने इन बैंकों को विकास बनाए रखने में मदद की है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा के अनुसार, वित्त वर्ष 24 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में, छह प्रमुख बैंकों में से पांच ने 12 प्रतिशत से अधिक की ऋण वृद्धि देखी, जिससे उनकी शुद्ध आय सालाना आधार पर बढ़ी।

27 जनवरी को, आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली को समर्थन देने के लिए लिक्विडिटी बढ़ाने के उपायों की शुरुआत की और बाद में 7 फरवरी को अपने बेंचमार्क रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया। नोमुरा के विश्लेषकों को 2025 में दरों में और कटौती की उम्मीद है, अगली कटौती अप्रैल में होने की उम्मीद है। उन्हें 2025 के अंत तक 5.50 प्रतिशत की टर्मिनल दर का अनुमान है। सख्त तरलता स्थितियों के कारण जमा दरें उच्च बनी हुई हैं। दूसरी ओर, लोन लेने वाले कम ब्याज दरों की ओर जाने का रुख करेंगे जिससे बैंकों पर दबाव पड़ने की उम्मीद है। इससे बैंकों के मार्जिन पर दबाव पड़ेगा।

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने एनआईएम को 17 आधार अंकों से कम करके तीसरी तिमाही में 2.86 प्रतिशत रहने की बात कही है। हालांकि, एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसार, एसबीआई की ऋण वृद्धि साल दर साल 14 प्रतिशत पर मजबूत रही। मुख्य रूप से खुदरा, कृषि और एमएसएमई ऋणों के साथ-साथ कॉर्पोरेट ऋण में सुधार से प्रेरित थी। जबकि भारतीय बैंकों ने अपनी ऋण पुस्तकों का विस्तार किया है, जमा वृद्धि धीमी रही। अधिक ग्राहक कम ब्याज वाले बचत खातों से अधिक-उपज वाले सावधि जमा खातों की ओर जा रहे हैं, जिससे बैंकों की फंडिंग लागत बढ़ रही है। एसबीआई के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने मार्जिन पर दबाव बढ़ने को व्यवहारगत परिवर्तनर बताया।

गिरते बाजार में 10% चढ़ गया सरकारी कंपनी का शेयर

टारगेट प्राइस देखकर लपक लेंगे आप

नई दिल्ली,21 फरवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार में जारी गिरावट के बीच सरकारी कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड के शेयरों में काफी तेजी आई है। दो दिनों में इसकी कीमत करीब 10% उछल चुका है। बीएसई पर इसका भाव आज 82.13 रुपये तक पहुंच गया। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए की एक रिपोर्ट के बाद कंपनी के शेयरों में उछाल आई है। ब्रोकरेज ने इस शेयर को 'आउटपरफॉर्म' से 'हाई कन्विक्शन आउटपरफॉर्म' में अपग्रेड कर दिया है। मतलब सीएलएसए को पूरा भरोसा है कि ये शेयर अच्छा प्रदर्शन करेगा। हालांकि कंपनी के शेयर का टारगेट प्राइस 120 रुपये से थोड़ा कम करके 117 रुपये कर दिया गया है। सीएलएसए का मानना है कि अगले चार साल में एनएचपीसी का शेयर दोगुना हो सकता है। पिछले छह महीनों में कंपनी के शेयर में 25% की गिरावट आई थी। सीएलएसए इसे निवेशकों के लिए एक अच्छा मौका मानती है। मतलब अभी शेयर सस्ता है और इसमें निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। सीएलएसए ने बताया है कि परबती 2 हाइड्रो प्रोजेक्ट शुरू हो गया है। इससे वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में एनएचपीसी की रेगुलेटेड इक्विटी 27% बढ़ गई है। साथ ही सीएलएसए ने एनएचपीसी के पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट में एंट्री को भी पॉजिटिव बताया है। सीएलएसए का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-2028 के दौरान एनएचपीसी की रेगुलेटेड इक्विटी दोगुनी हो जाएगी क्योंकि उसके कई बड़े प्रोजेक्ट पूरे होने वाले हैं।

ईपीएस में बढ़ोतरी की उम्मीद

इससे कंपनी की कमाई प्रति शेयर (ईपीएस) में अच्छी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। पिछले एक साल में एनएचपीसी लिमिटेड के शेयरों में 12.68% की गिरावट आई है। साल की शुरुआत से अब तक शेयर में 1.22% की गिरावट आई है। पिछले छह महीनों में शेयर की कीमत 15.64% गिर गई है जबकि पिछले तीन महीनों में इसमें 1.99% की मामूली बढ़त देखी गई है। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 118.45 रुपये और न्यूनतम स्तर 71.01 रुपये है।

लगातार चौथे दिन टूटा बाजार ; सेंसेक्स 424 अंक गिरा, निफ्टी 22800 के नीचे

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। शुक्रवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए, जिससे लगातार तीसरे सप्ताह भी गिरावट जारी रही। बाजार में गिरावट हैवीवेट वित्तीय और ऑटोमोबाइल शेयरों में कमजोरी के कारण दिखी। अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी चिंताओं के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर बनी हुई है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 424.90 अंक या 0.56 प्रतिशत गिरकर 75,311.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 623.55 अंक या 0.82 प्रतिशत गिरकर 75,112.41 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 117.25 अंक या 0.51 प्रतिशत गिरकर 22,795.90 पर आ गया। बीते चार कारोबारी दिनों में बीएसई का सूचकांक 685.8 अंक या 0.90 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी 163.6 अंक या 0.71 प्रतिशत गिरा। ऑटो शेयरों और विदेशी फंडों की लगातार निकासी के कारण शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। कमजोर अमेरिकी बाजार और टैरिफ की धमकियों ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से महिन्द्रा एंड महिन्द्रा में 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, जोमैटो, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट भी पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी लाभ में रहे। जानकारों के अनुसार, एफआईआई की लगातार बिकवाली, रुपये में गिरावट, महंगे मूल्यांकन और अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाने की धमकी जैसे नकारात्मक कारणों से निवेशक भारतीय शेयरों से दूर हो रहे हैं। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, वास्तव में, स्थानीय बेंचमार्क ने एशियाई और यूरोपीय दोनों सूचकांकों की तुलना में कम प्रदर्शन किया, जिनमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। धातुओं को छोड़कर, घरेलू बाजारों में गिरावट का कारण बैंकिंग, आईटी, दूरसंचार, ऑटो, रियल्टी और तेल एवं गैस शेयरों में कमजोरी थी। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,311.55 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार में व्यापक आधार पर कमजोरी जारी रही, जिसका मुख्य कारण एफओएमसी की बैठक के आक्रामक रुख को लेकर निवेशकों की चिंता थी, जिसमें ब्याज दरों में लंबे समय तक वृद्धि का संकेत दिया गया था, जिससे उभरते बाजारों में तरलता बाधित हो सकती है। उन्होंने कहा, हालांकि बाजार में स्वस्थ सुधार हुआ है, लेकिन कॉर्पोरेट आय में क्रमिक सुधार और टैरिफ से संबंधित जारी जोखिमों के कारण मूल्यांकन के स्तर पर संदेह बना हुआ है, खासकर व्यापक बाजार में। भारत फिलहाल अपने एशियाई समकक्षों से पीछे है, क्योंकि एफआईआई का बहिर्वाह उच्च बना हुआ है, और भारत बेचो, चीन खरीदो की रणनीति फिलहाल लाभ दे रही है।एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजार ज्यादातर बढ़त पर बंद हुए। गुरुवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.59 प्रतिशत गिरकर 76.05 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। गुरुवार को सेंसेक्स 203.22 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 75,735.96 पर बंद हुआ था। निफ्टी 19.75 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 22,913.15 पर बंद हुआ था।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायण - ऋतु - बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अब्दि-432000 सूर्योदय - 06-43 सूर्यास्त - 18-21
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी, 14-26 तक उपरान्त दशमी
मास - फाल्गुन कृष्ण, शनिवार 22 February
नक्षत्र - ज्येष्ठा 17-40 तक मूल
योग - हर्षण 11-55 तक उप वज्र
करण- गर 13-19 तक वणिज
विशेष:-
व्रत -त्योहार - समर्थ रामदास नवमी

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य-	कुंभ मे	कुंभ	06-09 बजे
चंद्र-	वृश्चिक मे	मीन	07-48 बजे
मंगल	मिथुन मे	मेष	09-24 बजे
बुध-	कुंभ मे	वृष	11-08 बजे
गुरु-	वृष मे	मिथुन	13-09 बजे
शुक्र-	मीन मे	कर्क	15-01 बजे
शनि-	कुंभ मे	सिंह	17-34 बजे
राहु-	मीन मे	कन्या	19-40 बजे
केतु-	कन्या मे	तुला	21-46 बजे
		वृश्चिक	23-56 बजे
		धनु	02-09 बजे
		मकर	04-29 बजे

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 09:35 से 11:02 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
काल.	06:43 - 08:07	अशुभ	लाभ	18:21 - 19:52	शुभ
शुभ.	08:07 - 09:35	शुभ	उत्पात	19:52 - 21:24	अशुभ
रोग	09:35 - 11:02	अशुभ	शुभ	21:24 - 22:57	शुभ
उत्पात	11:02 - 12:30	अशुभ	अमृत	22:57 - 00:29	शुभ
चंचल	12:30 - 13:57	शुभ	चंचल	00:29 - 02:02	शुभ
लाभ	13:57 - 15:24	शुभ	रोग.	02:02 - 03:34	अशुभ
अमृत	15:24 - 16:52	शुभ	काल.	03:34 - 05:07	अशुभ
काल	16:52 - 18:21	अशुभ	लाभ	05:07 - 06:43	शुभ

आपका राशिफल

मेष (चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,): आपके आसपास आपका ध्यान और समय बांटने वाली बहुत सी गतिविधियाँ चल रही है। छोटी-मोटी बातों पर समय व्यर्थ ना करें। एकाग्र रहें,तभी आपको मुक्त ऊर्जा का प्रवाह अनुभव हो पायेगा। अगर आपको यह मिल गया तो आपकी जिन्दगी बन जायेगी। घबराएं नहीं,ध्यान से समझकर समय रहते अवसर का लाभ उठायें। सफलता की कुंजी प्राथमिकताएं तय करने से मिलेगी।

वृष (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,): आज आप बहुत जल्दी में हैं। आपको अपने सब कामों को निपटाने की गति जरा धीमी करनी होगी क्योंकि जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे गलतियाँ हो सकती हैं। इसीलिए धीमे चलें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आप क्या कह और कर रहें हैं। आपको अपने कार्य को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के लिए सभी बारीकियों पर ध्यान देने की जरुरत है।

मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,): आज अप्रत्याशित रूप से काफी खर्च हो सकता है। आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं जिसकी आपको जरुरत नही है लेकिन आपको अच्छी लगती है,इससे आपकी वित्तीय स्थिति काफी प्रभावित भी होगी। अपनी इस खर्च करने की प्रवृति पर नियंत्रण रखें तो दिन शांति से गुजर जाएगा।आपको आज कुछ नयी वित्तीय योजनायें भी पता चलेंगी।

कर्क (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,): जब भी कोई फैसला लेना होता है,आप दिल और दिमाग के बीच उलझ जाते हैं। यही उलझान है,अपने मन की आवाज सुनें ,इससे आप सही फैसले ले पायेंगे। आपके परिजनों और करीबियों को आपके साथ की जरुरत है। उनके साथ अच्छा समय बिताएं। यात्रा की योजना बनाने के लिए अच्छा समय है।अगले सप्ताह यात्रा कर सकते हैं।

सिंह (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,): आप पिछले कई दिन से बेचैन और नाखुश सा अनुभव कर रहें हैं लेकिन आज आपका रुख इस समस्या को और अधिक गंभीरता से लेने का है। आपको यह जानना है कि इस समस्या की जड़ क्या है ,आज का दिन इस काम के लिए सबसे बेहतर है। लम्बे समय से उपेक्षित कुछ कामो की योजना बनाने के लिए भी अच्छा दिन है।

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): एक वृद्ध व्यक्ति सोचने के लिए मजबूर करेगा। योजना बनाना और प्राथमिकताएं तय करना आपकी खासियत हैं। अपना काम करें,सब सही होगा।शांति बनाये रखें और धीरज से काम लें। कोई आपसे आज मिलने आएगा। अपनी सेहत और आराम का ख़ास ध्यान रखें। जल्द ही ऐसी वित्तीय स्थिति बन रही है जो आपके लिए फायदे का सौदा साबित होगी।

तुला (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,): आज आप व्यावहारिकता की अपेक्षा रखने वाले कई मुद्दों में भावनात्मक व्यवहार करेंगे। स्पष्ट सोच रखते हुए यह समझने की कोशिश करें की आपकी इच्छाएं क्या हैं और आपके लिए अच्छा क्या हैं। आपके भीतर कुछ ऐसी भावनाए पैदा हो सकती हैं जो आपको कुछ सीमायें लांघने के लिए उकसा सकती हैं। ऐसी कोई भी फैसला लेने से पहले सब को सूचित कर दें।

वृश्चिक (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,): आपसे सामजिक संपर्कों पर और ध्यान देने की अपेक्षा है। आपके आकर्षक व्यक्तित्व का सबपर प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावे आपको उन लोगो पर भी ध्यान दें जो आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुंचा रहे हैं। अपनी व्यस्त कार्यशैली के बावजूद सेहत का ध्यान रखें। आप पेट के खराब होने से परेशान हो सकते हैं।

धनु (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे): आज आपका मूड बदलता रहेगा। आप खुद भी यह नही समझ पायेंगे कि आप ऐसा क्यों महसूस कर रहे हैं और इस स्थिति को कैसे बदलें ? आपके इस प्रकार के व्यवहार से दुसरे भी उलझन में रहेंगे। फिर भी,किसी भी स्थिति में इमानदार बनें रहें क्योंकि इसी से आपको अपने लक्ष्य पूरे करने में मदद मिलेगी। आज सब चीजों को हल्के में लें और खुद को बस निरीक्षक की भूमिका तक सीमित रखें।

मकर (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी): ऐसे अवसरों को पकड़ने की कोशिश करें जो आपको सोचने और उसे अपने तरीके से दुबारा पेश करने का मौका दें। आप इसे उत्साह के साथ कर भी पायेंगे और आपको आनंद भी आएगा। घर में कुछ बदलाव होने ही हैं ,शायद आप अधिक एकाग्रता और अधिक बेहतर अवसरों के लिए किसी नईं जगह जाना चाहते हैं।

कुंभ (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,): आप आज थोड़ी सी गंभीर मानसिक स्थिति में रहेंगे। आपको आज जीवन के व्यावहारिक मुद्दों पर ध्यान देना होगा। लेकिन आप विश्वास और आशावादिता से भरपूर हैं और गहरे भावनात्मक स्तर पर भी मौके लेने के लिए तैयार हैं। आपका कोई करीबी आपके लक्ष्यों और उद्देश्यों के लिए अपनी चिंता जाहिर करेगा,उन्हें अपनी स्थिति समझाने के लिए समय निकालें।

मीन (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची): आप आज ऐसे लोगों से मिलेंगे जो आपकी कमियों के बारे में जानते तो हैं लेकिन उन्हें स्वीकार करना नही चाहते जैसे कि उनमें खुद में कोई कमियां नही हैं। ऐसे लोगों से दूरी बनाये रखें। उन अच्छे लोगों पर अपना ध्यान केन्द्रित करें जो आपको पिछले कुछ वर्षों में मिले हैं और उनसे दुबारा संपर्क साधने की कोशिश करें।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई
जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर हंगामा करने वाले 10 गिरफ्तार

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने 13 फरवरी यानी शब-ए-बरात के दौरान जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन के एएफसी गेट पर हुड़दंग मचाने के आरोप में 10 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन्होंने इन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस घटना को लेकर 15 फरवरी 2025 दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि युवाओं की भीड़ मेट्रो के स्कैनिंग मशीन को पंचिंग के जरिए पास करने के बजाय उसे जंप मारकर से स्टेशन से बाहर निकल रहे हैं। पुलिस ने डीएमआरसी से शिकायत मिलने पर बीएनएस की धारा 132 और 221, सेक्शन 59 और डीएमआरसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। दरअसल, शब ए बरात के दिन जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर युवकों की भीड़ ने जमकर हुड़दंग मचाया था। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में युवाओं ने हुड़दंग के दौरान ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) गेट के ऊपर से कूदकर पार किया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में इसे देखा जा सकता है। सोशल मीडिया यूजर्स ने सोशल मीडिया पर दिल्ली मेट्रो की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए थे। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा था कि इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी हुड़दंगियों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जा रही है। दिल्ली पुलिस आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने इस घटना को लेकर एक्स पर कहा था, "सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो जिसमें कुछ यात्री एएफसी गेट से कूदकर बाहर निकल रहे हैं। उस संबंध में डीएमआरसी यह जानकारी देना चाहता है कि यह घटना 13 फरवरी 2025 के शाम के वक्त वायलट लाइन के जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन की है।"

पेंच से आई बाघिन को पसंद आ रहा वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व, लगातार कर रही शिकार

दमोह, 21 फरवरी (एजेंसियां)। दमोह पेंच टाइगर रिजर्व से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में छोड़ी गई बाघिन यहां के माहौल में काफी घुलमिल गई है। बाघिन लगातार शिकार कर अपना पेट भर रही है। ऐसा लगने लगा है यह बाघिन भी यहां के जंगल को बहुत ज्यादा आबाद करेगी। बता दें रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व ऐसा रिजर्व क्षेत्र है, जहां की जलवायु और प्राकृतिक धरोहर जंगली जानवरों के रहवास का सबसे अच्छा स्थान है। यहां की जलवायु जानवरों के लिए फायदेमंद है। चाहे वह जानवर शाकाहारी हो या फिर मांसाहारी जो भी इस क्षेत्र में पहुंच जाता है वह अपना रहवास ही बना लेता है। यह प्रक्रिया वर्ष 2018 के बाद से लगातार देखते आ रहे हैं। जब यहां के नौरादेही अभ्यारण्य में पहली बार बाघ और बाघिन को लाया गया और छह साल के अंदर यहां 20 से अधिक बाघ हो गए। उनके भोजन की पर्याप्त व्यवस्था इस रिजर्व क्षेत्र में उपलब्ध है।

इन्होंने बना लिया रहवास

वर्ष 2018 में बाघिन राधा के दो महीने बाद एक बाघ को लाया गया था। उसको बाड़े में रखा गया था और दो दिन बाद ही उसने बाड़ा तोड़ लिया था, लेकिन वह स्थान छोड़कर नहीं भागा था। कजरी बाघिन जिसको बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र से लाया गया था उसे डोगरगांव रेंज के खापा नामक स्थान जो ब्यारमा नदी के समीप है वहां छोड़ा गया था। कजरी ने अपना स्थान तीसरे दिन ही छोड़ दिया था। उसके बाद वह कई दिनों तक दमोह जिले की सीमा में घूमती रही। बाद में तेजगढ़ रेंज के जंगली क्षेत्र में उसका रेस्क्यू किया गया और उसको उसके मूल स्थान पर छोड़ा गया।

वीरांगना टाइगर रिजर्व में बनेगा बसेरा

बाघिन कजरी की हरकते देखने से ऐसा लग रहा था यहां बाघिन रुकेगी नहीं, लेकिन उसके बाद वह रुक गई और आज भी उसी रेंज में रुकी हुई है। अभी कुछ दिन पूर्व एक और बाघिन को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व लाया गया। उसको नौरादेही में छोड़ा जो आज भी उसी क्षेत्र में रुकी हुई है। अनुमान यह लगाया जा रहा है कि बाघिन अब वीरांगना टाइगर रिजर्व में अपना बसेरा बना लेगी।

यह है खासियत

वीरांगना टाइगर रिजर्व क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। यह टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश के सागर, दमोह, और नरसिंहपुर ज़िलों में फैला है और दमोह के तेंदुखेड़ा ब्लॉक का 80 प्रतिशत हिस्सा इस टाइगर रिजर्व में शामिल हो गया है। यह टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश का सातवां बाघ टाइगर रिजर्व है। इस टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए बेहद अनुकूल वातावरण है और बेहतरीन रहवास के लिए स्थान है। गर्मियों से राहत पाने के लिए बड़ी-बड़ी नदी हैं, जिसमें बारह माह पानी भरा रहता है। बाघिन राधा, कजरी के बाद पेंच रिर्जव क्षेत्र से लाई गई बाघिन भी नौरादेही के जंगलों में रम गई है और अब वह यहीं रुकेगी, जिसकी उम्मीद विभाग के अधिकारी लगा रहे हैं। नौरादेही के उपवनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे ने बताया एन 6 को पेंच से वीरांगना टाइगर रिजर्व लाये दो सप्ताह होने को हैं। बाघिन पूरी तरह स्वस्थ है और अपने भोजन के लिए वह शिकार कर रही है।

अमृतपाल की सदस्यता पर संकट
हाईकोर्ट ने केंद्र से पूछा-सीट खाली घोषित करने के लिए कमेटी बनाई या नहीं

चंडीगढ़, 21 फरवरी (एजेंसियां)। खडूर साहिब से निर्दलीय सांसद अमृतपाल सिंह ने जेल से बाहर आने और संसद सत्र में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट से गुहार लगाई थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि क्या उनकी सीट को रिक्त घोषित करने के लिए किसी कमेटी का गठन किया गया है या नहीं। याचिका पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने किसी भी अंतरिम आदेश को जारी करने से इनकार कर दिया है। अमृतपाल सिंह ने याचिका में कहा है कि असम में नजरबंदी के कारण वह संसद की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। उन्हें जबरन अनुपस्थित रखा जा रहा है। इसका मकसद उनके संसदीय क्षेत्र को प्रतिनिधित्व से वंचित करना और 60 दिनों की अनुपस्थिति पूरी होने के बाद उनकी सीट को रिक्त घोषित कराना है। इससे न केवल उनके लिए बल्कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के लिए भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसके साथ ही अमृतपाल ने केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ बैठक करने की अनुमति भी मांगी है, ताकि वे अपने संसदीय क्षेत्र की समस्याओं और विकास के मुद्दों पर चर्चा कर सकें। उनका कहना है कि वे एक निर्वाचित सांसद हैं और इस नाते उन्हें अपने क्षेत्र के विकास के लिए सरकार के विभिन्न विभागों के साथ संवाद करने का पूरा अधिकार है।

याचिका में आगे कहा गया है कि संसद की कार्यवाही से 60 दिनों तक अनुपस्थित रहने के बाद उनकी सीट रिक्त घोषित कर दी जाएगी और नए चुनाव कराए जाएंगे। जबकि वास्तविकता यह है कि उन्हें जबरन हिरासत में रखा गया है और संसद की कार्यवाही में भाग लेने से रोका जा रहा है। ऐसे में इसे अनुपस्थिति नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह प्रशासन द्वारा जबरदस्ती उठाया गया एक कदम है, जिससे याचिकाकर्ता को संसद से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने अपनी दलील में यह भी कहा है कि इस तरह की कार्रवाई संसद की अवमानना के दायरे में आती है।

रेखा गुप्ता को सीएम बनाए जाने पर आरजेडी सांसद मीसा भारती ने जताई खुशी

पटना, 21 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की सांसद मीसा भारती की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि मैं एक महिला हूं और मुझे खुशी है कि एक महिला सीएम नियुक्त की गई है। इसके लिए मैं रेखा गुप्ता को बधाई देना चाहती हूं। इनसे यही उम्मीद करते हैं कि दिल्ली की जनता के लिए निस्वार्थ भाव से विकास के काम करें। मीसा भारती ने आगे कहा कि 2014 के बाद बीजेपी ने पहली बार किसी महिला को मुख्यमंत्री बनाया है। उनको पूरे फ्रीडम से काम करने का मौका मिलना चाहिए। दूसरी ओर आरजेडी नेता मृत्युंजय तिवारी ने बीजेपी पर तंज कसा है। बीते गुरुवार को उन्होंने यह कहा था कि तेजस्वी यादव की माई बहिन मान योजना के डर से एवं जेडीयू के वोटरों को साधने के लिए बीजेपी ने दिल्ली में महिला को मुख्यमंत्री बनाया है ताकि इसका बिहार विधानसभा चुनाव में लाभ मिल सके। उन्हें बिहार चुनाव में सफलता नहीं मिलेगी। बिहार में महिलाएं आरजेडी को वोट करेंगी। उन्होंने यहां तक कहा था कि बीजेपी में वैसे कोई भी मुख्यमंत्री रहे उन्हें आजादी को रहेगी नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इशारों पर काम करना होगा। बीजेपी विधायक रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाए जाने पर लगातार हो रही बयानबाजी के बीच जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा है कि अगले पांच वर्षों में दिल्ली में निश्चित रूप से बदलाव आएगा। बीजेपी को पूर्ण जनादेश मिला है। दिल्ली के लोगों को डबल इंजन सरकार का फायदा जरूर मिलेगा। बता दें कि दिल्ली में बीजेपी ने 27 साल जीत दर्ज की है। रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। उनके अलावा 6 विधायकों ने भी गुरुवार को मंत्री पद की शपथ ली है।

पीएमसीएच के शताब्दी समारोह में पहुंचेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, सवा घंटे तक रहेंगी

पटना, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच का 100 वर्ष पूरा होने जा रहा है। इस मौके पर शताब्दी समारोह का आयोजन होने जा रहा है। 25 फरवरी 2025 को पीएमसीएच का 100 साल पूरा हो जाएगा। इसको लेकर पटना के बापू सभागार में 24 और 25 फरवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 25 फरवरी को 12.15 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उद्घाटन करेंगी। इस समारोह के अवसर पर डॉक्टरों का बड़ा जुटान होने वाला है। बिहार एवं देश-विदेश से करीब 3500 पीएमसीएच के पूर्ववर्ती छात्र अपने आने का रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। बता दें कि 25 फरवरी 1925 को इंग्लैंड के प्रिंस ऑफ वेल्स ने पीएमसीएच का उद्घाटन किया था। इस शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सवा घंटा समय देंगी। इस कार्यक्रम में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बिहार के करीब-करीब सभी मंत्री दो दिनों के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के संचालन समिति के संयोजक डॉ। अरुण कुमार अग्रवाल (पूर्व उपकुलपति आर्यभट ज्ञान यूनिवर्सिटी) ने बताया कि इस समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के साथ-साथ पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद भी रहेंगे।

महाराष्ट्र लाडकी बहिन योजना: फरवरी महीने की किस्त कब आएगी? अनेक महिलाओं को लगेगा झटका

मुंबई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की लाडली बहनों के लिए खुशखबरी है। लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं को आज से फरवरी की किस्त मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके लिए वित्त विभाग ने 3490 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं। हालांकि करीब चार लाख महिलाओं को झटका भी लग सकता है। एबीपी माझा की रिपोर्ट के मुताबिक, इसबार जनवरी की तुलना में फरवरी में लाभार्थियों की संख्या में भारी कमी आने वाली है। लाडकी बहिन योजना के तहत दिसंबर के अंत तक महिला लाभार्थियों की संख्या 2 करोड़ 46 लाख थी। इसमें से करीब 5 लाख महिलाओं को अयोग्य घोषित किया गया। इसके बाद जनवरी के अंत में लाभार्थी महिलाओं की संख्या 2 करोड़ 41 लाख हो गई। अब फरवरी में ऐसी संभावना है कि करीब चार लाख महिलाओं को अयोग्य घोषित किया जा सकता है। इससे राज्य सरकार को 945 करोड़ रुपये की बचत होगी। दरअसल, पांच लाख महिलाएं नमो शेतकारी योजना और लाडकी बहिन योजना का लाभ उठा रही हैं। इन महिलाओं को लाडकी बहन योजना से केवल 500 रुपये मिलेंगे, जबकि नमो शेतकरी योजना से उन्हें 1000 रुपये मिलेंगे। कुछ महिलाओं ने स्वेच्छा से भी इस योजना से लाभ लेना छोड़ दिया है। दरअसल, सरकार ने अपील की थी कि ''जो लोग आयकर देते हैं, वे भी योजना का लाभ उठा रहे हैं। ऐसे में उन्हें इस योजना से लाभ लेना छोड़ देना चाहिए।'' साथ ही सरकार ने कहा था कि उन महिलाओं को योजना से बाहर किया जा रहा है, जिनकी उम्र अधिक हो चुकी है और वो वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ उठा रही हैं। राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले महत्वाकांक्षी लाडकी बहिन योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिया जाता है।

आधी रात को देवर खटखटाता रहा दरवाजा भाभी दीवार के सुराख से प्रेमी संग हो गई फुर्र

दमोह, 21 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के दमोह से ममता को शर्मसार कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां तीन बच्चियों और बूढ़ी सास को घर में सोता छोड़ एक महिला अपने प्रेमी संग भाग गई। हैरानी की बात ये है कि वो घर की दीवार पर बने सुराख से भागी है। दरअसल, आधी रात को महिला का प्रेमी उससे मिलने पहुंचा था। पति दूसरी जगह नौकरी करता है, इसलिए वो कभी-कबार ही घर आता था। पड़ोस में ही महिला का देवर भी रहता है। रात को महिला के देवर को शक हुआ कि भाई के घर में शायद कोई चोर घुस आया है। देवर तुरंत अपने भाई के घर पहुंचा। वो बाहर से दरवाजा खटखटा रहा था। घर में दो कमरे थे। एक कमरे में महिला की सास और तीन बच्चियां सो रही थीं। दूसरे में महिला अपने प्रेमी के साथ रंगरेलियां मना रही थी। देवर ने दरवाजा खटखटाया तो भाभी डर गई। सास ने बाहर का दरवाजा खोला लेकिन भाभी दूसरे कमरे में दुबकी रही। देवर को शक हुआ तो वो उसे दरवाजा खोलने को कहने लगा। लेकिन भाभी ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद देवर ने पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो पाया कि महिला वहां से भाग चुकी थी। वहां दीवार पर बड़ा सा सुराख दिखा, जिससे महिला प्रेमी संग भागी। मामला पथरिया इलाके का है। इस घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। दीवार के इसी सुराख से महिला का प्रेमी रोज उससे मिलने आता था।

रणवीर इलाहाबादिया में ड्रामा क्वीन राखी सावंत से होगी पूछताछ, इस दिन देंगी अपना बयान

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसियां)। इंडियाज गॉट लेटेंट शो पर चल रहे विवाद में लगातार नए अपडेट सामने आ रहे हैं। रणवीर इलाहाबादिया की अभद्र टिप्पणी के बाद पूरा विवाद खड़ा हुआ था, जो उनके माफी मांगने के बाद भी कम नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद रणवीर, समय और अपूर्वा समेत उस एपिसोड में मौजूद यूट्यूबर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। अब बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत को भी समन भेजा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र साइबर सेल ने राखी सावंत को समन भेजा है। यह इंडियाज गॉट लेटेंट शो पर चल रहे विवाद के



सिलसिले में भेजा गया है। बता दें कि राखी भी बतौर जज समय रैना के शो के एक एपिसोड में नजर आ चुकी हैं। यही कारण है कि उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

इस दिन होगी राखी सावंत से पूछताछ

राखी सावंत से 27 फरवरी को इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद पर पूछताछ की जाएगी। महाराष्ट्र साइबर सेल की ओर से एक्ट्रेस को इस दिन अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है। इससे पहले 24 फरवरी को आशीष चंचलानी और रणवीर इलाहाबादिया को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। वहीं, समय रैना ने बयान दर्ज कराने के लिए 17 मार्च तक का समय मांगा था, जिसे साइबर सेल की ओर से मंजूरी नहीं दी गई।

सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर को लगाई थी फटकार

जस्टिस सूर्यकां और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने रणवीर इलाहाबादिया की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की थी। इस दौरान कोर्ट ने उनके बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त लहजे में टिप्पणी की थी। हालांकि, यूट्यूबर को उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर में गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा जरूर प्रदान कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट में कहा गया, जिस व्यक्ति के दिमाग में गंदगी भरी हुई है, हम उसकी दलील क्या सुनें। कोर्ट ने यह आदेश भी जारी किया कि रणवीर बिना किसी सूचना के देश से बाहर नहीं जा सकेंगे और उनका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया गया।

'तुम पटवारी, मैं टीचर बन जाऊंगी'
हसीन सपने दिखाकर पत्नी ने पति के साथ कर दिया ये स्कैंडल

जबलपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक महिला ने अपने ही पति के साथ धोखाधड़ी कर दी। उसने पति को सरकारी नौकरी दिलाने का वादा करके लाखों की चपत लगाई दी। मामला जबलपुर सिटी का है। यहां एक पत्नी ने पति को हसीन ख्वाब दिखाए। उसे पटवारी और खुद को टीचर बनाने के नाम दोस्त के साथ मिलकर लाखों रुपए और पुश्तैनी जेवरात ले लिए। जब पति को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो वो पुलिस थाने पहुंचा। उसने पत्नी और उसके दोस्त के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जबलपुर के रहने वाले आदित्य मिश्रा ने पुलिस को बताया- साहब, मेरी शादी साल 2021 में नरसिंहपुर की रहने वाली संध्या (बदला हुआ नाम) के साथ हुई थी। मेरे पापा सरकारी अधिकारी की पोस्ट पर रिटायर्ड हैं। इसलिए घर में पैसों की इतनी परेशानी नहीं थी। लेकिन मैं अपनी नौकरी से ज्यादा खुश नहीं था। शादी के बाद संध्या ने मुझे भरोसा दिलाया कि उसका एक दोस्त जिसका नाम आकाश नेमा है, वो सरकारी नौकरी लगवा सकता है। आदित्य ने बताया- पहले तो मुझे संध्या की बातों पर यकीन नहीं हुआ। लेकिन उसने मुझे भरोसे में ले लिया। सरकारी नौकरी के लालच में मैं भी उसकी बातों में आ गया। तब पत्नी ने कहा कि इसके लिए आकाश को पैसे देने होंगे। मैंने अपनी जमा पूंजी यानि 32 लाख रुपये आकाश को दे दी। साल 2022 से जुलाई 2024 तक मैं आकाश को पैसे देता रहा। यहां तक कि पुश्तैनी गहने तक मैंने बेच दिए। लेकिन नौकरी लग ही नहीं रही थी। आकाश बस मुझे टाले जा रहा था।

ठगी का एहसास हुआ

पीड़ित बोला- बाद में वो मेरे फोन तक काटने लगा। इससे मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ ठगी हुई है। मेरी बीवी भी इसमें अपने दोस्त के साथ मिली हुई है। मुझे पूरा यकीन है कि आकाश और भी लोगों के साथ इसी तरह की ठगी कर चुका होगा।

5 शादियां करने वाले बुजुर्ग ड्राइवर की फिर जागी तमन्ना, दोस्त की बहन पर भी डाल रहा था डोरे
छठवीं शादी से पहले हो गया ये कांड

भोपाल, 21 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भोपाल में दो दिसंबर से लापता युवक की हत्या करने वाले को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। युवक की हत्या उसी के दोस्त ने की थी। हत्या के बाद वो 6 राज्यों में पहचान छुपाकर घूमता रहा और ड्राइवरी की नौकरी करता रहा। आरोपी ने जब पुलिस को हत्या का कारण बताया तो उसी के साथ कई और राज भी खुल गए। छोला पुलिस कोआरोपी ने बताया- मैं ड्राइवरी की नौकरी करता हूं। मृतक संदीप प्रजापति मेरा दोस्त था। मुझे कम उम्र की लड़कियां बहुत पसंद हैं। मैंने पांच शादियां की थीं। फिर मुझे संदीप की मौसेरी बहन भी पसंद आ गई। मैं उससे शादी करना चाहता था। लेकिन संदीप मेरे प्यार के बीच में रोड़ा बना हुआ था। इसलिए मैंने पहले उसका अपहरण किया। फिर दो दोस्तों से संदीप की सगी बहन को फोन करवाया और 1 लाख की फिरौती मांगी। फिर हमने संदीप को मार डाला और रातापानी के जंगल में शव को फेंक दिया। आरोपी ने बताया- इसके बाद मैंने भोपाल छोड़ दिया। फिर हत्या के बाद मैं नागपुर होता हुआ कोलकाता चला गया। इसके बाद असम, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक होते हुए आंध्रप्रदेश पहुंचा और नकली नाम से ड्राइवरी करने लगा। पुलिस की मानें तो आरोपी पहले से ही 5 शादियां कर चुका है और अलग-अलग राज्यों में 5 अन्य महिलाओं से उसके संबंध भी हैं। लेकिन इसके बावजूद आरोपी की गंदी नजर उससे आधी की एक युवती पर रहती थी, जो कि उसके दोस्त की ही बहन थी। दोस्त को उसकी करतूत पता चल गई थी। बस इसीलिए दोस्त को रास्ते से हटा दिया। छोला पुलिस के मुताबिक, 03 दिसंबर 2024 को सूरज प्रजापति नाम के शख्स ने एफआईआर लिखवाई।

शरद पवार को लेकर क्या बोले संजय राउत? कहा- विश्वासघात और षड्यंत्र दिल्ली में जीवन का अभिन्न अंग

मुंबई, 21 फरवरी (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत अपने बयानबाजी के लिए जाने जाते हैं। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के लिए संजय राउत ने शरद पवार पर निशाना साधा था। इसके कुछ दिनों बाद संजय राउत ने गुरुवार को शरद पवार की तुलना मराठा सेनापति महादजी शिंदे से की है। मराठा सेनापति महादजी शिंदे ने 18वीं शताब्दी में दिल्ली पर विजय प्राप्त की थी। एक पुस्तक के विमोचन के लिए आयोजित समारोह में शरद पवार के साथ मंच साझा करते हुए राज्यसभा सदस्य राउत ने एनसीपी (एसपी) प्रमुख की प्रशंसा की और उन्हें ऐसा नेता बताया जिन्हें महाराष्ट्र दिल्ली में देखना चाहता है। शिवसेना (यूबीटी) ने पिछले महीने पवार द्वारा एकनाथ शिंदे को सम्मानित किए जाने की आलोचना की थी। शिंदे को पुणे के एक गैर सरकारी संगठन द्वारा स्थापित महादजी शिंदे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शिंदे 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को गिराकर भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से मुख्यमंत्री बने थे।

शरद पवार हमारे विरोधी नहीं- राउत

नीलेश कुमार कुलकर्णी द्वारा लिखित पुस्तक 'संसद ते सेंट्रा विस्टा' (संसद से सेंट्रल विस्टा तक) का विमोचन करने के बाद राउत ने कहा, 'शरद पवार हमारे विरोधी नहीं हैं। वह कभी हमारे दुश्मन नहीं रहे। वह हमारे मार्गदर्शक और हमारे नेता हैं। वह हमारे महादजी शिंदे हैं।' राउत ने कहा कि मराठा साम्राज्य के सेनापति दिल्ली में 'किंगमेकर' थे और उन्होंने दो बार विजय प्राप्त करने के बाद यहां शासकों की नियुक्ति की। हालांकि, राउत ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति स्थायी रूप से बसने के इरादे से दिल्ली आता है तो वह ऐसा नहीं कर सकता।

कुछ गुजरात लौट जाएंगे- राउत

राउत ने कहा, 'यह परिवर्तन का शहर है। बाहरी लोग यहां आते हैं, शासन करते हैं और वापस चले जाते हैं। जो लोग आज दिल्ली पर शासन कर रहे हैं, उन्हें भी वापस लौटना होगा। कुछ लोग राजस्थान लौट गए हैं और कुछ महाराष्ट्र लौट गए तथा कुछ गुजरात लौट जाएंगे।' शिवसेना (यूबीटी) नेता राउत ने यह भी कहा कि विश्वासघात और षड्यंत्र दिल्ली में जीवन का अभिन्न अंग हैं। शरद पवार ने भी 1962-63 में कांग्रेस की बैठक के लिए दिल्ली की अपनी पहली यात्रा को याद करते हुए बताया कि कैसे वह और पार्टी में उनके कुछ साथी पहली बार जवाहरलाल नेहरू को देखकर अचंभित रह गए थे।

महाकुंभ में महिलाओं के साथ महापाप नहाने और कपड़े बदलने के वीडियो बेचे
चंगुल में चंद्रप्रकाश, प्रग्नेश और प्रणव तेली

प्रयागराज, 21 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु संगम नगरी पहुंच रहे हैं। महिलाएं, बच्चे, बूढ़े सभी पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ जा रहे हैं। वहीं कुछ लोग इस पवित्र समय में भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। महिलाओं के संगम स्नान के वीडियो को लोग सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। साथ ही डार्क वेब पर इन वीडियो को बेचा जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया है। इनके नाम चंद्रप्रकाश, प्रग्नेश और प्रणव तेली हैं। महाकुंभ में स्नान कर रही महिलाओं के वीडियो को लेकर पुलिस अब एक्शन मोड में आ गई है और जांच की जा रही है। डार्क वेब पर वीडियो बेचने के मामले में जांच प्रयागराज से गुजरात और महाराष्ट्र तक पहुंची है। जांच में महाराष्ट्र के लातूर का प्रणव तेली और सांगली के एक लड़के का नाम सामने आया। इन दोनों को गुजरात पुलिस ने अरेस्ट किया। आरोपी चंद्रप्रकाश फूलचंद मोन्दा के चैनल पर के कुंभ के वीडियो मिले। इसने टेलीग्राम एकाउंट सीसीटीवी चैनल 11 नाम से एकाउंट बनाकर वीडियो अपलोड कर पैसे कमाए इस मामले में गुजरात पुलिस की जांच में सामने आया है कि लातूर जिले का प्रणव तेली नाम का आरोपी विदेशी हैकर्स के टच में था।

गुजरात मूल के काश पटेल एफबीआई के डायरेक्टर

सीनेट ने मंजूरी दी, ट्रम्प की पार्टी के दो सांसदों का विरोध में वोट

वॉशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय मूल के कश्यप काश पटेल, अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर बन गए है। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को वोटिंग के दौरान उन्हें 51-49 के मामूली बहुमत से पद के लिए चुना गया।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के अलावा पटेल के विरोध में दो रिपब्लिकन सांसद सुसान कॉलिन्स और लिसा मर्कोव्स्की दोमात्र ने भी वोट किया। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को इस बात का डर है कि काश पटेल पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प के आदेशों का पालन करेंगे और उनके विरोधियों को निशाना बनाएंगे।

मंजूरी मिलने के बाद पटेल ने राष्ट्रपति ट्रम्प और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

सीनेट से मंजूरी के बाद पटेल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की। इस पोस्ट में उन्होंने कहा कि एफबीआई अमेरिकियों को नुकसान पहुंचाने वालों का इस ग्रह के हर कोने में पीछा करेगी। पटेल ने इसे चेतावनी की तरह लेने के लिए कहा।

इसके अलावा काश पटेल ने लिखा कि, एफबीआई की जी-मेन से लेकर 9/11 हमले के बाद हमारे देश की सुरक्षा तक एक शानदार विरासत है। अमेरिकी लोग एक ऐसी एफबीआई के हकदार हैं जो पारदर्शी, जवाबदेह और न्याय के लिए प्रतिबद्ध हो। हमारी न्याय प्रणाली के राजनीतिकरण ने जनता के भरोसे को खत्म कर दिया है। हम एक ऐसी एफबीआई बनाएंगे, जिस पर लोग गर्व कर सकें। काश पटेल भारतीय प्रवासी के बेटे हैं। उनका जन्म एक गुजराती परिवार में हुआ था। काश पटेल के माता-पिता युगांडा के शासक ईदी अमीन के देश छोड़ने के फरमान से डरकर 1970 के दशक में भागकर कनाडा के रास्ते अमेरिका पहुंचे थे। 1988 में पटेल के पिता को

अमेरिका की नागरिकता मिलने के बाद एक एरोप्लेन कंपनी में नौकरी मिली। 2004 में कानून की डिग्री हासिल करने के बाद जब पटेल को किसी बड़ी लॉ फर्म में नौकरी नहीं मिली तो उन्होंने एक सरकारी वकील के तौर पर काम करना शुरू कर दिया। हालांकि, ड्रीम जॉब के लिए उन्हें 9 साल तक इंतजार करना पड़ा। काश पटेल 2013 में वॉशिंगटन में न्याय विभाग में शामिल हुए। यहां तीन साल बाद 2016 में पटेल को खुफिया मामले से जुड़ी एक स्थायी समिति में कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया। इस विभाग के चीफ डेविड नून्स थे, जो ट्रम्प के कट्टर सहयोगी थे।

राष्ट्रपति रहने के दौरान ट्रम्प ने 2019 में जो बाइडेन के बेटे के बारे में जानकारी जुटाने के लिए यूक्रेन पर दबाव बनाया था। इस वजह से विपक्ष उन पर नाराज हो गया। किसी कानूनी पचड़े से बचने के लिए ट्रम्प ने इस मामले में मदद के लिए सलाहकारों की एक टीम बनाई। इसमें काश पटेल का भी नाम था। तब उनका नाम देख हर किसी को हैरानी हुई थी।

काश पटेल 2019 में ट्रम्प प्रशासन से जुड़ने के बाद तरक्की की सीढ़ियां चढ़ते गए। ट्रम्प प्रशासन में वे सिर्फ 1 साल 8 महीने रहे, लेकिन सबकी नजरों में आ गए। मैगजीन द अटलांटिक की एक रिपोर्ट में पटेल को 'ट्रम्प के लिए कुछ भी करने वाला' शख्स बताया गया है। ट्रम्प प्रशासन में जहां पहले से लगभग सभी लोग ट्रम्प के वफादार थे, वहां भी उन्हें ट्रम्प के सबसे वफादार लोगों में गिना जाने लगा था। यही वजह है कि कई अधिकारी उनसे डरते थे।

परमाणु, बायोलॉजिकल, केमिकल, महाविनाशक हथियारों के साथ चीनी सेना ने किया युद्धाभ्यास

बीजिंग, 21 फरवरी (एजेंसियां)। चीन लगातार अपनी सैन्य शक्ति का विस्तार कर रहा है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक चीन की सेना ने हाल ही में न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल, केमिकल (एनबीसी) हथियारों के साथ भयानक युद्धाभ्यास किया है। इस अभ्यास में यूएवी, रोबोट डॉग और विस्फोटक आयुध रोबोट को शामिल किया गया था। चीनी मीडिया के मुताबिक इस अभ्यास के दौरान रोबोट के साथ साथ मिलिट्री ड्रोनों को भी शामिल किया गया था। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की 73वीं ग्रुप आर्मी ने इस अभ्यास को अंजाम दिया है, हालांकि चीन की सरकार मीडिया ने युद्धाभ्यास वाली जगह का खुलासा नहीं किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस अभ्यास के दौरान सेना को अलग अलग युद्ध के दौरान उनकी भूमिकाओं, टेक्नोलॉजी और मॉडर्न युद्ध सिस्टम के बारे में जानकारियां दी गई हैं।

अभ्यास में शामिल ब्रिगेड के

जिनपिंग का इरादा क्या है?

एक सदस्य क्यू हुआली ने आधिकारिक मीडिया के हवाले से कहा है कि चाहे वह सिमुलेशन ट्रेनिंग का एडवांस स्तर हो या मानव रहित उपकरणों की व्यापक तैनाती, दोनों ही हमारे लिए नए प्रतिस्पर्धी रास्ते बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सिमुलेशन ट्रेनिंग युद्ध के वातावरण में कॉर्डिनेशन को बढ़ाता है। हमने मानवयुक्त और मानवरहित स्ट्रैटजी पर काम किया है, उनमें सुधार किया है, उनमें मॉडर्न वारफेयर को शामिल किया है और बेहतरीन युद्ध रणनीतियों को लागू किया है।

चीन में मानवरहित हथियारों के इस्तेमाल पर जोर

चीन के इस सैन्य अभ्यास के दौरान सबसे महत्वपूर्ण बात ये थी कि इस दौरान मानवरहित हथियारों के इस्तेमाल पर काफी जोर दिया गया है। चीनी मीडिया ने एक चीनी डिफेंस एक्सपर्ट सोंग झोंगपिंग के हवाले से कहा है, कि बीजिंग रोबोट और मानव रहित

उपकरणों के उपयोग को दोगुना कर रहा है। ऐसा करने से युद्ध में इंसानों पर निर्भरता काफी कम होती है, जान का नुकसान कम होता है और मशीनें, इंसानों की तुलना में बेहतर जंग लड़ सकती हैं। सोंग झोंगपिंग ने कहा कि ड्रोन में महत्वपूर्ण क्षमताएं हैं, क्योंकि वे इंसानी हताहतों को कम कर सकते हैं और लड़ाकू उपकरणों की प्रभावशीलता बढ़ा सकते हैं। चीनी सैन्य एक्सपर्ट ने इसके अलावा जंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को भी एक महत्वपूर्ण फैक्टर बताया है। उन्होंने कहा कि पीएलए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटेलिजेंटाइजेशन के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

इससे पहले 19 फरवरी की चीन के सरकारी न्यूज चैनल सीसीटीवी ने बताया था कि पीएलए ने पायलट उम्मीदवारों के शरीर पर पड़ने वाले असर को जानने के लिए एआई का उपयोग करना शुरू कर दिया है, ताकि लंबे समय में उनके बॉडी पर पड़ने वाले असर को जाना जा सके। फिर असर को कम करने के लिए शरीर को फाइटर जेट के अनुकूल बनाया जा सके।

भारत को 'रिश्वत स्कीम' के तहत भेजा जा रहा था पैसा

यूएसएआईडी की फंडिंग पर बवाल के बीच डोनाल्ड ट्रंप का नया बयान

वॉशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका से भारत को चुनाव में मदद के लिए फंडिंग पर मचे बवाल के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर बयान दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान बढ़ाने के लिए अमेरिकी फंडिंग पर सवाल उठाते हुए इसे किकबैक स्कीम यानी एक रिश्वत जैसी योजना बताया है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को रिपब्लिकन गवर्नर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में दिया है। ट्रंप ने बुधवार को इस मुद्दे पर बोलते हुए बाइडेन प्रशासन पर भारत के चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया था। ट्रंप के करीबी सहयोगी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने भी इस फंडिंग पर सवाल उठाए है। ट्रंप प्रशासन ने इस फंडिंग को रोकने की बात कही है। ट्रंप का दावा है कि पूर्व की अमेरिकी सरकार ने यूएसएआईडी के जरिए भारत में मतदाता वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर यानी 182 करोड़ रुपए दिए गए थे। इस दावे के बाद भारत की राजनीति में भूचाल आ गया है। भारत की सत्ताधारी

भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस इस मुद्दे पर एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। हालांकि इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि यूएसएआईडी से रकम भारत नहीं बांग्लादेश में गई था और वहां इसका इस्तेमाल हुआ है।

इस विवाद की शुरुआत डोनाल्ड ट्रंप के बयान ये हुई है। ट्रंप ने कहा है, 'भारत में मतदान बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर देने की क्या जरूरत है। हम भारत के टर्नआउट की परवाह क्यों कर रहे हैं। हमारे पास खुद की काफी समस्याएं हैं और फिर क्या आप सोचते हैं कि इतना सारा पैसा भारत जा रहा है। मुझे आश्चर्य है कि जब उन्हें यह मिलता है तो वे क्या सोचते हैं।'

ट्रंप ने गुरुवार को फिर से इस पर बोलते हुए कहा, 'मेरा मानना है कि भारत को फंडिग एक किकबैक स्कीम है। यानी जो पैसा दिया जाता है, उसमें हेरफेर होता है। इसमें किसी को भी नहीं पता कि इसके पीछे क्या चल रहा है।' एलन मस्क ने भी इस मुद्दे पर ट्वीट करते हुए दावा किया कि यूएसएआईडी ने भारत में मतदान बढ़ाने के नाम पर 21 मिलियन डॉलर आवंटित किए।'

यूएसएआईडी एक अमेरिकी सरकारी एजेंसी है जो विकासशील देशों को सहायता प्रदान करती है। मौजूदा मामले में विवाद ट्रंप का आरोप है। ट्रंप का कहना है कि भारत में पैसे का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया गया। ट्रंप का बयान भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिए भी चुनौती बन रहा है।

चीन में मिला चमगादड़ से इंसानों में फैलने वाला नया कोरोनावायरस

क्या कोविड-19 की तरह मचाएगा तबाही

बीजिंग, 21 फरवरी (एजेंसियां)। चीन में विशेषज्ञों की टीम ने चमगादड़ों में एक नया कोरोनावायरस खोजने का दावा किया है। यह वायरस इंसानों से जानवरों से इंसानों में फैल सकता है। यह उसी इंसानी रिसेप्टर का इस्तेमाल करता है, जो कोविड-19 का कारण बनता है। ऐसे में ये अंदेशा पैदा हो गया है कि एक बार फिर कोविड-19 महामारी जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। इस वायरस की खोज बैटवुमन के नाम से मशहूर शी झेंगली के नेतृत्व में काम करने वाली टीम ने की है। झेंगली गुआंगजौ लैबोरेटरी की हेड वायरोलॉजिस्ट हैं। उनकी यह रिसर्च 'सेल' पत्रिका में मंगलवार को पब्लिश हुई है। साउथ चाइना मॉर्निंग साउथ पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, रिसर्च कहती है कि नया 'एचकेयू5' कोरोनावायरस का एक नया प्रकार है। यह वायरस पहले हांगकांग में जापानी पिपिस्ट्रेल चमगादड़ में पाया गया था। यह मर्बेकोवायरस सबजीन से आता है। इसमें मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम पैदा करने वाला वायरस शामिल है। यह वायरस एसीई 2 रिसेप्टर से जुड़ता है, जिसका इस्तेमाल कोविड-19 का वायरस करता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस वायरस के इंसानों में फैलने का खतरा ज्यादा है। हालांकि यह कोविड-19 जितना खतरनाक नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि हमने एचकेयू5-कोवी के एक अलग लिनेज (लिनेज-2) की खोज रिपोर्ट करते हैं, जो ना केवल चमगादड़ से चमगादड़ बल्कि इंसान और दूसरे स्तनधारियों में भी आसानी से पहुंच सकता है।

हमास ने इजराइल को गलत शव सौंपा

इजराइली सेना का दावा- दोनों बच्चों के शवों की पहचान हुई, पर तीसरी बॉडी उनकी मां की नहीं

गाजा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने गुरुवार को 4 इजराइली बंधकों के शव लौटाए थे। हमास के मुताबिक इनमें से तीन शव दो बच्चों और उनकी मां शिरी बिबास के थे।

इसे लेकर इजराइली सेना ने शुक्रवार को दावा किया है कि हमास ने शिरी बिबास का शव नहीं लौटाया है। उनकी जगह किसी और का शव सौंपा गया है। हालांकि, दोनों बच्चों के शवों की पहचान हो गई है।

दोनों बच्चों- एरियल और केफिर बिबास के शवों की पहचान इजराइली पुलिस और बच्चों के परिवार की मदद से नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक मेडिसिन ने की थी। फॉरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों की मौत हमास की कैद में नवंबर 2023 में हुई थी।

इजराइली सेना ने कहा- शव की पहचान करने के दौरान यह साफ हुआ कि ये बॉडी शिरी बबास की नहीं है। ये बॉडी हमास की कैद में मौजूद किसी और

शख्स से भी मैच नहीं कर रही है। ये कोई अनजान शव है।

केफिर को जब बंधक बनाया गया उस वक्त उसकी उम्र सिर्फ 9 महीने थी। तब वह हमास के कब्जे में सबसे कम उम्र का बंधक था। हमास ने नवंबर 2023 में दावा किया था कि शिरी और उनके दोनों बच्चों की इजराइली बमबारी में मौत हो चुकी है।

हमास ने तब एक वीडियो भी जारी किया था जिसमें यार्डेन बिबास अपने परिजनों की मौत का जिम्मेदार इजराइली पीएम नेतन्याहू को बता रहे थे। हालांकि, इजराइल ने कभी भी हमास के इस दावे को नहीं माना।

एक इजराइली अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि मृतक बंधकों का नाम घोषित करने से पहले इजराइल में उनकी पहचान की जाएगी। इन शवों की फोरेंसिक जांच के लिए तेल अवीव के अबू कबीर इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन ले जाया जाएगा।

इजराइल और हमास में 19 जनवरी को बंधकों की रिहाई को लेकर सीजफायर हुआ था, जिसमें 3 फेज में बंधकों की रिहाई होना है। पहले चरण के तहत 33 इजराइली बंधकों को रिहा किया जाना है। इसमें से 19 बंधकों को अब तक 1100 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों के बदले रिहा किया जा चुका है।

इजराइल का कहना है कि शेष 14 में से आठ की मौत हो चुकी है। पिछले महीने लागू हुए सीजफायर डील के तहत बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की छह बार अदला-बदली हो चुकी है।

पाकिस्तान की भाषा मत बोलिए, तुर्की ने कश्मीर पर उगला जहर तो भारत ने बंद की बोलती

ब्रिक्स का अहसान भूले खलीफा एर्दोगन

अंकारा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने तुर्की से कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के रुख का समर्थन करने वाले राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के बयान पर चिंता जताई है। भारत ने तुर्की से कहा है कि एर्दोगन कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान की जुबान में बोल रहे हैं, जो ठीक नहीं है। भारत ने साफ किया है कि कश्मीर मुद्दा पूरी तरह द्विपक्षीय है और इसका अंतरराष्ट्रीयकरण करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। भारत ने ऐसे समय पर एर्दोगन को उनके रुख पर चेताया है, जब पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे पर अपने पक्ष को मजबूत करने के लिए तुर्की का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

तुर्की के प्रेजीडेंट एर्दोगन ने हाल ही में पाकिस्तान का दौरा किया है। इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बातचीत के बाद एर्दोगन ने अपने बयान में कहा था, 'कश्मीर मुद्दे का समाधान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के हिसाब से कश्मीर के लोगों की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। हमारा देश अतीत की तरह आज भी अपने कश्मीरी भाइयों के साथ एकजुटता से खड़ा है।' इस पर भारत ने साफ किया है कि तुर्की को पाकिस्तान की तरह से बात नहीं करनी चाहिए। भारत लगातार इस बात पर जोर देता रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा है।

इजराइल में तीन बसों में बम धमाके

आतंकी हमले का शक, पार्किंग में खाली खड़ी थी बसें, देश भर में बस और ट्रेन सर्विस रोकी

तेल अवीव, 21 फरवरी (एजेंसियां)। इजराइल की राजधानी तेल अवीव में गुरुवार देर रात 3 बसों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए।। ये बसें बाट याम और होलोन इलाकों की पार्किंग में खाली खड़ी थी। धमाकों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस ने आतंकी हमले की आशंका जताई है। दो अन्य बसों में भी बम मिले हैं।

इजराइली पुलिस ने कहा कि कुल पांच बम एक जैसे थे और टाइमर से लैस थे। बम स्क्वॉड ने निष्क्रिय किए गए बमों को सुरक्षित तरीके से हटा दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक बम शुक्रवार सुबह धमाके के लिए रखे गए थे, लेकिन इनके टाइमर गलत तरीके से सेट किए गए थे, जिससे रात में विस्फोट हो गया।

धमाकों के बाद नेतन्याहू ने इजराइल डिफेंस फोर्सेस को वेस्ट बैंक में उग्रवादी ठिकानों में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू करने का आदेश दिया है। सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर देशभर में बस और रेल सर्विस को रोक दिया है।

डैन बस कंपनी के निदेशक ओफिर करनी ने मीडिया को बताया कि, धमाके वाली बसों में से एक बस में सवार यात्री ने पिछली सीट पर एक संदिग्ध बैग देखा था। उसने ड्राइवर को इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि वे डिपो में पहुंचे, बस से उतरे और बाहर निकलते ही बस में धमाका हो गया।

इजराइली सेना 21 जनवरी से वेस्ट बैंक के उत्तर-पश्चिमी इलाके में आयरन वॉल नाम से एक बड़ा सैन्य अभियान चला रही है। यह ऑपरेशन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण के 1 दिन बाद ही शुरू हो गया था। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में संदिग्ध फिलिस्तीनी उग्रवादियों पर कई छापे मारे हैं। फिलिस्तीनियों की इजराइल में एंट्री भी रोक दी है।

वेस्ट बैंक के उत्तरी शहर टुलकारेम के अल-कासिम ब्रिगेड्स ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया कि हम अपने शहीदों का बदला लेना कभी नहीं भूलेंगे। जब तक हमारी जमीन पर कब्जा है। हालांकि ग्रुप ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

तेल अवीव में बम विस्फोट गुरुवार को 4 इजराइली बंधकों के शव लौटाने के बाद हुए। इन बंधकों में शिरी बिबास और उनके 2 बच्चे एरियल बिबास और केफिर बिबास शामिल हैं। 7 अक्टूबर 2023 को जब हमास ने इन्हें बंधक बनाया था, तब एरियल की उम्र 4 साल और केफिर की उम्र 9 महीने थे।

इन बच्चों के पिता यार्डेन बिबास को इस महीने की शुरुआत में रिहा किया गया था। चौथा शव 83 साल के ओडेड लिफिशट्ज का है।

ट्रम्प सरकार का एक महीना, 16 फैसले

पहले दिन बाइडेन के 78 आदेश पलटे, दुनियाभर में जैसे-को-तैसा टैक्स लगाया, भारतीयों को जंजीरों में डिपोर्ट किया

वॉशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में ट्रम्प सरकार का 1 महीना पूरा हो चुका है। 20 जनवरी को राष्ट्रपति बनते ही ट्रम्प ने 100 से ज्यादा आदेशों पर साइन किए। ये अपने आप में इतिहास था। इसके साथ उन्होंने बाइडेन के 78 आदेशों को पलटा था।

ट्रम्प ने अगले 30 दिन में कई ऐसे फैसले लेना जारी रखा। उन्होंने दुनियाभर में रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का फैसला किया। वहीं, भारत समेत कई देशों के अवैध अप्रवासियों को हथकड़ियों-जंजीरों में डिपोर्ट करना शुरू किया।

स्टोरी में ट्रम्प के ऐसे 16 अहम फैसलों के बारे में जानेंगे जिनका भारत समेत दुनियाभर पर असर पड़ा

बाइडेन के 78 फैसलों को पलटा

शपथ लेने के सिर्फ 6 घंटे के अंदर ही बाइडेन के 78 फैसलों को पलट दिया। इसमें कैपिटल राइट के दोषियों को माफ करने, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सदस्यता से अमेरिका के बाहर निकालने, दवाओं की कीमत कम करने जैसे आदेश शामिल थे।

जन्मजात नागरिकता कानून को खत्म करने का आदेश दिया

ट्रम्प ने उन माता-पिता के बच्चों को जन्मजात नागरिकता देने से इनकार करने का आदेश दिया जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं या फिर अस्थायी वीजा लेकर रह रहे हैं। उनके इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी गई है।

हालांकि ट्रम्प के आदेश में कहा गया है कि यह केवल उन लोगों पर लागू होगा जो इस आदेश की तारीख से 30 दिनों के बाद अमेरिका में जन्मे हैं। इसका मतलब है कि अमेरिका में भारतीयों की आने वाली पीढ़ी इसके दायरे में होगी।

गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदला

ट्रम्प ने 'मेक्सिको की खाड़ी' का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' करने का ऐलान किया। दरअसल, ट्रम्प का मानना है कि इस इलाके में अमेरिका की ज्यादा मौजूदगी है। अमेरिका इस इलाके में सबसे ज्यादा एक्टिविटी करता है, इसलिए ये जगह अमेरिका की है।

ट्रम्प ने रिफ्यूजी रिसेटलमेंट प्रोग्राम कैंसिल कर दिया। इससे अलग-अलग देशों में हजारों की संख्या में शरणार्थी फंस गए। इन शरणार्थियों को अमेरिका में शरण की मंजूरी मिल गई थी। ट्रम्प ने एच1बी वीजा बंद नहीं करने की ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका को जो टैलेंट चाहिए, वह इस वीजा प्रोग्राम से ही मिल सकता है। अमेरिका को टैलेंट की जरूरत है। हमें सिर्फ इंजीनियर ही नहीं चाहिए, अन्य जॉब्स के लिए भी बेस्ट प्रोफेशनल्स चाहिए।

अमेरिका से निकाले गए 300 अप्रवासी पनामा में कैद

इनमें कई भारतीय भी, होटल की खिड़कियों से मदद मांग रहे, अपने देश जाने को तैयार नहीं

पनामा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने 300 अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करके पनामा भेजा है। यहां इन लोगों को एक होटल में हिरासत में रखा गया है। इन अप्रवासियों में भारत के अलावा नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, वियतनाम और ईरान के लोग शामिल हैं। ये लोग अपने देश लौटने को तैयार नहीं हैं। होटल की खिड़कियों से ये लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। कुछ लोग कागजों पर 'हमारी मदद करें' और 'हमें बचाएं' लिखकर खिड़की से दिखा रहे हैं।

अमेरिका अवैध अप्रवासियों को उनके देश डिपोर्ट करने के लिए पनामा को पड़ाव के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। इसके लिए पनामा के अलावा ग्वाटेमाला और कोस्टारिका के साथ भी करार किया है।

अप्रवासियों से मोबाइल फोन छीन लिए गए और उन्हें एक होटल में बंद कर दिया गया है। ये लोग अपने वकील से भी नहीं मिल सकते हैं। एक अप्रवासी ने होटल में आत्महत्या की भी कोशिश की, जबकि भागने की कोशिश में एक अप्रवासी का पैर टूट गया।

पनामा के सुरक्षा मंत्री फ्रैंक अब्रेगो का कहना है कि अप्रवासियों को सुरक्षा के मद्देनजर हिरासत में रखा गया है। उन्हें सभी जरूरी मेडिकल ट्रीटमेंट और भोजन दिया जा रहा है।

भारतीय दूतावास पनामा अधिकारियों से संपर्क में

पनामा का भारतीय दूतावास अपने लोगों की देखभाल के लिए लगातार अधिकारियों से संपर्क में है। दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- अधिकारियों ने हमें बताया है कि भारतीयों का एक समूह अमेरिका से पनामा पहुंच गया है। उन सभी को एक होटल में सुरक्षित रखा गया है। दूतावास की टीम ने कांसुलर एक्सेस प्राप्त कर लिया है।

पनामा के मंत्री फ्रैंक अब्रेगो ने बताया कि 171 अवैध अप्रवासी मर्जी से अपने देश जाने के लिए तैयार हो गए हैं, जबकि 97 किसी और देश जाना चाहते हैं। इन लोगों को कोलंबिया-पनामा बॉर्डर के पास डेरियन जंगल में बने कैंप में ट्रांसफर कर दिया गया है। यहां से यूएन की रिफ्यूजी एजेंसी उन्हें दूसरे देश में ट्रांसफर करने की व्यवस्था करेगी।

जेलेंस्की को फटकार, नाटो की सदस्यता नहीं, हथियारों की सप्लाई बंद

क्या डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को बना दिया यूक्रेन युद्ध का विजेता?

वॉशिंगटन, 21 फरवरी (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप का शांति प्रस्ताव लागू हुआ तो यूक्रेन कई हिस्सों में बंट जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावों को देखें तो साफ पता चलता है कि उन्होंने यूक्रेन युद्ध का आखिरी विजेता रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बना दिया है। इस शांति प्रस्ताव में यूक्रेन कहीं नहीं हैं और राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेंस्की 'कोने में फंसे चूहे' की तरह बताए जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने जेलेंस्की को तानाशाह कहकर फटकार लगाई और साफ शब्दों में धमकी दी, कि 'शांति प्रस्ताव पर आगे बढ़ें नहीं तो उनके पास कोई देश नहीं बचेगा।' ट्रंप ने साफ कर दिया है कि जिस हिस्से पर अब रूस का कब्जा है वो यूक्रेन हासिल नहीं कर पा पाएगा। यूक्रेन को नाटो का सदस्य नहीं बनाया जाएगा। रूस ने यूक्रेन के लगभग 20% क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है।

रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रुसेल्स में नाटो ऑफिस में यूक्रेन के सैन्य सहयोगियों की एक बैठक में अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा, कि हम भी आपकी तरह एक संप्रभु और समृद्ध यूक्रेन चाहते हैं। लेकिन हमें यह पहचान करने की शुरुआत करनी चाहिए, कि यूक्रेन की 2014 से पहले की सीमाओं पर वापस लौटना एक अवास्तविक मकसद है। 2014 में भी रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था और उससे क्रीमिया क्षेत्र को छीन लिया था। जो बाइडेन के कार्यकाल के दौरान लगातार यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई की जा रही थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे अब बंद कर दिया गया है। जिसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। कीव पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के एक सांसद ने कहा कि अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति रोक दी गई है। हालांकि, रिपोर्ट में एक अन्य सांसद ने उनकी बात का खंडन किया है। यूक्रेन के रक्षा और खुफिया मामलों पर संसदीय पैनल में शामिल सांसद रोमन कोस्टेंको ने कहा कि यूक्रेन को हथियारों की बिक्री और डिलीवरी में शामिल कुछ अमेरिकी कंपनियां अब राजनीतिक फैसलों का इंतजार कर रही हैं। कोस्टेंको ने एक इंटरव्यू में कहा है कि मेरी जानकारी के मुताबिक बेचे जाने वाले हथियारों की डिलीवरी बंद हो गई है। जिन कंपनियों को इन हथियारों को यहां भेजना था वे अब इंतजार कर रही हैं, क्योंकि कोई फैसला नहीं हुआ है।

'कॉफी विद कलेक्टर' में नशा मुक्ति और चुनौतियों पर खुली चर्चा, विद्यार्थियों ने साझा किए सुझाव

हनुमानगढ़, 21 फरवरी (एजेंसियां)। जिला कलेक्टर कानाराम ने 'कॉफी विद कलेक्टर' कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों और खिलाड़ियों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान नशा मुक्ति, जीवन की चुनौतियों और उनके सपनों को लेकर खुलकर चर्चा हुई। विद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली ममता स्वामी समेत 8 खिलाड़ियों, 2 प्रेरणा कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों और मानस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के 6 प्रथम विजेता विद्यार्थियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम में जब विद्यार्थियों ने अपनी चुनौतियों और संघर्ष की कहानियां साझा कीं, तो सभागार में बैठे अधिकारी और अन्य उपस्थित लोग भावुक हो गए। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाथवाना के छात्र मोहित जाखड़ ने बताया कि पारिवारिक परिस्थितियों के चलते उन्होंने बकरी चराते हुए राष्ट्रीय कबड्डी अंडर-17 प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंदराम की ढाणी के छात्र धीरज ने अपनी पीटीआई बनने की महत्वाकांक्षा साझा की।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने नशा मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशे से सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें जागरूक करने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा बिंदु ने विद्यालय में खेल मैदान के निर्माण का सुझाव दिया, जिस पर कलेक्टर ने सकारात्मक रुख दिखाया। जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, यदि आप खिलाड़ी, डॉक्टर या अधिकारी बनना चाहते हैं, तो आपको जल्द निर्णय लेकर कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे कंफर्ट जोन से बाहर निकलें और बड़ा लक्ष्य तय करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और समाज का माहौल सकारात्मक है, जो हरसंभव सहायता के लिए तैयार है।

कार्यक्रम में छात्रा हर्षिका ने एक पोस्टर के माध्यम से नशा करने वाले और नशा न करने वाले परिवारों की वित्तीय स्थिति का तुलनात्मक चित्रण किया। उन्होंने अपनी सहपाठी के पारिवारिक हालातों को साझा किया, जिनके पिता के नशे की गिरफ्त में होने से उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रेरणादायक कहानियों को दूसरों तक पहुंचाकर उन्हें प्रोत्साहित करना है। साथ ही उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार कर प्रशासन बेहतर नीतियों का निर्माण करेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'मानस अभियान' के लोगो वाले बैग और कॉफी मग भेंट किए गए।

तेजल सुपर डुपर सॉन्ग के सिंगर पर जानलेवा हमला

भीलवाड़ा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थानी सिंगर राजू रावल पर गुरुवार की रात कुछ लोगों ने हमला कर दिया। जिसमें उनके आंख और सिर पर चोटें आई है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने थाने पर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। राजू के अनुसार- एक फंक्शन अटेंड करने आसींद से नेगडिया की तरफ जा रहा था। नदी से जाने वाले बीच रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा था। मैंने उतरकर उनको बोला की इसे थोड़ा साइड में खड़ा कर लो। इसी दौरान एक घर से दो-चार आदमी निकाल कर आए और गाली-गलौज करने लग गए। ट्रैक्टर हम नहीं हटाएंगे और मुझे गलत बोला। उन्होंने सरिए और डंडों से हमला कर दिया। मेरे साथ मेरे दो-तीन फ्रेंड थे, ऐसा लगा जैसे उन्हें मुझसे कोई रंजिश हो। मेरे सिर और आंख पर चोट आई है। हमारी कार को भी डैमेज कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

प्रदेश में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर हलचल बढ़ी

आज होगी घोषणा, राठौड़ का चुना जाना तय

जयपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। प्रदेश भाजपा में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान 22 फरवरी तक कर दिया जाएगा। हालांकि मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की फिर से ताजपोशी लगभग तय है। पार्टी में प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर हलचल तेज हो गई है। आज और कल दो दिन में चुनाव प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और अध्यक्ष का औपचारिक निर्वाचन किया जाएगा। चुनाव अधिकारी विजय रुपाणी की मौजूदगी में आज दोपहर बाद नामांकन दाखिल होंगे। कल दोपहर बाद अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा।

गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी को पार्टी ने चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। रुपाणी आज जयपुर पहुंचेंगे। वे पार्टी कार्यालय पर भाजपा प्रदेश चुनाव संयोजक नारायण पंचारिया के साथ बैठक करेंगे और नामांकन प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। वहीं प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल भी चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल होंगे। इसके बाद शाम 4:30 से 5 बजे तक नामांकन की जांच की जाएगी और शाम 5 से 6 बजे तक नामांकन वापसी होगी।

यदि कोई दूसरा नामांकन नहीं होता है तो मदन राठौड़ को निर्विरोध निर्वाचित किया जाना तय है। यदि कोई और नाम दाखिल होता है तो अगले दिन 22 फरवरी को मतदान सुबह 11 बजे से 2 बजे तक होगा, जिसके बाद निर्वाचित अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

गौरतलब है कि राजस्थान बीजेपी में संगठनात्मक निर्वाचन प्रक्रिया काफी धीमी रफ्तार से आगे बढ़ी है। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी इसे लेकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। हाल ही में बीजेपी ने 39 जिलों में नए जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। मंडल से लेकर जिलों तक के निर्वाचन में कई बार विवाद सामने आए जिसके चलते सूचियों को रोकना पड़ गया लेकिन अब विवादों का पटाक्षेप हो चुका है और अंतिम रूप से अब प्रदेशाध्यक्ष का ऐलान होना है।

शहर में 4 हजार परिवारों की बिजली होगी बंद

6 करोड़ 50 लाख रुपये की बकाया राशि वसूलेगा डिस्कॉम

धौलपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। शहर में 4 हजार परिवारों की बिजली बंद होने वाली है। पुराने कटे हुए बिजली कनेक्शनों पर बकाया राशि वसूलने के लिए डिस्कॉम ने सख्ती शुरू कर दी है। धौलपुर में 4 हजार ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान की गई है, जिनके कनेक्शन बिल जमा न करने पर काट दिए गए थे और अब उन पर कुल 6 करोड़ 50 लाख रुपये का बकाया है। धौलपुर एक्सईएन विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि यदि ये बकायेदार जल्द ही बकाया बिल जमा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ विजिलेंस कार्रवाई की जाएगी और बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी जाएगी। इसके लिए डिस्कॉम के अधिकारी और फीडर इंचार्ज लगातार निगरानी कर रहे हैं। यदि किसी कटे हुए कनेक्शन वाले घर में बिजली चालू मिलती है, तो उनके खिलाफ वीसीआर (विजिलेंस चेक रिपोर्ट) दर्ज की जाएगी। इसके अलावा उच्च-स्तरीय अधिकारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है, जो इन कनेक्शनों की गहन जांच कर रहे हैं। पुराने बकायेदारों से राशि वसूलने के लिए डिस्कॉम की टीम लगातार तगादा कर रही है। इसके बावजूद यदि बकाया बिल जमा नहीं होता है, तो विजिलेंस कार्रवाई के साथ-साथ बिजली बंद करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। एक्सईएन विवेक शर्मा ने अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं पर पुराना बकाया है, वे जल्द से जल्द अपना बकाया बिल जमा कर दें, ताकि बिजली बंद होने और किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

रखवालों ने कानून को दिखाया ठेंगा, वकील पीटते रहे और पुलिस वाले देखते रहे

जयपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। कानून के हाथ लंबे होते हैं, यही वजह है कि अमूमन सभी लोग कानून पर पूरा भरोसा करते हैं लेकिन कई बार ऐसे हैरान करने वाले मामले सामने आते हैं जब सबकी आंखों के सामने कानून को ठेंगा दिखाया जाता है और कोई कुछ नहीं बोलता। सोचिए अगर कानून के रखवाले ही कानून का मजाक उड़ाते रहेंगे तो लोगों का कानून पर भरोसा कैसे कायम रहेगा।

राजधानी जयपुर में गुरुवार दोपहर बाद राजस्थान हाईकोर्ट के बाहर ऐसी घटना हुई जिसमें कानून का खुलेआम मजाक उड़ा। कुछ वकील एक टैक्सी चालक को बेरहमी से पीटते रहे और पुलिस वाले खड़े खड़े देखते रहे। हाईकोर्ट के मुख्य द्वार पर टैक्सी चालक रोता रहा लेकिन कानून के रखवालों की आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी।

मारपीट नहीं करने की गुहार लगाते रहे पुलिसकर्मी

टैक्सी चालक के साथ मारपीट की यह घटना स्टेच्यू सर्किल और अंबेडकर सर्किल के बीच जनपथ की है। हाईकोर्ट के मुख्य द्वार के सामने कुछ वकील एक टैक्सी चालक को पीट रहे थे। मौके पर कुछ ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी खड़े थे। वे वकील को बचाने के बजाय वकीलों से गुहार लगाते दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो में पुलिसकर्मी यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि 'श्रीमान जी मारपीट मत कीजिए, यह गलत है।' इसके बावजूद भी वकील पीटते रहते हैं। पुलिसकर्मी असहाय से खड़े बार बार वकीलों से गुहार लगाते दिखाई दे रहे हैं। बाद में पुलिस कंट्रोल रूम कॉल करके पुलिस का जाब्ता भेजने की मांग करते हैं। वकीलों का दुस्साहस देखिए उन्होंने पुलिसकर्मी का वायरल लैस सेट छीनने की कोशिश भी की।

कोई केस दर्ज नहीं किया पुलिस ने

वायरल लैस सेट पर कंट्रोल रूम को सूचना दिए जाने के कुछ ही देर बाद अशोक नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर लोगों की भीड़ लगी थी। मारपीट और हंगामे की वजह से रास्ता जाम हो गया और दर्जनों वाहनों की कतार लग गई। करीब एक घंटे के हंगामे के बाद मामला शांत हुआ। अशोक नगर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार का कहना है कि किसी भी पक्ष की ओर से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक वकील और टैक्सी चालक मौके से जा चुके थे। वीडियो को देखकर लगता है कि यह वीडियो खुद ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने ही बनाया था।

बिजयनगर ब्लैकमेलिंग कांड में कोर्ट ने आरोपियों को रिमांड पर भेजा

> पिछली पेशी में वकीलों ने की थी पिटाई

अजमेर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बिजयनगर में नाबालिग छात्राओं से ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म के गंभीर मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को अजमेर की पॉक्सो कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने इनमें से चार आरोपियों को पांच दिन की रिमांड पर और तीन को सात दिन की रिमांड पर भेजा है। वहीं अब तक तीन नाबालिगों को डिटेन किया गया है, जिन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया है। गौरतलब है कि मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को दो दिन पहले अजमेर की पॉक्सो कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगी गई थी। पुलिस उपाधीक्षक (मसूदा) सज्जन सिंह के नेतृत्व में आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट लाया गया। पुलिस ने कोर्ट में बताया कि आरोपियों से एक साथ पूछताछ की जाएगी, ताकि पूरे मामले की साजिश का खुलासा हो सके। इससे पहले की गई पेशी के दौरान वकीलों और अन्य लोगों ने आरोपियों के साथ मारपीट की थी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से गहराई से पूछताछ कर रही है ताकि इस अपराध से जुड़े अन्य पहलुओं का पता लगाया जा सके।

दांत दर्द के इलाज में युवती को बताया एचआईवी पॉजिटिव

एम्स जांच कराने पर रिपोर्ट नेगेटिव निकली

बीकानेर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। बीकानेर में जिला कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई के दौरान एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया, जहां दांत दर्द के इलाज के लिए अस्पताल गई एक युवती को पीबीएम अस्पताल में एचआईवी पॉजिटिव बता दिया गया। यह खबर युवती और उसके परिवार के लिए बड़े सदमे से कम नहीं थी। अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर युवती को एआरटी सेंटर से एचआईवी की दवाइयां भी दी जाने लगीं लेकिन जब परिवार को रिपोर्ट पर संदेह हुआ और उन्होंने दिल्ली के एम्स में दोबारा जांच कराई, जहां युवती एचआईवी नेगेटिव निकली।

इस गलत रिपोर्ट ने युवती और उसके परिवार की जिंदगी में उथल-पुथल मचा दी। जिस समाज में एचआईवी को अभी भी कलंक की तरह देखा जाता है, वहां इस झूठी रिपोर्ट ने युवती को मानसिक तनाव और सामाजिक बहिष्कार का सामना करने पर मजबूर कर दिया।

अस्पताल की अजीब सलाह

सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि पीबीएम अस्पताल ने युवती को एचआईवी पॉजिटिव युवक से शादी करने की सलाह तक दे दी। इतना ही नहीं अस्पताल ने ऐसे युवकों की जानकारी भी दी, जो पहले से एचआईवी संक्रमित थे। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना रवैया था, बल्कि परिवार के दर्द को और बढ़ाने वाला था। घटना ने सरकारी अस्पतालों की जांच प्रक्रिया और उनकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनसुनवाई में जब यह मामला जिला कलेक्टर के सामने आया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और तुरंत जांच के आदेश दिए। अब सवाल यह है कि क्या दोषियों पर कोई कार्रवाई होगी, या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दब जाएगा?

स्कूल संचालक ने सीज प्रॉपर्टी का तोड़ा ताला

> लोन नहीं चुकाने पर हाईकोर्ट ने दिए थे आदेश, बैंक में थी गिरवी

श्रीगंगानगर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीगंगानगर में हाईकोर्ट के आदेश पर सीज किए गए निजी स्कूल और मकान के ताले स्कूल संचालक ने ग्रामीणों की मौजूदगी में शुक्रवार सुबह तोड़ दिए और स्कूल का संचालन फिर से शुरू कर दिया। हाईकोर्ट ने बैंक का लोन चुकाने में नाकाम रहने पर प्रॉपर्टी सीज करने के आदेश दिए थे। जिस पर गुरुवार को प्रशासन ने स्कूल और मकान को सीज किया था। मामला रायसिंहनगर थाना इलाके के गांव 82 आरबी का है। हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस और प्रशासन ने गुरुवार शाम को गांव 82 आरबी के निजी स्कूल की कुर्कशुदा प्रॉपर्टी का कब्जा बैंक को दिला दिया। इस दौरान स्कूल संचालक और उनके समर्थकों ने बैंक और प्रशासन की ओर से की जा रही कार्रवाई का विरोध किया था, लेकिन एसडीएम सुभाषचन्द्र चौधरी ने पुलिस टीम के साथ बैंक को प्रॉपर्टी का कब्जा दिला दिया था। इस दौरान डीएसपी अनु बिश्नोई, तहसीलदार हर्षिता मिढा, थानाधिकारी सत्यनारायण गोदारा और बैंक के अधिकारी मौजूद रहे। चक 82 आरबी में बीआर मॉडल स्कूल की प्रॉपर्टी एयू स्मॉल बैंक में लोन को लेकर स्कूल संचालक आत्माराम बिश्नोई ने गिरवी रखी थी, लेकिन लोन नहीं चुका पाने से बैंक ने इस स्कूल भवन पर ताला लगा दिया था। स्कूल संचालक ने बिना लोन चुकाए ही बैंक के लगे ताले को तोड़कर स्कूल का संचालन फिर से शुरू कर दिया था। जिस पर कुर्क सम्पति का कब्जा फिर से दिलाए जाने को लेकर एयू बैंक के अधिकारियों ने पुलिस और प्रशासन से मांग की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर बैंक की ओर से हाईकोर्ट में रीट दायर की गई।

रंगीन मिजाज डीएसपी की बहाली पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

जयपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। आपको याद होगा करीब साढ़े तीन साल पहले राजस्थान पुलिस के एक डिप्टी एसपी और महिला कांस्टेबल का अश्लील वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में डिप्टी एसपी और महिला कांस्टेबल नग्न होकर स्वीमिंग पूल में मस्ती करते हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ में महिला कांस्टेबल का मासूम बेटा भी नजर आ रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद डिप्टी एसपी हीरालाल सैनी और महिला कांस्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। दोनों की गिरफ्तारी हुई। बाद में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दोनों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। कुछ समय बाद डिप्टी एसपी ने हाईकोर्ट की शरण ली तो हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने हीरालाल सैनी को बहाल करने के निर्देश दिए थे। अब खंडपीठ ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है। यानी डिप्टी एसपी हीरालाल सैनी की बहाली को रोक दिया है।

अक्टूबर 2021 में सरकार ने किया था बर्खास्त

जुलाई 2021 में राजस्थान पुलिस के डिप्टी एसपी हीरालाल सैनी और एक महिला कांस्टेबल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उन दिनों विधानसभा का सत्र चल रहा था। अश्लील वीडियो और पुलिस अधिकारी की शर्मनाक हरकत की खबरें सामने आई तो विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। सख्त कार्रवाई की मांग उठी। वायरल वीडियो में महिला कांस्टेबल का 6 साल का बच्चा भी था और उसके साथ भी अश्लील हरकतें हो रही थी। ऐसे में डिप्टी एसपी हीरालाल सैनी और महिला कांस्टेबल के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसओजी ने दोनों को गिरफ्तार किया। अक्टूबर 2021 में राज्य सरकार ने दोनों को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया।

अक्टूबर 2024 में कोर्ट ने किया बहाल

नौकरी से बर्खास्त होने के कुछ महीनों बाद बर्खास्त डिप्टी एसपी हीरालाल सैनी ने कोर्ट की शरण ली। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जारी बर्खास्तगी के फैसले को चुनौती देते हुए याचिका लगाई। हीरालाल सैनी के वकील आरएन माथुर ने कहा कि सुनवाई का मौका दिए बिना ही बर्खास्त करना कानून सम्मत नहीं है। जिस वीडियो के आधार पर बर्खास्त किया गया, उस वीडियो का परीक्षण ही नहीं कराया गया था। सैनी के वकील ने दलील दी कि हो सकता है वह वीडियो फेक हो। बिना जांच के कानूनन बर्खास्त नहीं किया जा सकता। इस राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि उस मामले की जांच संभव नहीं थी लेकिन हाईकोर्ट ने सरकार के तथ्यों को स्वीकार नहीं किया और बर्खास्तगी के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने हीरालाल सैनी को बकाया वेतन और समस्त परिलाभ दिए जाने के भी आदेश दिए थे। साथ में यह भी कहा कि सरकार चाहे तो विभागीय जांच जारी रख सकती है।

अब खंडपीठ ने लगाई बहाली पर रोक

पहले एकलपीठ ने हीरालाल सैनी को बहाल करने के निर्देश दिए थे। अब इस मामले पर खंडपीठ में सुनवाई हुई। राज्य सरकार के महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कोर्ट में कहा कि एकल पीठ के आदेशों में विरोधाभास है। एकलपीठ ने एक तरफ तो हीरालाल सैनी की बर्खास्तगी को रद्द कर दिया और दूसरी तरफ उनके खिलाफ विभागीय जांच जारी रखने की बात कही।

ये दोनों आदेश विरोधाभासी हैं। ऐसे आदेश एक साथ नहीं दे सकते। महाधिवक्ता ने कहा कि सरकार के पास पूरा अधिकार है कि वह शर्मनाक कार्य करने वाले दोषी के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस मनीष शर्मा की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी। यानी हीरालाल सैनी की बहाली पर रोक लगा दी गई।

जोधपुर हनीट्रैप मामले की मास्टरमाइंड पहले चोर थी पति को पीटती, परेशान होकर सुसाइड किया था

डेढ़ साल पहले बॉयफ्रेंड के साथ शुरू की गैंग

जोधपुर, 21 फरवरी (एजेंसियां)। चेन्नई के व्यापारी को किडनैप करवा कर हनी ट्रैप में फंसाने वाली मास्टरमाइंड लीला पहले चोर थी। बार-बार पकड़े जाने के कारण उसने क्राइम प्रोफेशन बदलने का प्लान बनाया। अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर हनी ट्रैप गैंग बनाई। लीला ने व्यापारी के सामने खुद को मजबूर बताया था। पति की मौत के बाद अकेली और असहाय होने का नाटक किया था। जबकि कहानी कुछ और थी, डेढ़ पहले पति ने लीला से परेशान होकर सुसाइड कर लिया था। वह उसे पीटती थी और अपने कामों में दखलंदाजी न करने की धमकियां देती थी। विवेक विहार एसएचओ दिलीप खदाव ने बताया- 17 फरवरी को विवेक विहार थाने में एक युवक का कॉल आया था। उसने बताया कि चेन्नई से आए उसके एक रिश्तेदार को जोधपुर में कुछ लोगों ने किडनैप किया है। ये आरोपी वीडियो कॉल कर रिश्तेदार की पत्नी को डरा-धमका रहे हैं और 10 लाख रुपयों की डिमांड कर रहे हैं। पुलिस ने युवक से कालिंग नंबर लिए और लोकेशन ट्रेस कर विवेक विहार इलाके से कार में 4 आरोपियों को पकड़ा। ये लोग पीड़ित के साथ कार में ही मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने ही चेन्नई से आए व्यापारी को छुड़वाया। पुलिस ने इस मामले में गैंग की सरगना लीला (36) पत्नी महेंद्र चौधरी निवासी झुझंडा, प्रहलाद (35) उर्फ मांगीलाल बिश्नोई निवासी खेतासर (ओसियां), सुभाष चंद्र (29) निवासी नोखड़ा भाटियान और रविंद्र नाथ उर्फ प्रवीण (27) निवासी गठिया पुलिस थाना गोटन को गिरफ्तार किया।

जन कल्याण सरकार का सर्वोच्च उद्देश्य है : भट्टी

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का ने दोहराया है कि जन सरकार अपने कल्याण एजेंडे के लिए प्रतिबद्ध है और वह कल्याण विभाग में योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए किसी भी राशि को खर्च करने के लिए तैयार है। उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यहां सचिवालय में एससी, एसटी, बीसी, अल्पसंख्यक कल्याण विभागों के साथ बजट पूर्व बैठक में विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा की।भट्टी विक्रमार्का ने कहा कि राज्य में 10 साल तक शासन करने वालों ने एससी, एसटी युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाओं की पूरी तरह उपेक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को 3,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ दो महीने के भीतर एससी, एसटी युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिया। भट्टी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन प्रमुख रोजगार/आजीविका योजनाओं से संबंधित योजनाएं तैयार करने का भी निर्देश दिया।उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कल्याण छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों से संबंधित किराए, आहार शुल्क का शीघ्र भुगतान करने का सुझाव दिया। उन्होंने इन मदों से संबंधित विभागवार लंबित बिल मांगे और विभाग के अधिकारियों को वित्त विभाग से इन बिलों को स्वीकृत कराने की जिम्मेदारी लेने को कहा। भट्टी विक्रमार्क ने अधिकारियों को यह भी सलाह दी कि वे मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर कल्याण छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों का निरंतर दौरा सुनिश्चित करें। इन दौरों का कार्यक्रम पहले से तैयार किया जाए और जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों को इन कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए याद दिलाया जाए। उपयोजना अधिनियम के तहत उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न विभागों से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विभागों को मिलने वाली धनराशि का गंभीरता से अनुवर्तन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र नियमित रूप से प्रस्तुत किए जाएं ताकि केंद्र से धनराशि प्राप्त करने में तेजी आए। वन अधिकार अधिनियम के तहत आदिवासियों को भूमि वितरण का जिक्र करते हुए भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि आदिलाबाद से भद्राचलम तक लाखों आदिवासियों को भूमि दी गई। उन्होंने एससी, एसटी विभागों के अधिकारियों को ऊर्जा, कृषि, वन, बागवानी विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि एससी, एसटी बस्तियों में बंद पड़ी लिफ्ट सिंचाई योजनाओं की मरम्मत की जाए और इन वर्गों की आय बढ़ाने के उपाय किए जाएं। बैठक में वित्त विशेष मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, एससी निगम के प्रधान सचिव श्रीधर, एसटी निगम के प्रधान सचिव शरत, डीपी सीएम के विशेष सचिव कृष्ण भास्कर और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

मानू में वर्तमान प्रगति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन सत्र आयोजित

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। "विज्ञान जिज्ञासा और आदान-प्रदान के माहौल में पनपता है, और आईसीसीएएपी-25 इसके लिए एकदम सही मंच प्रदान करता है।" मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (मानू) के प्रभारी कुलपति प्रो. पी. एफ. रहमान ने ये विचार व्यक्त किए। मानू के भौतिकी विभाग ने वर्तमान प्रगति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीसीएएपी-25) का आयोजन किया। प्रो. पी. एफ. रहमान ने अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान वैज्ञानिक नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने भौतिकी विभाग और आयोजन टीम को सम्मेलन का सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए बधाई दी, जिसमें प्रतिष्ठित विद्वानों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को अनुप्रयुक्त भौतिकी के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाया गया। मुख्य अतिथि, दिल्ली विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग के प्रो. एस. ए. हाशमी ने सुंदर मानू परिसर की प्रशंसा की, आयोजन टीम को बधाई दी तथा अपने वैज्ञानिक अनुसंधान पर संक्षिप्त चर्चा की। इसी प्रकार, मुख्य अतिथि, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान संकाय के प्रो. मनीष कुमार ने श्रोताओं को संबोधित किया तथा घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत पर अपने शोध कार्य पर चर्चा की।भौतिकी विभाग के प्रमुख प्रो. मोहम्मद रफीक अबू तुराब ने स्वागत भाषण दिया तथा प्रो. अलीम एच. बाशा ने विज्ञान संकाय का परिचय दिया तथा छात्रों को सम्मेलन में भाग लेने तथा इससे लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया, तथा अपने संबोधन का समापन उर्दू दोहे से किया।

आईसीसीएएपी-25 के संयोजक डॉ. मोहम्मद सादिक ने समकालीन वैज्ञानिक चर्चा में इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए सम्मेलन का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया तथा भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान के विभिन्न उभरते क्षेत्रों पर विशेष जोर देते हुए स्थायी ऊर्जा उपकरणों पर चर्चा की। उन्होंने श्रोताओं को बताया कि सात देशों से 130 से अधिक सार प्रस्तुत किए गए हैं तथा 110 सार प्रस्तुतियों के लिए चुने गए हैं।

किसान संगठन ने की लंबित धान बोनस राशि जारी करने की मांग

खम्मम, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना रैतु संघम ने राज्य सरकार से खम्मम जिले के किसानों को भुगतान के लिए लंबित 64.41 करोड़ रुपये का धान बोनस तुरंत जारी करने की मांग की है। संघम नेताओं ने कर्जमाफी प्रक्रिया पूरी करने और धान बोनस जारी करने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिले के वायरा तहसीलदार कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संघम के जिला सचिव बोंथु रामबाबू ने कहा कि बढ़िया किस्म के धान के लिए घोषित बोनस पिछले दो महीनों से किसानों के बैंक खातों में जमा नहीं हुआ है।

उन्होंने शिकायत की कि खम्मम जिले में 23,244 किसान 64.41 करोड़ रुपये के धान बोनस की राशि का इंतजार कर रहे हैं। अकेले वायरा मंडल में करीब 3,115 किसानों को 9.45 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है। किसान हर दिन बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

रामबाबू ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री बार-बार घोषणा कर रहे थे कि तीन एकड़ से कम जमीन वाले किसानों को रैयत भरोसा दिया जाएगा। लेकिन किसानों की शिकायत है कि एक एकड़ जमीन होने पर एक कुंटा और दो एकड़ जमीन होने पर दो कुंटा रैयत भरोसा की राशि उनके बैंक खाते में जमा हो रही है।

जब किसान राजस्व और कृषि कार्यालयों में यह जानने के लिए गए कि उनकी जमीन सरकारी रिकॉर्ड में है या नहीं, तो उन्हें कोई जवाब देने वाला नहीं था। इसी तरह, 2 लाख रुपये से कम ऋण लेने वाले किसानों की भी फसल ऋण माफी पूरी नहीं हुई, जबकि 2 लाख रुपये से अधिक ऋण लेने वाले किसानों की भी ऋण माफी नहीं हुई।

'दंत चिकित्सक खोपड़ी और बालों की समस्याओं के इलाज के लिए योग्य नहीं'

आईएडीवीएल चलाएगी जागरूकता अभियान

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद और अन्य स्थानों पर दंत चिकित्सकों द्वारा कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं में प्रवेश करने, विशेष रूप से बालों के झड़ने और सिर की समस्याओं से जूझ रहे रोगियों के लिए उपचार की खोज और प्रदान करने के साथ, त्वचा विशेषज्ञों और वेनेरोलॉजिस्टों ने ऐसी प्रथाओं का मुकाबला करने और कानूनी रूप से विरोध करने और रोगियों को सही विशेषज्ञ से उपचार लेने के महत्व के बारे में जागरूक करने का निर्णय लिया है।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ़ डर्मेटोलॉजिस्ट्स, वेनेरोलॉजिस्ट्स एंड डर्मेटोलॉजिस्ट्स (आईएडीवीएल) (एंटी-कैंकरी, लीगल एंड एथिक्स कमेटी) की अध्यक्ष डॉ. राजेथा दामिसेट्टी कहती हैं कि बाल प्रत्यारोपण एक लोकप्रिय उपचार है जिसे प्रशिक्षित त्वचा विशेषज्ञों और प्लास्टिक सर्जनों द्वारा सुरक्षित और प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। एक त्वचा विशेषज्ञ जो सच्चा ट्राइकोलॉजिस्ट है, से परामर्श करके प्रभावी दवाएँ शुरू करके इसे टाला या विलंबित किया जा सकता है। डेंटल योग्यता या एमबीबीएस वाले किसी व्यक्ति द्वारा किया गया ऑनलाइन कोर्स या यहाँ तक कि व्यक्तिगत प्रशिक्षण भी उन्हें 'ट्राइकोलॉजिस्ट' नहीं बनाता है जो स्कैल्प और बालों की समस्याओं का इलाज करने के लिए योग्य हैं।'

डॉ. राजेथा ने बताया कि भारत में त्वचा विशेषज्ञों का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष संस्था आईएडीवीएल नीम हकीमों से निपटने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। डॉ. राजेथा दामिसेट्टी ने कहा कि इस संबंध में तमिलनाडु, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालयों में जनहित याचिकाएँ चल रही हैं, खास तौर पर दंत चिकित्सकों को बाल और त्वचा उपचार तथा बाल प्रत्यारोपण करने से रोकने के संबंध में। आईएडीवीएल तेलंगाना शाखा द्वारा तेलंगाना उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर करने की तैयारी है।

चौथे शनिवार को फिर से घोषित किया अवकाश

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेएनटीयू)-हैदराबाद ने हर महीने के चौथे शनिवार को फिर से अवकाश घोषित कर दिया है। यह विश्वविद्यालय मुख्यालय कार्यालयों, परिसर और घटक कॉलेजों पर लागू होगा। हालांकि, इसे संबद्ध कॉलेजों तक नहीं बढ़ाया जाएगा।

कुलपति प्रो. टी किशन कुमार रेड्डी के निर्देशानुसार जेएनटीयू-हैदराबाद के रजिस्ट्रार प्रोफेसर के वेंकटेश्वर राव द्वारा गुरुवार को इस आशय का एक परिपत्र जारी किया गया। अधिकारियों के अनुसार, अब से विश्वविद्यालय कार्यालय, परिसर और घटक कॉलेजों में हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश रहेगा।

जाट समाज ट्रस्ट, हैदराबाद-सिकंदरबाद के तत्वावधान में आनमासनुड़ा, नीएन रेड्डी नगर, बनस्थलीपुरम स्थित प्रमेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पुर्णाहुती कार्यक्रम व जाट समाज भवन का लोकार्पण कार्यक्रम के तहत में 21 कुंडीव हवन, कथा का आयोजन साध्वी सूज्जबाईसा के सान्निध्य ओर भजन कार्यक्रम में आज गजेन्द्र राव, तुलछाराम भनगावा, आकृती मित्रा ने अपनी प्रस्तुती इस अवसर पर अध्यक्ष दुदाराम बाबल, सरंक्षक सोहनलाल बांगड़ा, सचिव बाबूलाल पुनिया, कोषाध्यक्ष तिक्माराम खोखर, उपाध्यक्ष कैलाश सारण, सुखाराम चांगल, बक्साराम खुडखुडीया, धर्माराम रिवाइ, सह सचिव गोविन्द सागुंण, घन्नाराम जाखड़, सह कोषाध्यक्ष दौलाराम कडया, खेल मंत्री गोविन्द छदाय, शिक्षा मंत्री हनुमान छिर्णन, प्रचार मंत्री सोहनलाल धायल व लामज बन्धु उपस्थित थे।

तिरुमला एजेन्सी जेकवेयर बाथ शोरुम का भव्य शुभारम्भ



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बालापुर मिथिला नगर जिलेलगुडा आरसीआई रोड़ स्थित तिरुमला एजेन्सी जेकवेयर बाथ न्यु शोरुम का भव्य शुभारम्भ शुक्रवार 21 फरवरी प्रात: 10.15 बजे सूर्या इंटरनेशनल कम्पनी एमडी डॉ.हरिनाथ बाबू, सम्मानित अतिथियों के करकमलों द्वारा पुजा-अर्चना व दीप प्रज्वलितकर किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में दिलीप आगलेचा ने बताया कि जेकवेयर बाथ न्यु शोरुम का भव्य शुभारम्भ शुभ मूहुर्त में मुख्यअतिथियों द्वारा फिता काटकर किया गया। कार्यक्रम में पधारे मुख्यअतिथि सूर्या इंटरनेशनल कम्पनी एमडी डॉ.हरिनाथ बाबू का प्रबंधक रुपाराम, सुरेश, जितेन्द्र सीरवी ने राजस्थानी परम्परा, साफा, गुलदस्ता व शॉल से विशेष सम्मान किया।

बत्तौर मुख्यअतिथि एमडी ने सम्बोधन भाषण में बताया कि जेकवेयर कम्पनी न केवल हिन्दुस्तान, बल्कि विदेशों में भी अपनी क्वालिटी व उचित दर के कारण तेजी से ग्राहकों की पहली पसंद बनती जा रही है। अन्य कम्पनीयों के मुकाबले जेकवेयर कम्पनी के बाथ आईटम किफायती दर व उच्च क्वालिटी के है।

कार्यक्रम में पधारे समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों व शुभचिंतक ग्रहकों का भी राजस्थानी परम्परा से सम्मान किया गया। भोजन की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। प्रबंधक रुपाराम सीरवी ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों व समाज बन्धुओं का तहदिल से आभार प्रकट करते हुए भरोसा दिलाया कि एक ही छत के नीचे जेकवेयर कम्पनी के बाथ आईटम उच्च क्वालिटी के किफायती दर पर उपलब्ध कराये जाएगे। पधारे समाज बन्धुओं ने तिरुमला एजेन्सी के प्रबंधक रुपाराम आगलेचा परिवार को शुभारम्भ की शुभकामनाएँ दी। मंच का संचालन हिरालाल सैणचा व दिलीप आगलेचा ने किया। प्रबंधक रुपाराम आगलेचा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

देश के आर्थिक क्षेत्र को मजबूती प्रदान करना ही बैंक का लक्ष्य- सीएस शेट्टी

हैदराबाद, 21 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। देश की अग्रणी एसबीआई बैंक चेयरमैन सी.श्रीनिवासुलु शेट्टी ने आभासी रूप से दस शाखाओं का उद्घाटन किया। इस संदर्भ में, भारतीय स्टेट बैंक(एसबीआई) की विज्ञप्ति के अनुसार हैदराबाद सर्किल में एसबीआई की नई शाखाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि बैंक के अधिकांश ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं देने में सहजता हो सके। एसबीआई सीजीएम राजेश कुमार की गरिमामय उपस्थिति में बैंक चेयरमैन सी.एस. शेट्टी दस नई शाखाओं का उद्घाटन किया।

मुख्य महा प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि, भारतीय स्टेट बैंक(एसबीआई) की जिन दस नई शाखाओं का उद्घाटन किया उनमें, आलमपुर क्रास रोड, चिन्नमबावी, राघवेंद्र कालोनी(कोंडापुर), नियोपोलिस, किस्टारेड्डीपेट(पटनचेरु), खाजागुडा, उस्मान नगर, कंग्टी(नारायणखेड), सुचित्रा सर्किल(कुतबुल्लापुर), नंदीपेट शामिल हैं। उन्होने आगे बताया कि, उपरोक्त नई शाखाओं में से 5 शाखाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में तथा शेष 5 शाखाएं शहरी क्षेत्रों में खोली गयी हैं। इन नई दस शाखाओं के खोलने से, वर्तमान में तेलंगाना राज्य में एसबीआई बैंक की कुल शाखाएं बारह सौ छह तक पहुंच चुकी है।

आप और हम की सभा में विचार-विमर्श

हैदराबाद, 21 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उपस्थित लोगों का स्वागत करते आप और हम के अध्यक्ष धर्मीचंद कुमावत ने कहा कि संस्था द्वारा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन करने पर विचार किया गया। इस संबंध में उन्होंने सभी से सुझाव भी माँगा। प्रधान संयोजक शशिकांत अग्रवाल ने सावन की सैर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि 9 मार्च को आयोजन पर विचार किया गया। अवसर पर कुछ सदस्यों ने ध्यान दिलाया कि खाटू में 10 मार्च को श्याम बाबा का मेला है। इसके चलते कार्यक्रम पर प्रभाव पड़ सकता है। कई सदस्यों ने कहा कि कम समय होने के चलते कुछ कवियों के उपलब्ध नहीं हो पाने की भी आशंका है। सभी के सुझावों को ध्यान में रखते हुए कवि सम्मलेन की तिथि को आगे करने का निर्णय लिया गया। पूर्व अध्यक्ष नंदगोपाल भट्टड़ ने कहा कि सभी सदस्यों से विचार-विमर्श कर कवि सम्मेलन की तिथि निश्चित की जाएगी। मंच का संचालन मंत्री सोहन सिंह राजपुरोहित ने किया। कोषाध्यक्ष कोमल शर्मा ने सावन की सैर के आयोजन में सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओ के प्रायोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सभा में निर्मल कुमार सिंघवी, विनोद संचेती, नारायणलाल सोनी, जितेन्द्र विजयवर्गीय, दीपक पारीक, नीना सारड़ा, मीनाक्षी सिखवाल, पंकज वर्मा, मीना कासलीवाल, रामदेव नागला, जितेन्द्र सोनी, मदनलाल सोनी, महावीर जैन, प्रभा सोनी, विजय ओझा, अरुण कुमार राठी, कमला राठी, सुमन बजाज, इंद्रा बजाज आदि ने भाग लिया।

भाजयुमों ने छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मलकपेट विधानसभा लोनी सैदाबाद मंडल में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई गई। इस अवसर पर रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा भाग्य नगर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र रेड्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिवाजी की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सुरेन्द्र रेड्डी ने कहा कि शिवाजी महाराज आज के युवाओं के आदर्श हैं और भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे महान योद्धाओं के नामों में छत्रपति शिवाजी का नाम बेहद खास है। उन्होंने कहा कि वह वह महान व्यक्ति थे जिन्होंने भारत में मराठा साम्राज्य की स्थापना की और मुगल साम्राज्य का विरोध किया। शिवाजी महाराज का जीवन आज के युवाओं के लिए बहुत प्रेरणादायक है और उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी आशाएं और आकांक्षाएं जारी रखनी चाहिए। कार्यक्रम में निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा पार्टी नेता, सुभाष चंदरजी, सूरज, हरि सिंह, सुधीर रेड्डी, गोपी, संपत, साई कार्यकर्ता और अन्य ने भाग लिया।

राजभाषा अधिकारियों की अखिल भारतीय संगोष्ठी

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एनएमडीसी मुख्यालय, ने आज राजभाषा अधिकारियों की अखिल भारतीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद के सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी तथा एनएमडीसी की भारत में स्थित सभी परियोजनाओं एवं कार्यालयों के राजभाषा अधिकारियों एवं कार्मिकों ने प्रतिभागिता की।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आनन्द भोई, संयुक्त निदेशक (राजभाषा)ने की। सुधांशु वर्मा, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर पर सहायक निदेशक (राजभाषा) चंद्रेश मीणा एवं वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी सौरभ आर्य भी उपस्थित थे।रूद्र नाथ मिश्र, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने स्वागत भाषण दिया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में आनन्द भोई, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियों से राजभाषा प्रयोग को बल मिलेगा एवं कार्यान्वयन के लिए नए विचारों का उदगम होगा।

संगोष्ठी का संचालन देबाशीष घोष, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने किया। संगोष्ठी के संचालन में डॉ. रजिन्दर कौर, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) एवं एस.के. सनोडिया, उप प्रबंधक (सचि.) ने सक्रिय प्रतिभागिता की। विभाग की प्रशिक्षु सुश्री फोजिया ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। श्री राजेश कुमार गोंड, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों का विदाई कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पिकेट के कक्षा पांच के विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम शुक्रवार को बड़े उत्साह और हार्दिक भावनाओं के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जाने वाले विद्यार्थियों की यात्रा का जश्न मनाना और उन्हें उनके अगले शैक्षणिक चरण में प्रवेश करने के लिए हार्दिक विदाई देना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रिंसिपल रूपिंदर सिंह, एचएम पी एस नागलक्ष्मी, डॉ. मधुसूदन पीजीटी, शिक्षकों और अभिभावकों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद प्रिंसिपल, एचएम, स्कूल के हेड बॉय और गर्ल और अभिभावकों की भागीदारी के साथ ज्ञान और ज्ञान का प्रतीक एक पारंपरिक दीप-प्रज्वलन समारोह हुआ। छात्रों द्वारा आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए एक प्रार्थना गीत गाया गया, जिससे एक शांत वातावरण बना।कार्यक्रम का समापन स्कूल प्रिंसिपल के एक प्रेरक भाषण के साथ हुआ, जिन्होंने छात्रों की उपलब्धियों की प्रशंसा की, उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया, और युवा दिमागों के पोषण में उनके निरंतर समर्थन के लिए शिक्षकों और अभिभावकों को धन्यवाद दिया।

एसीबी ने कृषि अधिकारी को किया ट्रैप

कोत्तागुडेम, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एसीबी ने अश्वपुरम मंडल के कृषि अधिकारी साई शांतन कुमार को एक किसान से कथित तौर पर रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने एक किसान को उसकी कपास की फसल बेचने के लिए कूपन जारी करने के लिए 30,000 रुपये मांगे थे। पैसे न दे पाने वाले किसान ने एसीबी से संपर्क किया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

भारत-पाकिस्तान के हाथों में है वनडे क्रिकेट की किस्मत

उम्मीद के मुताबिक नहीं जा रही चैंपियंस ट्रॉफी

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसिया)। आखिरी बार साल 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी हुई थी। तब गौतम गंभीर ने राजनीति में कदम भी नहीं रखा था, विराट कोहली आसानी से कवर ड्राइव लगा रहे थे और केदार जाधव लोअर मिडल ऑर्डर में टीम इंडिया के फिनिशर हुआ करते थे। तब से अब तक आईसीसी ने तीन टी20 विश्व कप आयोजित किए- 2020, 2021 और 2024 में। इसका मतलब यही है कि चैंपियंस ट्रोफी को लेकर चाहे जितनी हाइप बनाने की कोशिश की जाए, असल में यह इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल की प्राथमिकता में नहीं है।

यह समस्या पूरे वनडे क्रिकेट के साथ है। दशकों से यह फॉर्मेट पहचान के संकट से जूझ रहा है। न तो यह टेस्ट क्रिकेट जैसी प्रतिष्ठा पा सका है और न ही T20 जैसी पैसों की चकाचौंध। 2023 में हुए विश्व कप के बाद से टॉप क्रिकेट बोर्ड्स ने टी20 की तुलना में कम वनडे खेले हैं। इन 16 महीनों के दौरान टीम इंडिया केवल 9 वनडे में उतरी, टेस्ट खेलने वाले देशों में सबसे कम। वहीं, 2024 में ही टीम ने 26 टी20 मैच खेले। हालांकि इन सबके बावजूद चैंपियंस ट्रॉफी का अपना आकर्षण है। इस बार टूर्नामेंट में कोई एसोसिएट टीम नहीं है। टीम इंडिया को ग्रुप ए में रखा गया है, जहां उसके साथ बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान हैं। ग्रुप बी भी मुश्किल नजर आ रहा है। इसमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान की टीमें हैं।

पाकिस्तान लगभग तीन दशक बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी कर रहा है। राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा मसलों से जूझ रहे इस देश में चैंपियंस ट्रॉफी के अलावा भी बहुत कुछ दांव पर लगा है। अगर पाकिस्तान इस टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक आयोजित कर पाता है, तो यह एक बड़ी उपलब्धि होगी। साथ ही, वह इस यह भी दावा कर सकेगा कि देश में सब सामान्य है। भारत अपने सारे मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर, दुबई में खेलेगा। वजह राजनीतिक है और सभी को पता है। इसके बावजूद, रविवार को जब भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें आमने-सामने होंगी, तो यह सबसे बड़ा मैच होगा। इसे 2017 की हार का बदला बताया जा रहा है। इससे बड़ी बस एक ही चीज हो सकती है, भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल। यह उसी तरह है, जैसे पुष्पा 1 से बड़ी और बेहतर फिल्म पुष्पा 2 ही हो सकती है। अच्छा यह होता कि टीम इंडिया इस चैंपियंस ट्रॉफी का इस्तेमाल 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को परखने में करती। लेकिन, इतनी दूर की सोचना आसान नहीं होता, खासकर उस देश में जहां हर टूर्नामेंट में हर मैच जीतने की उम्मीद की जाती है। 22 साल के आक्रामक ओपनर यशस्वी जायसवाल टीम में जगह नहीं बना पाए। ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे पर उन्हीं का प्रदर्शन उम्मीद बंधाने वाला था। ऐसा लगता है कि चयनकर्ताओं ने भविष्य की ओर न देखते हुए अतीत पर दांव खेला है। टीम इंडिया की सबसे बड़ी ताकत उसका लोअर मिडल ऑर्डर है। अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा बैटिंग में भी भरोसा पैदा करते हैं। हाल के दिनों में अक्षर पटेल वाइट बॉल क्रिकेट में टीम के लिए X फैक्टर साबित हुए हैं। 2024 T20 विश्व कप के फाइनल में उनकी 31 गेंदों पर 47 रनों की पारी ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह बड़े मैचों में बिना किसी दबाव और घबराहट के खेलते हैं। यह बात मध्यक्रम के कई नियमित बल्लेबाजों के बारे में नहीं कही जा सकती।

भारत के लिए कुछ चिंताएं भी हैं। जसप्रीत बुमरा की कमी खलने वाली है। हालांकि दो होनहार युवा, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को जगह मिली है। अनुभवी मोहम्मद शमी भी लय पाने की कोशिश में हैं। कुल मिलाकर, वही टीमें सफल होंगी जो बड़े मौकों पर दबाव का सामना कर पाएंगी। चैंपियंस ट्रोफी के दो हफ्ते बाद आईपीएल की शुरुआत होगी। इस बार यह लीग 65 दिनों तक चलेगी, जबकि 2008 में इसका पहला एडिशन सिर्फ 45 दिनों में खत्म हुआ था। क्या अब भी कोई शक कि क्रिकेट की दुनिया किधर जा रही है?

युजवेंद्र चहल से एलिमनी में मिले 60 करोड़ रुपये केवल अफवाह

धनश्री वर्मा की फैमिली ने पहली बार बताया पूरा सच

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसिया)। भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनाश्री वर्मा का तलाक हो गया है। दोनों 18 महीने से एक-दूसरे से अलग रह रहे थे। गुरुवार, 20 फरवरी को बांद्रा फैमिली कोर्ट में आखिरी सुनवाई हुई, जिसके दौरान धनाश्री और युजवेंद्र मौजूद थे। कानूनी कार्यवाही पूरी होने के बाद कपल ने ऑफिशियली अलग होने का फैसला किया। इसी बीच ऐसी खबरें आ रही थीं कि युजवेंद्र चहल को तलाक के बाद धनाश्री को 60 करोड़ रुपये की एलिमनी देनी पड़ी है। लेकिन यह सच नहीं है।

धनाश्री वर्मा की वकील अदिति मोहनी ने बातचीत में 60 करोड़ की एलिमनी की खबरों को झूठा बताया। वकील ने कहा कि ये आंकड़े निराधार हैं। मीडिया को इस बारे में रिपोर्ट करने से पहले फैक्ट चेक कर लेना चाहिए।

धनाश्री वर्मा की वकील ने दी यह सफाई

धनाश्री की वकील ने बयान दिया, 'यह मामला फिलहाल कोर्ट में है। रिपोर्ट करने से पहले मीडिया को एक बार चेक कर लेना चाहिए क्योंकि बहुत सी भ्रामक बातें फैलाई जा रही हैं।' मालूम हो कि 60 करोड़ की एलिमनी की खबरें आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग भड़क गए थे और वो धनाश्री वर्मा को बुरी तरह ट्रोल कर रहे थे। कुछ ने तो धनाश्री वर्मा को 'मौकापरस्त' और 'गोल्ड डिगर' तक कह दिया।

परिवार ने बताया 60 करोड़ की एलिमनी का सच

वहीं धनाश्री के परिवार के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 'एलिमनी को लेकर जो झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं, हम उनसे बहुत दुखी हैं। मैं एक बात क्लियर कर देना चाहता हूं...न तो इतनी रकम कभी मांगी गई, ना डिमांड की गई और ना ही ऑफर की गई है। ये अफवाहें हैं, जिनमें कोई सच्चाई नहीं है।'

'बिन सच जाने ऐसी जानकारी पब्लिश करना गैर-जिम्मेदाराना'

'बिना सच जाने, बिना वैरिफाई किए ऐसी जानकारी को पब्लिश करना एक गैर-जिम्मेदाराना काम है। इससे न सिर्फ दोनों पार्टियों (युजवेंद्र और धनाश्री), बल्कि उनके परिवार के लोगों को भी बेवजह इसमें घसीटा जा रहा है। यह केवल नुकसान पहुंचाता है, और हम मीडिया से गलत सूचना फैलाने से पहले संयम बरतने और तथ्यों की जांच करने का आग्रह करते हैं।

चोट से उबरे तो गेंदें उगलने लगीं आग!

मोहम्मद शमी ने बताया दुबई में धाक जमाने का सीक्रेट

दुबई, 21 फरवरी (एजेंसिया)। भारत ने अपने चैम्पियंस ट्रॉफी अभियान का जोरदार आगाज किया है. बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में मोहम्मद शमी ने अपनी धारदार गेंदबाजी से 5 विकेट झटके, जिसकी मदद से भारत ने 6 विकेट से जीत दर्ज की. वह 200 वनडे विकेट तक सबसे तेजी से (सबसे कम गेंदों में) पहुंचने वाले गेंदबाज भी बन गए.

शमी को 2023 वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी, जिसके बाद वह 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के जरिये वापसी की और अब जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय आक्रमण की कमान संभाल रहे हैं. चोट के कारण क्रिकेट से दूर रहने का कठिन दौर पीछे छोड़कर आए 34 साल के मोहम्मद शमी ने अपनी सफलता का राज बताया है. उन्होंने कहा कि बारीकियों पर काम करने और अपने कौशल के प्रति वफादार रहने से उन्हें आईसीसी टूर्नामेंटों में कामयाबी मिलती है, जिसमें उनका फोकस किफायती गेंदबाजी पर नहीं, बल्कि विकेट लेने पर रहता है. शमी ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 53 रन देकर 5 विकेट हासिल किए. उन्होंने मैच के बाद कहा, 'आईसीसी टूर्नामेंटों में अगर मेरी गेंदों पर रन भी बनते हैं तो चलता है. लेकिन विकेट मिलने चाहिए. उसी से टीम को फायदा होगा. मैं हमेशा यही सोचता रहता हूं.' शमी ने कहा,'मैं अपने फन को पूरी वफादारी से निखारने की कोशिश करता हूं. आप अपने कौशल के प्रति कितने वफादार हैं या अपने लक्ष्य को पाने की कितनी भूख आपके भीतर है. आप कैसे लय हासिल कर सकते हैं. भूख होना जरूरी है.'

'इन चीजों पर ध्यान देता हूं'

उन्होंने कहा कि वह हमेशा बारीकियों पर काम करते आए हैं, जिससे उन्हें मदद मिलती है.उन्होंने कहा, 'लय सही होनी जरूरी है. गेंदबाजी करते समय असहज तो नहीं हैं. मैं इन चीजों पर ध्यान देता हूं. नतीजे पर ध्यान नहीं देता. वर्तमान पर फोकस रहता है और जरूरत के हिसाब से गेंदबाजी करता हूं.' वनडे क्रिकेट में छठी बार 5 विकेट लेने वाले शमी ने बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को हारते देख वह कितने दुखी थे जब बुमराह ने अकेले दम पर गेंदबाजी का जिम्मा संभाल रखा था. उन्होंने कहा,'यह काफी कठिन था. जब आप टीम को इस तरह देखते हैं या कोई करीबी मुकाबला होता है तो आप अपने साथ गेंदबाजी करने वाले को,अपनी टीम को याद करते हैं. मुझे ऐसा लग रहा था कि काश मैं वहां होता. मैं कुछ योगदान दे पाता.' शमी ने कहा कि चोट से वह इस कदर टूट चुके थे कि एकबारगी उन्हें लगा कि अब वह कभी खेल नहीं सकेंगे. उन्होंने कहा कि पिछले साल के आखिर में घरेलू क्रिकेट में वापसी करके उनका आत्मविश्वास फिर लौटा. पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर हाइप के बारे में उन्होंने कहा ,'उसी मानसिकता से खेलना अहम है जिससे जीत मिली है. आईसीसी टूर्नामेंट या किसी अंतरराष्ट्रीय मैच विशेष के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है.'

विराट खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए कुछ ज्यादा ही प्रयास कर रहे हैं : अनिल कुंबले

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसिया)। भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच अनिल कुंबले को लगता है कि विराट कोहली अपनी खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास कर रहे हैं। कोहली का खराब फॉर्म चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के पहले मुकाबले में जारी रहा जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 38 गेंदों पर 22 रनों की पारी खेली।

विराट कोहली अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन का शिकार हो गए। हालांकि, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के नाबाद 101 और केएल राहुल के 41 रनों की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। कोहली की खराब फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय रही है क्योंकि पूर्व कप्तान ने 2023 विश्व कप के बाद खेली गई छह वनडे पारियों में सिर्फ 137 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। पर्थ में शतक को छोड़कर, ऑस्ट्रेलिया में भारत के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के दौरान भी उनका संघर्ष जारी रहा। कुंबले ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो मैच डे पर कहा, खासकर सफेद गेंद वाले क्रिकेट में खराब दौर से गुजरने के बाद उन्होंने लंबे समय तक उस तरह का प्रदर्शन नहीं किया है। मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही कोशिश कर रहे हैं। कुंबले ने आगे कहा, आपके पास ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहले भी ऐसा कर चुके हैं और हर कोई आपकी तरफ देखता है और कहता है कि यह वह व्यक्ति है, जो खेल को अपने पक्ष में ले जाएगा और वह टीम में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है। कुंबले ने कहा कि जब आप पर इस तरह का दबाव होता है और आपसे इस तरह की अपेक्षा की जाती है, तो आप अचानक से इन सभी चीजों को अनावश्यक महत्व देना शुरू कर देते हैं और फिर अच्छा प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करते हैं। जब आप ऐसा करते हैं, तो आप वास्तव में तनाव मुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही कोशिश कर रहे हैं। आप देख सकते हैं कि वह अपनी पारी किस तरह से खेल रहे हैं। उसे बस इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। रोहित की तरह विराट को भी किसी और चीज के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुंबले ने कहा कि कोहली के पिछले सभी छह आउट स्पिन के कारण हुए हैं, जिनमें से पांच लेग स्पिनरों के कारण हुए हैं। उनका मानना है कि यह कोहली द्वारा स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान देने के बजाय रन बनाने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास करने का नतीजा है। कुंबले ने कहा, स्पिन के खिलाफ शुरुआत करने के लिए, ऐसी सतहों पर आपको बहुत ज्यादा आत्मविश्वास की जरूरत होती है। वह निश्चित रूप से बहुत ज्यादा प्रयास कर रहा है। जब वह फ़ॉर्म में होते हैं तो स्पिन को बढ़िया खेलते हैं। लेकिन अब वह अपने गेम को कंट्रोल करने के बजाय रन बनाने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास कर रहे हैं, और यही उनका गेम प्लान रहा है। उन्होंने कहा, सभी खिलाड़ी अपने करियर में मुश्किल दौर से गुजरते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखकर लगता है कि वह खुद पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं। उन्हें बस थोड़ा आराम करने की जरूरत है और मैदान पर होने वाले परिणाम के बारे में ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि उन्हें बस मैदान पर जाकर स्वाभाविक रूप से खेलने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

शुभमन गिल ने रच दिया इतिहास

8 शतक सबसे कम पारियों में जड़ने वाले भारतीय बने-तेंदुलकर-कोहली सब छूटे पीछे

दुबई, 21 फरवरी (एजेंसिया)। मोहम्मद शमी के शानदार पांच विकेट और उसके बाद शुभमन गिल का आठवां वनडे शतक। भारतीय टीम के लिए चैम्पियिंस ट्रॉफी के गुरुवार (20 फरवरी) को हुए पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले के ये दोनों सबसे बड़े हीरो रहे. नतीजतन, भारतीय टीम ने बांग्लादेश को छह विकेट से मात दी. गिल की नाबाद पारी (101, 129 गेंद, 9x4. 2x6) तौहीद ह्रदोय के 100 रन (118 गेंद) पर भारी पड़ गई. वहीं गिल ने इस मुकाबले में 8 वनडे शतक जड़ने का एक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

एक समय बांग्लादेश ने 35 रन के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिए थे, इसके बाद उन्होंने 228 रन बनाए. लेकिन भारत ने गिल की दमदार पारी की बदौलत 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाए. यह भारत के लिए 23 फरवरी को इसी मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले एक बड़ी जीत है। 229 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (41, 36 बॉल) और गिल ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई. दोनों ने 9.5 ओवर में 69 रन जोड़े, इससे पहले रोहित तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद की गेंद पर आउट हो गए, जिससे भारत का स्कोर 1 विकेट पर 69 रन हो गया.

इसके बाद विराट कोहली ने 10 गेंदों का सामना करने के बाद अपना खाता खोला. लेकिन वो लेग स्पिनर रिशाद हुसैन की गेंद पर फंस गए और 22 रन पर आउट हुए. श्रेयस अय्यर (15) के जल्दी-जल्दी विकेटों ने भारत को चार विकेट पर 144 रन पर थोड़ा चिंताजनक बना दिया. इसके बाद अक्षर पटेल (8) एक बार फिर नंबर 5 पर पदोन्नत किया गया. पर वो जल्दी आउट हो गए। केएल राहुल का एक समय नौ रन पर जैकर अली ने तस्कीन की गेंद पर कैच छोड़ दिया. लेकिन इसके बाद वो जम गए और 47 गेंदों पर 41 रनों की नाबाद पारी खेली. गिल और राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 87 रन जोड़े और अपनी टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले शमी ने चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति को लेकर कई चिंताओं को भी कम किया और 53 रन देकर पांच विकेट लिए, और इस दौरान वह 200 वनडे विकेट तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज भी बने. हर्षित राणा (3/31) ने अपने सीनियर साथी का अच्छा साथ दिया. वहीं अक्षर पटेल ने भी 2 विकेट झटके.

एसडी क्रिकेट अकादमी, चंडीगढ़ और इंडस वैली क्रिकेट अकादमी, डेराबस्सी ने जीत दर्ज की

चंडीगढ़, 21 फरवरी (एजेंसिया)। एसडी क्रिकेट अकादमी, चंडीगढ़ी और इंडस वैली क्रिकेट अकादमी, डेराबस्सी ने 5वें लता पन्ना लाल मेमोरियल अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने लीग मैच जीते। आज पंचकूला जिला क्रिकेट ग्राउंड पर पहला लीग मैच खेला गया। एसडी क्रिकेट अकादमी, चंडीगढ़ के निखिल को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दूसरे लीग मैच में इंडस वैली क्रिकेट अकादमी, डेराबस्सी के आर्यन यादव (144 रन) को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ओम साईं क्रिकेट अकादमी, मोहाली ने 37.5 ओवर में 192 रन बनाए। वंश कुनार ने 44 रन बनाए, बलराज सिंह बिलिंग ने 38 रन बनाए जबकि रुद्र प्रताप सिंह ने 37 रन बनाए। गेंदबाजी की ओर से निखिल ने 5 विकेट लिए जबकि करणदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसडी क्रिकेट अकादमी ने 34.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। शेरी मान ने नाबाद 83 रन बनाए जबकि लक्ष्य भुल्लर ने 35 रन बनाए। गेंदबाजी की ओर से ऋषित सैनी ने 2 विकेट लिए।

दूसरे लीग मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडस वैली क्रिकेट अकादमी, डेराबस्सी ने 5 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 40 ओवर में 332 रनों का विशाल स्कोर बनाया। आर्यन यादव ने 144 रन बनाए। अनंतपुर सिंह गिल ने 83 रन, जसकरण सिंह ने 33 रन तथा आदित्य लाडू ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए अर्पित वर्मा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमएम क्रिकेट अकादमी, अंबाला ने 33.4 ओवर में 200 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

गद्दाफी स्टेडियम लाहौर की पिच रिपोर्ट, चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जंग

लाहौर, 21 फरवरी (एजेंसिया)। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का चौथा मुकाबला इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होगा। क्रिकेट के दो स्तंभ माने जाने वाले इन दोनों देशों के बीच यह मुकाबला एशेज से कम रोमांचक नहीं होगा। दोनों ही टीमों का यह पहला मैच है तो दोनों ही जीत के लिए कुछ भी करने को तैयार होंगी। एक ओर स्टीव स्मिथ की टीम चोट और रिटायरमेंट की वजह से अपने स्टार खिलाड़ियों के बिना उतर रही है तो दूसरी ओर इंग्लैंड की भी कुछ ऐसी ही हालत है।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की पिच रिपोर्ट

लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम की पिच सामान्यतौर पर धीमी मानी जाती है, जहां तेज गेंदबाजों को शायद ही कोई उछाल मिले। ट्रैक से कुछ हासिल करने के लिए उन्हें अपनी लाइन और लेंथ को बेहतर रखना होगा। हालांकि, स्पिनरों को पिच से सहायता मिलेगी। लेग स्पिनर टर्फ पर सबसे प्रभावी होने की संभावना है।

कतर ओपन में बड़ा उलटफेर, कार्लोस अल्काराज को जिरि लेहेका ने हराया

दोहा, 21 फरवरी (एजेंसियां)। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब 25वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने उन्हें कतर ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। स्पेन के 21 वर्ष के अल्काराज को 2025 में आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने हराया था । इस महीने की शुरूआत में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ने रोटरडम ओपन जीता था। अल्काराज ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैंने अपनी टीम और कोच से बात की है। मुझे नहीं पता कि कहां कमी रह गई। उसने शानदार खेल दिखाया और उसे श्रेय दिया जाना चाहिए।'

अब लेहेका का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने मात्तेओ बेरेतिनी को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। इससे पहले पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव ने दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर को 6 - 1, 3-6, 7-6 से परास्त किया। अब वह कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से खेलेंगे।

|| श्री गणेशाय नमः || || श्री श्याम देवाय नमः || || श्री हनुमंते नमः ||

श्री काँची कामकोठी पीठम्

श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति

श्री श्याम मन्दिर, काचीगुडा के तत्वावधान में भाग्यनगर में पहली बार

फाल्गुण मास के उपलक्ष्य में

रविवार 23 फरवरी 2025

प्रातः 7:01 बजे से

कल रविवार, 23 फरवरी 2025 को श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रथ शोभा यात्रा के पहुंचने पर भक्तों में **श्याम चालीसा** पुस्तिका का वितरण किया जाएगा

श्री श्याम रथ शोभा यात्रा

हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा

facebook LIVE on JK Photography

फाल्गुण मास के उपलक्ष्य में श्री श्याम रथ शोभा यात्रा, रविवार 23 फरवरी को प्रातः 7:01 बजे माहेश्वरी भवन, बेगम बाजार से विशेष रथ पर श्री श्याम बाबा एवं मंदिर के लड्डू गोपाल को विराजमान कर, चाँदी की छत्तर, बाबा की अर्जी, मोर छडी से सुशोभित निशान के साथ गाजे-बाजे के साथ भाग्यनगर के प्रसिद्ध गायकों द्वारा भजन-कीर्तन करते हुए, नाचते-गाते विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री श्याम मंदिर, काचीगुडा पहुँचेगी।

यात्रा मार्ग माहेश्वरी भवन, बेगम बाजार से प्रारम्भ होकर बेगम बाजार छतरी, किराणा मार्केट लेन, सिद्दीअम्बर बाजार, शंकरशेर होटल रोड, गौलीगुडा राम मंदिर, एम.जी. बस स्टैण्ड रोड, चादरघाट, निम्बोली अड्डा होते हुए श्री श्याम मंदिर, काचीगुडा पहुँचेगी।

निशान धारकों को लक्की ड्रा द्वारा पुरस्कार
- प्रथम पुरस्कार: श्याम प्रेमी दम्पत्ती
- द्वितीय पुरस्कार: एक श्याम प्रेमी

हैदराबाद से जयपुर तथा जयपुर से हैदराबाद आने-जाने के लिए हवाई टिकट, जयपुर से खाटू श्यामजी तक कार द्वारा खाटू श्यामजी में दर्शन, रहने एवं भोजन की व्यवस्था

श्री श्याम रथ शोभा यात्रा के अन्तर्गत निशान बुकिंग के लिए इच्छुक श्याम प्रेमी सम्पर्क करें

▶ काचीगुडा – श्री श्याम मंदिर 9100100345 ▶ अत्तापुर – सनराइस वैली 9989027005, श्री बालाजी स्टोर 8790312000 ▶ बालापुर – दीपक एग्रो फुड्स 8179665800 ▶ बेगम बाजार – मईषा इम्पेक्स 9989313131, लक्ष्मी व्येंकटेश्वरा ट्रेडर्स 9030734553 ▶ चारकमान – गजानन किराणा एण्ड जनरल स्टोर 9652179227 ▶ चारमीनार – शर्मा ज्वेलर्स 9000954411 ▶ दिलसुखनगर – गोयल टेक्सटाइल्स 9866761634 ▶ घांसी बाजार – राणी सती दादी मंदिर 7981087857, विष्णु टेक्सटाइल्स (एम.बी. टॉवर्स) 9247184666 ▶ गोशामहल – पूजा प्लाईवुड एण्ड हार्डवेयर 9848085386 ▶ कोमपल्ली – जय ज्योति स्टील इण्डस्ट्रीज 9182196490 ▶ कुकटपल्ली – अक्षय ज्वेलर्स 8008313719 ▶ हिमायतनगर – श्री शगुन मिठाई वाटिका 9849491918 ▶ मलकपेट – आर.के. अग्रवाल स्टोर 7386093809, बाबु जितेश ट्रेडिंग कम्पनी 7780610939, श्री सालासर कारपोरेशन 8125335797 ▶ पटेल मार्केट – टीकमलाल सुरेन्द्रकुमार 9885017000 ▶ पुराना पुल – एकदंत स्टैपल्स 9459996662 ▶ रिकाब गंज (बी.जी. मार्केट) – पूनम साड़ी सेन्टर 9849362123 ▶ सिकन्दराबाद – चोखानी टेक्सटाइल्स 9246364338

महेश्वरी भवन बेगम बाजार में आज सायं 7:00 से निशान बुकिंग की जाएगी।

निशान शुल्क ₹501/-

विभिन्न श्याम मण्डलों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा यात्रा मार्ग में श्री श्याम रथ शोभा यात्रा का स्वागत

मंगला आरती वाले – माहेश्वरी भवन में श्याम प्रेमियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था * श्री श्याम भरोसे समिति – कोटा साड़ी, बेगम बाजार * सात युवा समिति – बेगम बाजार किराणा मार्केट श्री कम्पनी के सामने
हम तो बाबा के भरोसे चलते है – कोलसावाडी चौराहा, बेगम बाजार * मोर छड़ी श्याम के दिवाने, लंगरहौज – स्वास्तिम मिर्च स्टोर, बेगम बाजार * जय श्री श्याम मित्र मण्डल, लंगरहौज – सत्यनारायण प्लास्टिक स्टोर, बेगम बाजार
श्री श्याम प्रेमी – सिद्दीअम्बर बाजार माताजी मंदिर के पास * श्री श्याम सत्संग समिति – प्रहलाद टिफिन सेन्टर के पास, शंकरशेर होटल चौरस्ता * श्री श्याम के लाडले – गौलीगुडा चमन * आप और हम, हैदराबाद – गोल्डन प्रेस, गौलीगुडा
श्री सांवरिया परिवार – चादरघाट, बाहेती स्टील के पास * श्री श्याम मित्र मण्डल, साई बाबा मंदिर, चादरघाट * श्री श्याम डालिया – ट्रैफिक पुलिस स्टेशन, निम्बोली अड्डा
हम सेवक है बाबा के – तुम श्याम रिझाले बंदे – श्याम के प्यारे – हनुमान मंदिर निम्बोली अड्डा * श्री पंकज अग्रवाल – भाजपा आफिस के पास, निम्बोली अड्डा

विशेष नोट - श्री श्याम रथ शोभा यात्रा के अन्तर्गत श्याम बाबा के चरणों में श्याम प्रेमियों द्वारा अर्पित निशान, चाँदी के छत्तर एवं बाबा की अर्जी को 25 से 28 फरवरी तक श्री श्याम मन्दिर, काचीगुडा में अपना कूपन दिखा कर प्राप्त कर सकतें है।

नगरद्वय की प्रमुख श्याम प्रेमी संस्थाएँ : श्री श्याम सत्संग समिति | जय श्री श्याम-श्याम मेरे श्याम | श्याम मित्र मण्डल (सूरजगढ़ निशान) | हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं | श्री श्याम प्रेमी | हम दो श्याम प्रेमी | श्याम के लाडले ॐ जय श्री श्याम मित्र मण्डल | श्याम भरोसे सेवा समिति | श्याम बिहारी के चेले समिति | मासिक श्याम निशान समिति | लाडले श्यामजी के | हम सेवादार हैं | जय श्री श्याम मित्र मण्डल | श्री श्याम धनी मित्र मण्डल श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल | सबसे प्यारे श्याम हमारे | लखदातार परिवार | श्री श्याम मित्र मण्डल | श्री श्याम सेवक परिवार | श्याम युवा मण्डल | ॐ जय श्री श्याम समिति | सांवरिया भक्त मण्डल | श्री श्याम परिवार श्री बाँके बिहारी सेवा समिति | करने वाला श्याम-कराने वाला श्यामश्री श्याम प्रेमी सत्संग समिति | हम सेवक बाबा के | लखदातार परिवार 2 | श्री श्याम भजन मण्डल | श्याम सखा | सांवरिया परिवार | साँवरे के बाँवरे | सेवादार श्याम के | सबका सहारा श्याम सरकार | श्री श्याम सखा मण्डल (लाल बाजार)श्री राम श्याम मित्र मण्डल (सुचित्रा) | श्री श्याम सेवा ट्रस्ट | बाबा तू मेरा और मै तेरा | तू श्याम रिझाले बंदे | श्याम के प्यारे

विशेष निवेदन – रथ शोभा यात्रा में पुरुष सफेद कुर्ता पजामा एवं महिलाएं लाल साड़ी या लाल सूट पहनकर पधारे।

नगरद्वय हैदराबाद-सिकन्दराबाद की सभी श्याम प्रेमी संस्थाएँ एवं श्याम प्रेमी इस अवसर पर सपरिवार एवं इष्ट – मित्रों सहित सादर आमंत्रित है।

यात्रा चेयरमैन : इंद्रकरण अग्रवाल यात्रा वाइस चेयरमैन : अंजनी कुमार अग्रवाल

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : श्री श्याम मंदिर 9100100345, पुरुषोत्तमदास गोयल 9885270280, रामदेव अग्रवाल 9290094565

MPL STEEL PIPES — Issi par hai bharosa

TRUST MPL FOR DURABLE STRUCTURES THAT STAND THE TEST OF TIME

www.mplsteelpipes.com

MADE FROM 100% IS 10748 CERTIFIED HR COIL

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.